www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार,17 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -192 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



भाजपा को हराने में कांग्रेस का साथ दे सपा : कमलनाथ 02
■ राजधानी को अगले साल तक कूड़े के पहाड़ों से...
■ अग्रसेन जयन्ती के अवसर पर सांस्कृतिक... 03
■ हमास का गाजा में इजरायल के साथ अस्थायी...
■ फिलिस्तीन के मुद्दे पर मिश्र का बहुपक्षीय बैठक का प्रस्ताव 07
75 साल की हुई हेमा मालिनी 10

## सार संक्षेप

### 'प्रचार में सेना का इस्तेमाल रोकने में हस्तक्षेप करें राष्ट्रपति'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से अपील करते हुए कहा है कि मोदी सरकार राजनीतिक प्रचार के लिए सेना का इस्तेमाल करना चाहती है वह ऐसा नहीं करे इसलिए राष्ट्रपति को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा भारत की सेना पूरे देश की सेना है और हमें गर्व है कि हमारी बहादुर सेना कभी भी देश की आंतरिक राजनीति का हिस्सा नहीं बनी।

### पुरकायस्थ ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर दर्ज प्राथमिक रद्द करने की गुहार लगाई है। आरोपियों ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से याचिका खारिज करने के आदेश को विशेष अनुमति याचिका के जरिए शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र स्थगित




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष एक दिवसीय सत्र राज्य के मंत्रियों और विधायकों के वेतन में वृद्धि से संबंधित दो विधेयकों पर बिना किसी चर्चा के शुरू होने के 15 मिनट के भीतर ही स्थगित कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय ने दावा किया कि एक पूर्व विधायक के निधन के कारण सत्र स्थगित किया गया है।

### पहली भारत-ब्रिटेन टू प्लस टू बैठक हुई संपन्न



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच रक्षा एवं विदेश मंत्रियों की टू प्लस टू स्तर की पहली बैठक सोमवार को यहां आयोजित की गई जिसमें मौजूदा भूराजनीतिक घटनाओं की समीक्षा करने के साथ ही द्विपक्षीय रणनीतिक साझीदारी के सभी पहलुओं को और मजबूत बनाने के उपायों पर विचार विमर्श किया गया।

### हैदराबाद में 27 किलो से अधिक सोना जब्त



**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने अगले महीने होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले चल रही जांच के दौरान दो अलग-अलग मामलों में 27 किलोग्राम से अधिक सोना, 15 किलोग्राम चांदी और 2.09 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी जब्त की।

---

### राजनीतिक दलों की चुनावी फंडिंग का मामला

# 'चुनावी बांड' पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

**नयी दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को चंदा से संबंधित 'चुनावी बांड' की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष विचार के लिए भेजने का सोमवार को फैसला किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह फैसला कई मामलों को बड़ी पीठ के समक्ष रखने के अनुरोध पर किया। पीठ ने कहा कि मामले के महत्व को देखते हुए संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत याचिकाओं के एक समूह को पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जा सकता है। मामले की सुनवाई पहले ही 31 अक्टूबर को तय की जा चुकी है। शीर्ष अदालत ने 10 अक्टूबर को कहा था कि मामले की अंतिम सुनवाई 31 अक्टूबर और जरुरत पड़ी , तो अगले दिन 01 नवंबर को भी की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्रोतों में शामिल है।



■ 31 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई



■ 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ करेगी विचार

#### सूचना के अधिकार का है उल्लंघन

पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने 10 अक्टूबर की सुनवाई के दौरान कहा था कि चुनावी बांड योजना को इसलिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था। इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है और इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा देता है।

#### 2017 में ही चुनौती दी गई थी

इस योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई थी, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें।

### 26 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहित महिला की 26 सप्ताह से अधिक समय की गर्भावस्था समाप्त करने की उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल पूर्ण न्याय के लिए किया जा सकता है, लेकिन इसका इस्तेमाल हर मामले में नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नयी दिल्ली से कहा कि वह महिला को गर्भावस्था पूरी होने तक जारी रखने के लिए सभी चिकित्सा सहायता और सहायता प्रदान करे। शीर्ष अदालत ने अविकसित बच्चे को समय से पहले जन्म देने के विकल्प की गुहार भी खारिज कर दी और कहा कि यदि माता-पिता चाहें तो सरकार जन्म के बाद बच्चे की देखभाल कर सकती है।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब



**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई और सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 220 पर पहुंच गया। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (एसएएफएआर) के आंकड़ों के अनुसार, पीएम 2.5 176 मध्यम श्रेणी पर रहा। सीपीसीबी के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 263 खराब श्रेणी में दर्ज किया गया, अलीपुर में यह 140 मध्यम श्रेणी में था, जबकि डीटीयू स्टेशन 407 पर गंभीर श्रेणी में था, जिसमें एनओ2 प्रमुख प्रदूषक था। द्वारका सेक्टर 8 में, सीपीसीबी स्टेशन ने 216 एक्यूआई दर्ज किया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है, जबकि आईजीआई पर, यह 90 (मध्यम श्रेणी) था, जिसमें पीएम 10 प्रमुख प्रदूषक था। हालांकि, मुंडका में एक्यूआई 276 खराब श्रेणी में था।

**220 पर पहुंचा वायु गुणवत्ता सूचकांक**

नरेला और डीयू उत्तरी परिसर दोनों में 219 (खराब श्रेणी) एक्यूआई दर्ज किया गया, आर के पुरम में यह 208 पर पहुंच गया, जबकि आईटीओ में मध्यम श्रेणी में 148 दर्ज किया गया, और सिरीफोर्ट में यह 176 पर था जो मध्यम श्रेणी में आता है।

---

# हाई कोर्ट ने सुरेंद्र कोली व मनिंदर को किया बरी

■ बहुचर्चित निठारी कांड के थे आरोपी ■ विभिन्न खंडपीठों ने 134 दिन की सुनवाई

**प्रयागराज,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। बहुचर्चित निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। कई दिनों तक चली बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी कांड के आरोपी मनिंदर सिंह पंढेर व सुरिंदर कोली को फांसी की सजा के खिलाफ अपील पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। फांसी की सजा के खिलाफ दोनों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। विभिन्न खंडपीठों ने 134 दिन की लंबी सुनवाई की। आरोप संदेह से परे साबित न हो पाने के कारण निर्दोष करार देते हुए दोनों को बरी कर दिया गया है। इससे पहले गाजियाबाद की सीबीआई अदालत में इन दोनों आरोपियों पर लड़कियों के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप तय करते हुए मृत्यु दंड की सजा सुनाई थी।



ज्ञात हो कि वर्ष 2006 नोएडा के निठारी में पंढेर की कोठी के पास नाले में नर कंकाल मिले थे। इसके बाद पुलिस ने जांच की तो कई बच्चों के अपहरण, हत्या और दुष्कर्म की कहानियां सामने आई थी। सीबीआई ने इस मामले में 16 केस दर्ज किए थे। मनिंदर के नौकर कोली पर बच्चों की हत्या, अपहरण, दुष्कर्म और सबूत मिटाने का आरोप लगा था। जबकि पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप लगाया गया था।

### मिजोरम पहुंचे राहुल गांधी, बोले

# प्रधानमंत्री को मणिपुर से ज्यादा इजराइल में दिलचस्पी

**आइजोल,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर की तुलना में इजराइल में होने वाली घटनाओं की ज्यादा चिंता है।

3 मई के बाद से हिंसा से जूझ रहा मणिपुर अब एक राज्य नहीं रहेगा, बल्कि जाति के आधार पर दो हिस्सों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह हैरानी की बात है कि देश के प्रधानमंत्री और भारत सरकार को इजराइल-हमास जंग में इतनी दिलचस्पी क्यों है? लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है, इसमें उन्हें दिलचस्पी नहीं है। वहां लोगों की हत्याएं हो रही हैं, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ हो रही है और बच्चों को मार डाला गया। यह शर्म की बात है कि हमारे संघ के नेता मणिपुर में इतना सब होने के बाद भी वहां नहीं गए। कांग्रेस नेता 16 अक्टूबर को



■ राहुल बोले, नोटबंदी से देश को काफी नुकसान हुआ

मिजोरम के आइजोल में जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। राहुल गांधी ने कहा कि जीएसटी छोटे और मध्यम व्यवसायों को खत्म करने के लिए बनाया गया है, यह भारत के किसानों को कमजोर करने के लिए बनाया गया है। आप सभी जानते हैं कि नोटबंदी का क्या हुआ। यह हमारे प्रधानमंत्री का ऐसा आइडिया था जिससे देश को काफी नुकसान हुआ। इससे देश की अर्थव्यवस्था आज तक ठीक नहीं हुई है। राहुल ने आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री की रणनीति को समझना चाहते हैं, तो इसे एक शब्द 'अडानी' में संक्षेपित किया जा सकता है।

#### मिजोरम में 5 किमी पदयात्रा की

जनसभा से पहले राहुल गांधी ने पांच किमी लंबी पदयात्रा निकाली। राहुल ने चानमारी से पदयात्रा शुरू की, जो ट्रेजरी स्क्वायर पर खत्म हुई। इस दौरान वे स्थानीय लोगों से भी मिले।

### कांग्रेस ने घोषित किए 39 उम्मीदवार

■ मिजोरम विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मिजोरम की 40 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम को संस्तुति दी है। मिजोरम विधानसभा की 40 सीटों में से 39 के लिए कांग्रेस ने नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष लाल सवता को एजल दक्षिण-3 से उम्मीदवार बनाया है। ललसावता को एजल पश्चिम-3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है जबकि एजल पूर्व-1 से ललसंगलरा रातले को उम्मीदवार बनाया गया है।

---

### लोकसभा चुनाव से पहले 'इंडिया' गठबंधन से कसी कमर

# देश भर में महिला अधिकार सम्मेलन करेगा विपक्षी गठबंधन

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। संसद से महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने का श्रेय भाजपानीत एनडीए गठबंधन को एक मुश्त न मिले, इसके लिए इंडिया गठबंधन गभीरता से रणनीति बना रहा है। आधी आबादी को अपने पाले में लाने के लिए गठबंधन के दल देश भर में महिलाओ को आगे कर महिला अधिकार सम्मेलन करने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि इसकी शुरुआत पश्चिम बंगाल या बिहार से किया जा सकता है। जिसमें गंठबंधन की महिला नेत्री एक स्वर में तत्काल महिला आरक्षण को लागू करने और इसमें कोटा के तहत कोटा तय कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की तरह ही पिछडे वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण के दायरे में लाए जाने की मांग की जाएगी। साथ ही भाजपा पर निशाना बनाते हुए इसे महिला अधिकारों का पैरोकार नहीं बल्कि विरोधी साबित करने की कोशिश होगी और बताया जाएगा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रही है। गठबंधन के नेताओ की कोशिश होगी कि इस तरह का सम्मेलन देश के प्राय: हर लोकसभा क्षेत्र में हो।




■ पश्चिम बंगाल या बिहार से की जा सकती है शुरुआत

#### अगले माह हो सकता है आयोजन

सूत्र बता रहे हैं कि अगले माह नवम्बर से इस सम्मेलन की शुरुआत की जा सकती है। गौरतलब है कि इसी मुद्दे पर विचार करने के लिए इंडिया गठबंधन की महिला नेताओ की एक बैठक चेन्नई में हुई है। जहां कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी,एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले,सपा सांसद डिंपल यादव,टीएमसी की सांसद सुष्मिता देब, आप विधायक राखी बिडलान, नीतीश सरकार में मंत्री लेसी सिंह,डीएमके की सांसद कनिमोझी और पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती एक मंच पर नजर आईं थी।

# चार राज्यों में आईटी की छापेमारी, 94 करोड़ जब्त

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। आयकर (आईटी) विभाग ने कुछ सरकारी ठेकेदारों, रियल एस्टेट डेवलपर्स के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियान में 94 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी के साथ-साथ 8 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के आभूषण जब्त किए हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार 12 अक्टूबर को कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और दिल्ली में 55 परिसरों में छापेमारी की गई।





**8 करोड़ रुपए के आभूषण भी जब्त किए गए**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कलाई घड़ियों के कारोबार से जुड़े एक निजी वेतनभोगी कर्मचारी के परिसर से विदेशी निर्मित लगभग 30 लक्जरी घड़ियां बरामद की गई। छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बेहिसाब नकदी लेनदेन के खुलासे हुए। करदाताओं, उप-ठेकेदारों और कुछ नकदी संचालकों सहित सहयोगियों के परिसरों की तलाशी के दौरान बड़े पैमाने पर बेहिसाब नकदी लेनदेन के साक्ष्य मिले। दस्तावेजों की हार्ड कॉपी और डिजिटल डेटा के रूप में बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। कर चोरी की कार्यप्रणाली से पता चलता है कि ये ठेकेदार फर्जी खरीद की बुकिंग, उप-ठेकेदारों के साथ खर्चों का गलत दावा और न होने वाले खर्चों का दावा करके खर्चों को बढ़ाकर अपनी आय को कम करने में शामिल थे।

# झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रहे मोदी : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री केजरीवाल ने सोमवार को एक्स कर कहा, यह 2015 की घटना है। मोदी सरकार 2015 से मुझे झूठे केसों में फंसाने की कोशिश कर रही है। लोगों पर तरह तरह के दबाव बना कर उन्हें मेरे खिलाफ बयान देने के लिए कहा जाता है।

■ 'मेरे खिलाफ बयान देने के लिए दबाब बनाया जाता है'

कई लोगों को तो यातनाएं भी दी गईं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए काम करने के बजाय 24 घंटे अपने विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाने के षड्यंत्र रचते रहते हैं।

### परेशानी | एलओसी पर अगले दो महीने भारी

# बर्फ गिरने से पहले आतंकियों को धकेल रही पाक सेना

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। हालांकि सेना का मानना है कि फरवरी 2021 में सीमाओं पर सीजफायर के नवीनीकरण के उपरांत घुसपैठ थम सी गई थी पर अब पाक सेना अपने यहां रूके पड़े आतंकियों को इस ओर धकेलने को जोर लगा रही है। कश्मीर में पाक सीमा से सटे क्षेत्रों में पिछले कुछ महीनों से बढ़ती घुसपैठ की घटनाओं के बाद सेना का कहना था कि अगले दो महीने एलओसी के लिए भारी साबित इसलिए हो सकते हैं पाक सेना अब सीजफायर के बावजूद घुसपैठ को कामयाब बनाने की खातिर कवर फायर भी देने लगी है जिसके कारण सीजफायर दांव पर लगने लगा है। सेना प्रवक्ता के बकौल, नार्थ कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की घटनाएं कम तो हुई हैं पर जून से लेकर अब तक घुसपैठियों ने नाक में दम कर रखा है। यह बात अलग है कि

■ घुसपैठ के लिए कवर फायर दे रही पाक सेना



सेना कहती थी कि अब आतंकियों को धकेलने के स्थान पर तस्करी के प्रयास ज्यादा हो रहे हैं जिनमें नशीले पदार्थों के अतिरिक्त गोला-बारूद भी लाने की कोशिश की जा रही है।

#### 2021 में 73 घुसपैठ के प्रयास हुए थे

अगर आंकड़ों पर एक नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2020 में एलओसी पर 99 तथा 2021 में 73 घुसपैठ के प्रयास हुए थे। पर पिछले साल और अबकी बार यह फिर से रिकार्ड तोड़ने लगे हैं। कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह भी कई बार अपनी प्रेस कांफ्रेंसों में यह कहते रहे हैं कि कश्मीर में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के लिए पाक सेना घुसपैठ पर जोर दे रही है। ऐसा ही सेना की वज्र डिवीजन के जीओसी गिरीश कालिया का कहना था कि चाहे दोनों मुल्कों के बीच सीजफायर 'कायमाब' हो रहा है पर मिलने वाली सूचनाएं कहती हैं कि पाक सेना घुसपैठ को और बढ़ाने की खातिर अपनी योजनाओं पर काम कर रही है जिन्हें पछाड़ने की खातिर भारतीय सेना ने भी कमर कस ली है और वे मानते थे कि अगले दो महीने एलओसी पर भारी साबित हो सकते हैं।

# देश

उवाच



भाजपा को निर्णायक रूप से हराना भारत में हर लोकतांत्रिक ताकत के लिए ऐतिहासिक अनिवार्यता है तथा इंडिया गठबंधन की जीत न केवल महिलाओं बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी।

-एम.के.स्टालिन, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 20.0 |
| मुंबई | 31.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# तेजस्वी को आधिकारिक यात्रा पर जापान जाने की मिली अनुमति

**■ दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट से राजद नेता को मिली बड़ी राहत ■ आईआरसीटीसी होटल टेंडर घोटाला मामले में हैं आरोपी**

**पटना,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव अब आसानी से विदेश दौरे पर जा सकेंगे। राउज एवेन्यु कोर्ट ने उन्हें विदेश यात्रा पर जाने की इजाजत दे दी है। तेजस्वी 24 अक्टूबर से 1 नवंबर के लिए जापान जाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने कोर्ट से जापान जाने और पासपोर्ट रिलीज करने के निर्देश जारी करने की मांगी थी। तेजस्वी जमीन के बदले नौकरी और आईआरसीटीसी होटल टेंडर घोटाला मामले में आरोपी है। तेजस्वी यादव आईआरसीटीसी घोटाला और नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में आरोपी हैं। इसी वजह से उनका पासपोर्ट सीज किया गया था। इसी वजह से उन्होंने कोर्ट से अनुमति मांगी थी, जिसे मान लिया गया है।

सूत्रों का कहना है कि तेजस्वी यादव जलवायु परिवर्तन समिट में हिस्सा लेने के लिए जापान जाने वाले हैं। उन्होंने कोर्ट से अपील की थी कि 24 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच वह ऑफिशियल यात्रा पर विदेश जाना चाहते हैं, इसलिए उन्हें इजाजत दी जाए। कोर्ट ने उनकी अर्जी मंजूर कर ली है। ऐसे में माना जा रहा है कि तेजस्वी यादव 24 नवंबर से 1 नवंबर के बीच विदेश जा सकते हैं। बता दें, बिहार में दबी जुबान से तेजस्वी की ताजपोशी की बातें भी हो रही हैं। दरअसल, जातिगत सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से ही बिहार की सियासत में हलचल है।



आबादी के अनुरूप आरक्षण और जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात हो रही है। इस बीच विभिन्न जातियों के नेता अपनी-अपनी जातियों को प्रतिनिधित्व देने की मांग कर रहे हैं। जातीय सर्वे के आंकड़ों पर गौर करें तो बिहार में यादवों की संख्या 14 प्रतिशत से अधिक है। यादव जाति से डिप्टी सीएम तेजस्वी हैं और उन्हें 17.70 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले मुस्लिम समुदाय का पूरा समर्थन होने का दावा किया जाता है। ऐसे में दबी जुबान से ही सही, 2.87 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कुर्मी जाति से आने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सीएम की कुर्सी छोड़ने और तेजस्वी यादव की को सीएम बनाने की बातें भी सियासी गलियारों में में उठने लगी है।

### शेल कंपनी को दिया था टेंडर

बाद में इस आबंटन के एवज में पटना में करोड़ों की जमीन एक शेल कंपनी डिलाइट मार्केटिंग कंपनी (जो अब लारा प्राइवेट कंपनी के नाम से जानी जाती है) को ट्रांसफर कर दिया गया था। माना जाता है कि यही लालू की बेनामी संपत्ति है।सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना के हाथ में इस केस की जिम्मेदारी है।

सीबीआई के मुताबकि प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि होटल आवंटन में गड़बड़ियां हुई हैं। होटल लीज पर देने के बदले जमीन ली गई। 65 लाख में 32 करोड़ की जमीन ली गई।

### क्या है आईआरसीटीसी टेंडर घोटाला

गौरतलब है कि साल 2004 में जब लालू यादव रेलमंत्री थे तब रेलवे के दो होटलों को आईआरसीटीसी को ट्रांसफर किया गया था। इनकी देखभाल करने के लिए टेंडर जारी किए गए थे। बाद में यह पाया गया कि टेंडर बांटने में गड़बड़ियां हुई हैं। लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे के पुरी और रांची स्थित दो होटलों का आवंटन कोचर बंधु की कंपनी सुजाता होटल को नियमों को ताक पर रखते हुए कर दिया था।

# मुंबई में अमृत काल विजन जारी करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के तीसरे संस्करण में भारतीय समुद्री ब्ल्यू इकॉनोमी के लिए दीर्घकालिक रोडमैप अमृत काल विजन 2047 जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी मंगलवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। यह शिखर सम्मेलन 17 से 19 अक्टूबर तक मुंबई के एमएमआरडीए मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय ब्ल्यू इकॉनोमी के लिए दीर्घकालिक रोडमैप अमृत काल विजन 2047 का अनावरण करेंगे। इस रोडमैप में बंदरगाह सुविधाओं को बढ़ाने, टिकाऊ कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने और अंतराष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से रणनीतिक पहल की रूपरेखा बताई गई है। इस अत्याधुनिक योजना के अनुरूप, प्रधानमंत्री 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री गुजरात में दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में साढ़े चार हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले टूना टेकरा ऑल वेदर डीप ड्राफ्ट टर्मिनल की आधारशिला रखेंगे। इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड टर्मिनल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से विकसित किया जाएगा। इस टर्मिनल के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में उभरने की संभावना है। यह टर्मिनल 18 हजार टीईयू (बीस फुट के बराबर इकाई) से अधिक भावी पीढ़ी के जहाजों का रख-रखाव करेगा।



**■ 19 अक्टूबर तक आयोजित होगा शिखर सम्मेलन**

# पांच पैसे के लिए भी नहीं कहता कांग्रेस हाईकमान : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को उन आरोपों राजनीति से प्रेरित और आधारहीन बताते हुए खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि आयकर विभाग की ओर से की गई छापेमारी में जब्त नकदी का कांग्रेस पार्टी से संबंध है। एक दिन पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि एक ठेकेदार और उसके बेटे से 42 करोड़ रुपए समेत नकदी जब्त की गई है, जिनका संबंध कांग्रेस से था। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया था कि सिद्धारमैया सरकार राज्य को एटीएम की तरह इस्तेमाल कर रही है।

**■ मुख्यमंत्री ने भाजपा के आरोपों का किया खंडन**

भाजपा के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि जब्त की गई नकदी को पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में लगाया जाना था, सिद्धारमैया ने कहा, हमारा इससे (जब्त किए गए पैसे से) कोई संबंध नहीं है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उन्हें खुद की लड़ाई लड़नी चाहिए। जब हम चुनाव लड़ते हैं तो अन्य राज्यों से धन के लिए कहते हैं। जनता ही आशीर्वाद देती है।



पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अब तक पांच पैसे के लिए भी नहीं कहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एचडी कुमार स्वामी की आयकर विभाग की छापेमारी में जांच की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा कि हमें क्यों जांच करनी चाहिए।यह आयकर विभाग जांच करे। आयकर विभाग ने छापेमारी की है और उसे ही जांच करनी चाहिए। मेरी सरकार को क्यों करना चाहिए (राज्य) सरकार के खिलाफ कहां आरोप हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति से प्रेरित बयानों के आधार प र कोई भी जांच नहीं की जा सकती।

### हमारे राज्य का अन्य राज्यों के चुनाव से कोई संबंध नहीं

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा िहमारे राज्य का अन्य राज्यों के चुनाव से कोई संबंध नहीं है। जब उसे सीटी रवि के आरोपों के बारे में पूछा गया कि विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कर्नाटक में कांग्रेस को एक हजार करोड़ रुपये का धन संग्रह करने का लक्ष्य दिया गया है। सिद्धारमैया ने कहा कि वह भाजपा नेता की आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे जो केवल झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा, क्या कोई भी कर्नाटक से एक हजार करोड़ रुपए इकट्ठा करने के लिए कह सकता है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में चाकू मारने के आरोप में दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को श्रीनगर में एक युवक को कथित तौर पर चाकू मारने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गत शनिवार को जवाहर नगर श्रीनगर में एक युवक को चाकू मारने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके पास से हथियार भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी इखराजपोरा निवासी उमर फैयाज और जवाहर नगर के इमरान मुश्ताक वानी हैं।

### उत्तराखंड में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**नैनीताल।** उत्तराखंड के सीमांत पिथौरागढ़ जिले में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र नेपाल रहा। इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किमी नीचे रही है। इसलिए किसी जानमाल की आशंका नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेश महर ने बताया कि जिले में अभी तक किसी नुकसान की सूचना नहीं मिली है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से नेपाल से सटे भूभाग में लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। अभी तक इनका केन्द्र नेपाल ही रहा है।

### ईडी के सामने हुए पेश अभिषेक के पीए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के तृणमूल कांग्रेस (तृंका) के महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी के निजी सहायक सुमित रॉय सोमवार को शिक्षक भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुए। रॉय समन के लिए सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक स्थित केंद्र सरकार कार्यालय परिसर में पहुंचे। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद, ईडी मनी ट्रेल्स की जांच कर रही है। कथित शिक्षक भर्ती घोटाला जिसमें कई शीर्ष राजनेता जांच के दायरे में हैं और तत्कालीन वाणिज्य मंत्री पार्थ चटर्जी, पूर्व शिक्षा मंत्री सहित कई अन्य लोग एक साल से अधिक समय से जेल में हैं। रॉय ने ईडी के नोटिस को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया था।

### पीलीभीत में जंगली हाथियों ने ली किसान की जान

**पीलीभीत।** उप्र में पीलीभीत जिले के सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली करने गए बुजुर्ग किसान पर जंगली हाथियों के झुंड ने हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह खेत पहुंचे परिजनों को किसान का शव पड़ा मिला। पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर आलोक सिंह ने पत्रकारों को बताया कि हाथी के हमले मे बुजुर्ग किसान की मौत हुई है।

# बिहार में सिपाही को गोलियों से किया छलनी

**पटना,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के वैशाली जिले में एक बार फिर अपराधियों ने बिहार की पुलिस व्यवस्था पर हमला करते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार वैशाली के सराय बाजार इलाके में अपराधियों ने एक सिपाही को गोलियों से छलनी कर दिया, जिसके बाद इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई। घटना सराय थाना क्षेत्र के सराय बाजार स्थित सूरत की है। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम सूरत चौक स्थित यूको बैंक के पास खड़ी थी। इसी बीच तीन अपराधी बैंक में प्रवेश कर रहे थे जिन्हें पुलिसकर्मियों ने रोका जिसके बाद सभी अपराधी भागने लगे जिसमें से दो अपराधियों को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। जबकि भाग रहे एक अपराधी के पीछे सिपाही अमिताभ कुमार दौड़ने लगे कुछ दूर जाकर अपराधी ने सिपाही अमिताभ को गोली मार दी। आनन-फानन में घायल सिपाही को हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया, जहां से एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया।लेकिन, सिपाही को नहीं बचाया जा सका और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सिपाही अमिताभ कुमार मुंगेर जिले के खड़गपुर के रहनेवाले थे। बताया जा रहा है कि सभी अपराधी बैंक में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे लेकिन उससे पहले ही यह घटना घट गई, जिस गाड़ी से पुलिस टीम सूरत चौक पर गई थी उसके चालक रमेश कुमार ने बताया कि अमिताभ अकेले ही अपराधी को पकड़ने के लिए दौड़ रहे थे, जिसके कारण ही भाग रहे अपराधी ने सिपाही को चार गोली मार दी।

**■ इलाज के दौरान हुई मौत**

# भाजपा को हराने में कांग्रेस का साथ दे सपा : कमलनाथ

**भोपाल,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से 144 प्रत्याशी घोषित किए जाने के अगले दिन सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि समाजवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए कांग्रेस के साथ आए। कमलनाथ ने यहां कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि रविवार को घोषित सूची में 65 उम्मीदवार 50 से कम उम्र के हैं और 19 महिलाएं हैं।

**■ मप्र विस चुनाव के शेष उम्मीदवारों की सूची जल्द होगी जारी**

लगभग चार हजार लोगों ने टिकट के लिए आवेदन दिए थे। सबसे चर्चा करके और राय लेकर नाम घोषित किए गए हैं। टिकट वितरण चुनौती थी। अगले 2 से 3 दिन में बाकी सीटें घोषित हो जाएंगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की आम आदमी पार्टी (आप) और समाजवादी पार्टी (सपा) से बातचीत हो रही है। केंद्र के इंडिया एलायंस के स्तर पर चर्चा चल रही है, पर उसका फोकस लोकसभा चुनाव पर है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि सपा भाजपा को हराने में पार्टी का साथ दे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के संदर्भ में कहा कि उन्हें इस बात के लिए धन्यवाद कि उनका उद्देश्य भाजपा को हराना है। हालांकि दोनों दलों के बीच टिकट वितरण को लेकर उन्होंने कहा कि हमें स्थानीय स्थिति भी देखनी होती है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र बुधनी में कांग्रेस की ओर से टीवी कलाकार विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारने पर कमलनाथ ने कहा कि बुधनी में कलाकार वर्सेज कलाकार का चुनाव है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच डिबेट करानी चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कौन बड़ा कलाकार है।



पार्टी की पहली सूची में 65 उम्मीदवार 50 से कम उम्र के : कमलनाथ

टिकट वितरण के बाद की कथित नाराजगी पर उन्होंने कहा कि सभी उनसे चर्चा के दायरे में हैं। पार्टी का लक्ष्य सामाजिक न्याय है, ऐसे में जाति समीकरण भी देखना पड़ता है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने भाजपा नेतृत्व से पूछा कि वे चौहान को मुख्यमंत्री पद का चेहरा क्यों नहीं घोषित कर रहे हैं। छिंदवाड़ा की छह सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उसकी घोषणा उनके पुत्र और सासंद नकुलनाथ करेंगे। छिंदवाड़ा की घोषणा पहले वहीं होगी, उसके बाद दिल्ली से होगी।

### दिग्विजय के इस्तीफे से जुड़े पत्र मामले में एफआईआर दर्ज

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के कथित इस्तीफे के मामले में मध्य प्रदेश पुलिस की अपराध शाखा ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भोपाल पुलिस अपराध शाखा ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि इस मामले में फरियादी रहे कांग्रेस प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने इस एफआईआर को लेकर कहा कि अपराध शाखा ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कांग्रेस को लॉलीपॉप दिया है। कल सोशल मीडिया पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिंह का एक कथित इस्तीफा वायरल हुआ था। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता डॉ.हितेष वाजपेयी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी ये पत्र पोस्ट किया गया था। इसके बाद कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने सायबर सेल को शिकायत सौंप कर डॉ वाजपेयी पर सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि डॉ. वाजपेयी ने सिंह का षड्यंत्रपूर्वक लेटरहेड बनाकर उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से त्याग पत्र देने के संबंध में कूट रचित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल किया है।



# आज बहुत अच्छी फसल पैदा कर रहा है भुवनगिरि : चंद्रशेखर राव

**भुवनगिरि,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने सोमवार को भुवनगिरि में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को गुलाम बनाने वाली कांग्रेस का शासन फिर से आने से बचाव करने के लिए सावधानी बरतें। यह बहुत बड़ा खतरा मंडरा रहा है। लोगों से अनुरोध है कि वे सावधानी बरतें, विचार करें और निर्णय लें। भुवनगिरी में आयोजित प्रजा आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि भुवनगिरि एक सूखा क्षेत्र था जो आज बहुत अच्छी फसल पैदा कर रहा है। हमने यहां गोदावरी का पानी और दो या तीन नहरें लाने के लिए कई लड़ाइयां लड़ी हैं। हमने कई सपने देखे। नहर का काम चल रहा है, इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। हमने लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी के आशीर्वाद से इस जिले का नाम यदाद्री भुवनगिरि जिला रखा है। यदि तेलंगाना राज्य नहीं बनता तो भुवनगिरी जिले का अस्तित्व ही नहीं होता। इस सीट से शेखर रेड्डी फिर से जीतेंगे। बसवपुर जलाशय जो 98 प्रतिशत पूरा हो चुका है, नृसिंह सागर को शुरू किया जाएगा।




**■ केसीआर ने भुवनगिरी में जनसभा को संबोधित किया**

### हम लाएं है धरणी पोर्टल

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि हम धरणी पोर्टल लाए हैं ताकि किसानों की जमीन पर किसानों का अधिकार हो। पीढ़ियों से चली आ रही जमीनें कई कठिनाइयों के बाद सुरक्षित की जाती हैं। जमीन पर सबसे निचले स्तर से लेकर उच्चतम स्तर तक सभी का अधिकार है। भूमि पंजीकरण में भी कई चरण शामिल होते हैं। पंजीकरण जिस मंडल के लिए होता है उस मंडल में किया जाता है। एक की ज़मीन दूसरे के पास नहीं जा सकती। पंजीकरण केवल मंडलों में ही किए जाते हैं। यदि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आती है, तो वे धरणी पोर्टल को रद्द कर देंगे। धरणी पोर्टल बंद करते ही हमारी जमीनों पर अधिकार खत्म हो जाएगा। फिर से तहसील कार्यालयों और न्यायालयों के चक्कर लगाने की स्थिति बनेगी। सरकार ने आपको सिर्फ अपने अंगूठे से अपनी जमीन बदलने का अधिकार दिया है।

# बिहार विस का शीतकालीन सत्र छह नवंबर से

**पटना,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की तारीखों का एलान कर दिया गया है। आगामी 6 नवंबर से बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होगा, जो 10 नवंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान पांच बैठकें होंगी। पांच दिनों तक चलने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार कई प्रस्तावों को पास करेगी। इस दौरान जातीय गणना से जुड़ा प्रस्ताव भी सरकार दोनों सदनों से पास कराएगी। इसको लेकर विधानमंडल की दोनों सदनों में चर्चा कराई जाएगी। बता दें कि जातीय गणना के आंकड़ों पर उठ रहे सवाल पर पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि वे जातीय गणना की रिपोर्ट को सदन में रखेंगे और इसपर चर्चा के बाद सभी की राय जानने के बाद सरकार इसपर निर्णय लेगी और इसके बाद ही आरक्षण का दायरा बढ़ाने को लेकर फैसला लिया जाएगा।



# त्रिपुरा में लोस चुनाव से पहले हो जाति आधारित जनगणना : कांग्रेस

**अगरतला,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में जाति आधारित जनगणना की मांग की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने कहा कि कांग्रेस ने यहां पार्टी की अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी)/अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)/अल्पसंख्यक इकाइयों की एक संयुक्त बैठक की और जमीनी स्तर पर गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई। साहा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ओबीसी समुदायों को लाभ प्रदान करने के लिए जाति जनगणना को तत्काल लागू करने की कांग्रेस की मांग को जानबूझ कर नजरअंदाज कर रही है। चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए भाजपा ने दिखावा करने और देशवासियों को बेवकूफ बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक संसद में पारित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए इसे एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने के इरादे से पिछले कई वर्षों तक इस बिल को दबाए रखा था, लेकिन इस अधिनियम से देश की महिलाओं को कैसे लाभ होगा, इसके बारे में अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है। देश की महिलाएं असुरक्षित हो गई हैं और महिलाओं पर अत्याचार कई गुना बढ़ गए हैं, लेकिन सजा आज भी सबसे न्यूनतम है। कांग्रेस द्वारा बार-बार समाज के समग्र विकास के लिए देश में जाति जनगणना की मांग करने के बावजूद केंद्र सरकार संविधान के परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखा रही है।



**पार्टी की मांग को जानबूझ कर नजरअंदाज करने का लगाया आरोप**

रिपोर्ट | *चुनावी राज्य मिजोरम को लेकर एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा*

# 39 में से 35 विधायक करोड़पति, विस में एक भी महिला विधायक नहीं

**■ डा.कला अय्यर**

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मिजोरम इलेक्शन वॉच द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मिजोरम के मौजूदा विधायकों में से कम से कम 35 विधायक (विधानसभा के सदस्य) करोड़पति हैं। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के 27 में से।**

23 (85 फीसदी) विधायकों ने 1 करोड़ से अधिक की संपत्ति घोषित की है। ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी विधायक करोड़पति हैं। सबसे अधिक नेटवर्थ वाले विधायक एमएनएफ के रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे हैं, जिनकी संपत्ति लगभग 44.75 करोड़ है। एमएनएफ के रामथन माविया की कुल संपत्ति लगभग 17 करोड़ है और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट के लालछुआनथंगा ने 13 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। सबसे कम नेटवर्थ वाले विधायक टीजे लालनंटलुआंगा हैं, जिनकी संपत्ति 43.6 लाख है। मिजोरम के एक मौजूदा विधायक की संपत्ति की औसत कीमत 4.8 करोड़ है। यह आंकड़ा कांग्रेस विधायकों के लिए सबसे अधिक है, जिनके पास औसतन 5.13 करोड़ की संपत्ति है, जबकि भाजपा के लिए यह सबसे कम है, जिनके एक विधायक की औसत संपत्ति 3.31 करोड़ है। आगामी मिजोरम विधानसभा चुनाव 7 नवंबर को होंगे और मतगणना 3 दिसंबर को होगी। सत्तारूढ़ एमएनएफ, जो भाजपा के नेतृत्व वाले नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) का हिस्सा है, को ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम), कांग्रेस और भाजपा द्वारा चुनौती दी जाएगी। विश्लेषण किए गए 27 एमएनएफ विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 4.99 करोड़ रुपए है, जबकि विश्लेषण किए गए छह जेडपीएम नेताओं की प्रति विधायक औसत संपत्ति 3.89 करोड़ रुपए है, विश्लेषण किए गए पांच कांग्रेस विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 5.13 करोड़ रुपए है और एक भाजपा विधायक की संपत्ति 3.31 करोड़ रुपये है। मिजोरम में सबसे अमीर विधायक रॉबर्ट रोमाविया रॉयटे एमएनएफ आइजोल से हैं, जो दक्षिण विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनकी संपत्ति 44.74 करोड़ रुपये है। रॉयटे के बाद 16.98 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ एमएनएफ विधायक रामथनमाविया हैं। वह पूर्वी तुईपुई की विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। विधायक जेडपीएम के लालछुआनथंगा ने 12.94 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 27 विधायकों ने अपने हलफनामे में देनदारियों की घोषणा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौ (23 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं पास और 12वीं पास के बीच घोषित की है। जबकि 29 (74 प्रतिशत) विधायकों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है।



**■ मिजोरम विस चुनाव सात नवंबर को होंगे**

उल्टा पुल्टा

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।
डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।
सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं

# राजधानी को अगले साल तक कूड़े के पहाड़ों से मिलेगी मुक्ति : शैली

**दिल्ली को दुनिया का सबसे साफ शहर बनाने की दिशा में किया जा रहा काम : शैली ओबरॉय**



- **मेयर ने निगम के अनुभवों को प्रतिनिधिमंडल के साथ किया साझा**
- **दिल्ली नगर निगम के मॉडल को देखने आया कोझिकोड नगर निगम का प्रतिनिधिमंडल**

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। एमसीडी की आप सरकार के मॉडल को देखने के लिए कोझिकोड नगर निगम का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली आया। दिल्ली नगर निगम द्वारा की गई कचरा प्रबंधन व्यवस्था और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के मॉडल को समझा है। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में शामिल 50 से अधिक पार्षदों ने सिविक सेंटर में मेयर डॉ.शैली ओबरॉय से भी मुलाकात की है। इस अवसर पर निगम अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को प्रजेंटेशन के माध्यम से निगम की कचरा प्रबंधन व्यवस्था, लैंडफिल साइटों पर कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया, व स्रोत पर ही कूड़े को अलग-अलग करने आदि के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने दिल्ली नगर निगम के अनुभवों को प्रतिनिधिमंडल के साथ साझा किया और साथ ही प्रतिनिधिमंडल के पार्षदों से उनके अनुभवों पर भी चर्चा की। मेयर ने प्रतिनिधि मंडल को दिल्ली नगर निगम द्वारा की जा रही श्रेष्ठ पद्धतियों से भी अवगत कराया। मेयर ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में तीनों कूड़े के पहाड़ों का निस्तारण किया जा रहा है। अगले साल तक दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्ति मिल जाएगी। इसके अलावा दिल्ली को दुनिया का सबसे साफ शहर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। गार्बेज वर्नेबल प्वाइंट्स की पहचान कर कूड़े के ढेरों से दिल्ली को मुक्ति दिलाई जा रही है। एमसीडी 311 ऐप के माध्यम से शिकायतों को दूर किया जा रहा है। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने इस पर खुशी जतायी और कहा कि दिल्ली नगर निगम की बेहतर नीतियों, कार्यक्रमों और श्रेष्ठ पद्धतियों को वे कोझिकोड नगर निगम में भी लागू करेंगे।


### बाह्य संग्रहालय व शहीदी पार्क का किया भ्रमण

वहीं कोझिकोड नगर निगम के 55 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली नगर निगम के आईटीओ स्थित भारत के पहले बाह्य संग्रहालय पार्क-शहीदी पार्क का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने 4.5 एकड़ क्षेत्र में फैले इस पार्क में स्क्रैप व वेस्ट से देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता के लिए विभिन्न कालखंडों में अपनी जान न्यौछावर करने वाले वीरों की कलाकृतियों को रुचि लेकर देखा और इस पार्क की भव्यता, व्यापकता व सुन्दरता से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि यह अनोखा पार्क दिल्ली को नयी पहचान दे रहा है और इस तरह का पार्क वह कोझिकोड शहर में भी बनाएंगे।

## कुछ लोग बदनाम करने के लिए कर रहे ओवर टाइम : अडानी

**महुआ मोइत्रा को लेकर अडानी समूह ने किया दावा**

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। अडानी समूह ने सोमवार को टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में बयान जारी कर आरोप लगाया है कि कुछ लोग उन्हें बदनाम करने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे है। समूह के प्रवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने हाल ही में सीबीआई के समक्ष एक शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें एक शपथपत्र पेश कर विस्तृत आपराधिक साजिश का जिक्र किया गया है। प्रवक्ता ने आरोप लगाया है कि यह साजिश तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और हीरानंदानी समूह के सीईओ दर्शन हीरानंदानी के कार्यो के इर्द-गिर्द घूमती है। बता दें कि महुआ के खिलाफ आरोप है कि वे और हीरानंदानी ने संसदीय प्रश्नों की एक श्रंखला के माध्यम से गौतम अडानी और उनकी कंपनियों के समूह को विशेष रूप से लक्षित करने की योजना बनाई। हालांकि हीरानंदानी समूह ने टीएमसी सांसद महुआ को रिश्वत देने के आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है।




अडानी समूह के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि यह हालिया घटनाक्रम उनके नौ अक्टूबर के पहले के बयान को विश्वसनीयता प्रदान करता है। उन्होंने कहाकि यह घटनाक्रम उनके उस बयान की पुष्टि करता है,जिसमें कहा गया था कि कुछ समूह और व्यक्ति उनके नाम, सद्भावना और बाजार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए ओवर टाइम काम कर रहे है। गौरतलब हैकि इससे पहले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष आम बिरला को संसद में सवाल पूछने के लिए नकदी लेने का मोइत्रा पर आरोप लगाते हुए खत लिखा था।

## चंद्रयान-3 की झांकी से सजा मां दुर्गा पूजनोत्सव प्रांगण का मुख्य द्वार

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में नवरात्र की शुरुआत के साथ मां दुर्गा पूजन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विपिन गार्डन एक्सटेन्सन स्थित जननी जन कल्याण समिति के तत्वावधान में भी पूरे उत्साह के साथ रविवार 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 मंगलवार तक 14 वां शारदीय माँ दुर्गा पूजनोत्सव मनाया जा रहा है। विशेष बात यह है कि चंद्रयान 3 की आकर्षक झांकी से मां दुर्गा पूजनोत्सव प्रांगण के मुख्य द्वार को सजाया गया है। कार्यक्रम में प्रतिदिन हजारों भद्धालु भगवती पूजन के साथ-साथ भजनामृत का आनंद उठा रहे हैं। यू-ट्यूब चैनल के लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से सनातन धर्म का प्रसार किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन मां दुर्गा की आराधना एवं साढ़े सात बजे संध्याकालीन महा आरती से की जाती है। दुर्गा पूजनोत्सव में महिला सदस्यों द्वारा प्रतिदिन दोपहर में तथा पुरुष सदस्यों द्वारा सायं काल में मां की भजन कीर्तन से प्रांगण भक्तिमय हो जाता है। इस अवसर पर भक्तों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मां दुर्गा पूजनोत्सव प्रांगण में आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र, खोया पाया केंद्र बच्चों के झूले विविध भारतीय पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था की गई है। मां दुर्गा पूजनोत्सव प्रांगण के मुख्य द्वार को अभूतपूर्व राष्ट्रीय उपलब्धि चंद्रयान 3 की आकर्षक झांकी से सजाया गया है, जो पूजनोत्सव में अधद्वितिय छटा बिखेर रही है। कार्यक्रम के संचालन में नवल किशोर ठाकुर, धिरेन्द्र मोहन, सुधीर, अरुण सिंह, बी के पाण्डेय, संदीप सिंह, अजय संग कॉलोनी की सभी माताओं बहनों एवं सभी पुरुष सदस्यों का भी भरपूर सहयोग दृष्टिगोचर हो रहा है।

## सार संक्षेप

### कल्याण ज्वेलर्स ने तीन नए शोरूम किए लांच

**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वेलर्स ने दिल्ली के जनकपुरी, करोल बाग और कमला नगर में 3 शोरूम लॉन्च किए। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने उक्त स्थानों पर इन पुनर्निर्मित शोरूम का उद्घाटन किया। करोल बाग का नए सिरे से डिज़ाइन किया गया शोरूम, पूसा रोड पर स्थित है, जबकि कमला नगर में यह बंगला रोड पर और जनकपुरी में ब्लॉक ए-1 में स्थित है। इन शोरूम में कल्याण ज्वेलर्स के अलग-अलग किस्म के कलेक्शन के डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। ग्राहकों के लिए विश्व स्तरीय माहौल में अनोखा अनुभव प्रदान करने वाली अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। इस मौके पर बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने कहा कि ये नए सिरे से डिज़ाइन किए गए शोरूम, वाकई अपने ग्राहकों को खरीदारी का लाजवाब अनुभव प्रदान करने के लिए ब्रांड की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

### वीआईपी इंडस्ट्रीज ने लॉन्च किया नया अभियान

**नई दिल्ली।** लगेज और ट्रैवल के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के तौर पर अपनी पहचान रखनेवाली कंपनी वीआईपी इंडस्ट्री लिमिटेड ने हाल ही में एक बेहद आकर्षक और प्रभावशाली अभियान व्हेर्स नेक्स्ट लॉन्च किया है जिसके तहत द अनब्रेकेबल वीआईपी माइस्त्रो की अनूठी रेंज को उपभोक्ताओं के सामने उतारा गया है। यह अभियान यात्राओं को लेकर ऐसे आधुनिक यात्रियों के जोश और जज़्बे का प्रतीक के रूप में सामने आया है जो आए दिन रोमांच की परिभाषाओं को बदल रहे हैं। वीआईपी इंडस्ट्री के वाइस-प्रेसिडेंट मार्केटिंग प्रफुल्ल गुप्ता ने कहा कि रोमांच से भरी दुनिया में वीआईपी इंडस्ट्रीज द अनब्रेकेबल वीआईपी माइस्त्रो नामक एक नई रेंज को उपभोक्ताओं के सामने पेश करने के लिए बहुत ही उत्साहित है व्हेर्स नेक्स्ट नामक अभियान नई-नई जगहों पर सफर करने में रूचि रखने वाले आधुनिक लोगों की निडरता और उनके द्वारा दुनिया को एक्प्लोर करने के जज़्बे का प्रतीक है।

### पॉलिसी बाजार ने क्लेम समाधान दिवस किया आयोजित

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख इंश्योरेंस प्लेटफार्मों में से एक, पॉलिसी बाजार ने अनसुलझे हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम से जूझ रहे ग्राहकों की सहायता के लिए एक इनोवेटिव प्रोग्राम-क्लेम समाधान दिवस-शुरू किया है। ब्रांड की यह प्रमुख पहल इंश्योरेंस ग्राहकों को पॉलिसीबाजार क्लेम एक्सपर्ट के साथ-साथ साथ बातचीत करने की अनुमति देती है, जिससे कम समय में अटके हुए क्लेम को फिर से चेक करने और निपटाने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। पीबी फिनटेक के ज्वाइंट ग्रुप सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा कि भारत भर में शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी के लिए हेल्थ इंश्योरेंस एक मूलभूत आवश्यकता है। क्लेम समाधान दिवस के पीछे का उद्देश्य हेल्थ इंश्योरेंस के प्रति ग्राहकों के विश्वास में सुधार करना है। अतः हम फैमिली होगी इंश्योर्ड के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

### प्रामा ने पेश किए इनोवेटिव एटीएमएस सॉल्यूशन

**नई दिल्ली।** भारत के प्रतिष्ठित स्वदेशी सुरक्षा व निगरानी उत्पाद विनिर्माता ब्रांड प्रामा ने 11वें ट्रैफिक इंफ्राटैक ऐक्सपो में अपने इनोवेटिव एटीएमएस सॉल्यूशन प्रदर्शित किए। प्रामा इंडिया ने ट्रैफिक इंफ्राटैक ऐक्सपो में हिस्सा लिया। प्रामा बूथ को सुरक्षा पेशेवर समुदाय से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। प्रामा बूथ पर नवीनतम परिवहन सुरक्षा समाधान प्रदर्शित किए गए जिनमें ऐडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सॉल्यूशन (एटीएमएस) उत्पादों की संपूर्ण नई रेंज शामिल थी।

## श्री राम के जन्म पर भक्ति में झूमे दर्शक

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को दूसरे दिन भी नवरात्र महोत्सव की धूम है। मॉडल टाउन के डेरावाल नगर की नव श्री मानव धर्म रामलीला कमेटी




द्वारा आज लीला के दौरान भगवान श्री राम और माता सीता का जन्म दिखाया गया। इसके साथ ही ताड़का वध का भी सफल मंचन किया गया। लीला का दूसरा दिन होने के बावजूद दर्शकों की भारी भीड़ रही। श्री राम का पात्र सिद्धांत इस्सर निभा रहे हैं। युवाओं में उनका खासा क्रेज है। नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के चैयरमेन अखिल सिंघल मंचन को लेकर बताया कि तकनीक को लेकर हर साल की तरह इस साल भी नए प्रयोग किए गए हैं और कुछ नया करने का प्रयास किया है जो कि लोगों को पसंद भी आ रहा है। रामलीला के प्रधान विकेश सेठी ने कहा कि रामलीला में हमारी अपेक्षा से कहीं ज्यादा दर्शक लीला का आनंद ले रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम भी पहुंचे।

## अपोलो ने लॉन्च किया प्रेसिडेंशियल सूट से लेस प्रीमियम अस्पताल



**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत की प्रमुख रीटेल स्वास्थ्य सेवा श्रृंखलाओं में से एक, अपोलो हेल्थ एंड लाइफ स्टाइल लिमिटेड के विशेषज्ञता वाले अस्पतालों, अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल और अपोलो क्रेडल रॉयल ने नई दिल्ली में आधुनिक बुटीक अस्पताल के उद्घाटन की घोषणा की है। इस प्रीमियम अस्पताल का उद्घाटन अपोलो अस्पताल समूह की संयुक्त प्रबंध निदेशक डॉ. संगीता रेड्डी ने जानी-मानी अभिनेत्री नेहा धूपिया और अंगद बेदी की उपस्थिति में किया। गर्भवती महिलाओं एवं सर्जरी कराने वाले मरीजों के लिए विशेष देखभाल की महत्वपूर्णता पर बल देते हुए डॉ. रेड्डी, मिस धूपिया एवं श्री बेदी ने मीडिया के समक्ष अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किया और आईसीयू और प्रेज़ीडेन्शियल रूम का अनावरण किया।

इसके अलावा अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए बेबी शावर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लॉन्च के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संगीता रेड्डी, जॉइन्ट मैनेजिंग डायरेक्टर, अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने कहा कि मरीजों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता हमें चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी स्थिति पर स्थापित करती है।

हम आपकी स्वास्थ्य सेवाओं सबंधी सभी जरूरतों को पूरा करते हैं, जिसमें आधुनिक सर्जिकल देखभाल से लेकर गर्भवती महिलाओं के प्रसव के लिए लक्जरी सुविधाएं, गायनेकोलोजी, भ्रूण चिकित्सा सेवाएं, लैवल 3 एनआईसीयू, ई-एनआईसीयू, आधुनिक मैटरनल डायग्नॉस्टिक्स, हाई-रिस्क प्रेग्नेन्सी के लिए 24 घंटे सातों दिन रक्त भंडारण, डेंटल स्पा, फिजियोथेरेपी, ऑडियोमेट्री और फार्मेसी सेवाएं तक शामिल हैं।

## कार्यशाला के आयोजन से बढ़ता है बच्चों का मनोबल : गोपाल



**समारोह में बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। निष्ठा द्वारा हर गोविंद सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, हर्ष विहार के सहयोग से 6 महीने के प्रोजेक्ट, चमत्कार और अंधविश्वास के पीछे का विज्ञान का समापन समारोह को हर गोविंद सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, हर्ष विहार, में आयोजित किया गया था। भारत सरकार द्वारा समर्थित इस परियोजना को राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के साथ मिलकर किया गया यह परियोजना छात्रों के बीच वैज्ञानिक दृष्टिकोण और स्वभाव विकसित करने के उद्देश्य से कार्यशालाओं का आयोजन करके अंध विश्वास, चमत्कार आदि के पीछे के विज्ञान के बारे में जागरूकता पैदा करने की पहल है। इस कार्यशालाओं की श्रृंखला का उद्घाटन हर गोविंद सेकेंडरी पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया जिसमे हर गोविंद सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक गजय सिंह, और प्रिंसिपल अतुल कुमार सिंह व निष्ठा संस्था अध्यक्ष डॉ.गोपाल द्वारा की गई। प्रत्येक 5 दिन की तीन कार्यशालाएं आयोजित की गई जिसमे बच्चों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से हमारा मनोबल बढ़ता है और या बहुत कुछ नया सिखने को मिला इन तीन कार्यशालाओं में 150 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया। इस समारोह में समारोह की अध्यक्षता डॉ. गोपाल, अध्यक्ष, निष्ठा और परियोजना प्रधान अन्वेषक ने की। इस अवसर पर ओम प्रकाश आनंद, उप निदेशक, शिक्षा, जोन-6 मुख्य अतिथि थे और अजय भाई, संस्थापक, त्रिवेणी सेवा मिशन और विश्व रामायण मंदिर; चंद्रभान सिंह, अध्यक्ष, हर गोविंद सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, प्राचार्य, हर गोविंद सेकेंडरी पब्लिक स्कूल आदि मौजूद रहे।

## राजधानी में मानव तस्करी के प्रति किया गया जागरूक

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। मानव तस्करी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित वैश्विक वॉक फॉर फ्रीडम के नई दिल्ली संस्करण में 300 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। आधुनिक समय में गुलामी के खिलाफ दुनिया की सबसे बड़ी समसामयिक पदयात्रा में भारत के 100 अन्य स्थानों एवं 50 देशों में 500 से अधिक स्थानों पर पदयात्रा करने वाले हजारों लोग एक-साथ जुड़े। दिल्ली में मानव तस्करी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कॉर्पोरेट, कॉलेजों और गैर सरकारी संगठनों के 300 से अधिक नागरिकों ने वॉक फॉर फ्रीडम में भाग लिया।




पदयात्रा की शुरुआत में नई दिल्ली और देश भर में प्रतिभागियों ने अपने जीवनकाल में तस्करी को समाप्त करने में मदद करने हेतु अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करने की शपथ ली। इसके बाद वे मानव तस्करी के बारे में जानकारी और आंकड़ों को दर्शाती तख्तियां लेकर एक पंक्ति में चले और डीडीए पार्क, जीके 1 से अपनी पदयात्रा शुरू करके, आसपास के सार्वजनिक मार्गों से गुजरते हुए उसी स्थान पर वापस लौटे। यह पदयात्रा मानव तस्करी के बेआवाज पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पूरी तरह से एक मौन पदयात्रा थी।

## अग्रसेन जयन्ती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल संगठन ईस्ट दिल्ली द्वारा पिछले कुछ वर्षों की तरह इस वर्ष भी नवरात्र के प्रथम दिन भगवान श्री अग्रसेन जी की 5147 वॉं जन्म महोत्सव मनाया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश बंसल ईस्ट दिल्ली मनुफैक्चर एसोसिएशन एवं अनिल गुप्ता सेंट्रल पॉल्युशन बोर्ड भारत सरकार उपस्थिति थे जिनकी मौजूदगी में सुनील गुप्ता संस्थापक ऊषा केबल इण्डस्ट्रीज ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम को बढ़ाया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के लागों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अग्रवाल समाज से आये हुए महान विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुनील गुप्ता संस्थापक ऊषा केबल इण्डस्ट्रीज ने 10वीं एवं 12वी के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सूरेद्र गुप्ता, अग्रवाल संगठन ईस्ट ने किया जिसमें विशेष सहयोगी के रूप में शामिल थे एवं संरक्षक श्याम सुन्दर गर्ग, दीन दयाल गोयल, डॉ. अरविन्दगुप्ता मनोज गोयल, हरिओम सिंघल, अनिल गोयल, रमेश अग्रवाल, राधे श्याम बंसल, राकेश मित्तल भी उपस्थित थे।

**मंचन** *श्री केशव रामलीला के प्रांगण में उमड़े लोग*

# राम जन्म व ताड़का वध का किया गया मंचन

**नई दिल्ली, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क, सेक्टर 11 के सामने भगवान गणेश के आह्वान के साथ ही दस दिन तक चलने वाली नव श्री केशव रामलीला कमेटी पंजी. के दूसरे दिन राम जन्म व ताड़का वध के मंचन को लोगों ने जमकर आनंद उठाया। लोगों ने अपने स्थान पर खड़े होकर इन कलाकारों का जोरदार तालियों से इनका हौसला बढ़ाया। मंच पर 60 फीट का विशाल एलईडी स्क्रीन पर थ्रीडी एनीमेशन के द्वारा मंचन के दौरान जंगल, पहाड़, नदियां आदि का दृश्य देख दर्शक अभिभूत हो उठे।**



- **अक्षरधाम मंदिर थीम पर इस बार तीन मंजिला भव्य स्टेज पर लीला का मंचन हो रहा**

इस अवसर पर नव श्री केशव रामलीला कमेटी के चेयरमैन पुष्पेन्द्र रस्तोगी ने कहा कि इस रंगमंच के जरिए उनका प्रयास अति संवेदनशील छोटे बच्चों के मन में अपनी संस्कृति तथा मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि अक्षरधाम मंदिर थीम पर इस बार तीन मंजिला भव्य स्टेज पर लीला का मंचन हो रहा है। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन पुष्पेन्द्र रस्तोगी, अध्यक्ष जय किशन बंसल, एडिशनल चेयरमैन निरंजन गोयल, महामंत्री कृष्ण जिंदल, कोषाध्यक्ष दिनेश सर्राफ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। संस्था द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम का यह 27वां वर्ष है। उन्होंने बताया की संपूर्ण रामलीला का आयोजन कमेटी के सभी सदस्यों के सहयोग से किया।

### द्वारका श्री रामलीला में हुआ कुबेर दशानन युद्ध



**नई दिल्ली।** द्वारका श्री रामलीला के दूसरे दिन का लीला मंचन गणपति वंदना के साथ शुरु हुआ। दूसरे दिन के लीला मंचन में कुबेर दशानन युद्ध, शिव एवं रावण संवाद ने लोगों का मन मोह लिया। मंचन बढ़ता हुआ पुत्रेष्ठी यज्ञ तक पहुंचा, जहां एक ओर श्री राम का जन्म हुआ वहीं अकाल ग्रस्त मिथिला में माता सीता का आगमन हुआ। चारों युवराज गुरु वशिष्ट के आश्रम से विद्या ग्रहण कर वापस आए एवं विश्वामित्र जी के साथ आश्रम पहुंचे। मंचन में विस्तृत दशरथ दरबार के दृश्य ने द्वारका सेक्टर 10 के द्वारका श्री राम लीला में सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर द्वारका श्री राम लीला के मुख्य संरक्षक राजेश गहलोत के कहा कि शिव-दशानन संवाद एवं दशानन-नंदी युद्ध जहां एक और अहंकार को जीवन से हटाने की प्रेरणा देता है वहीं दूसरी ओर इस धरा पर उस ईश्वर के आगमन का संकेत भी प्रस्तुत करता है।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रौनीजा, उपजिलाधिकारी, जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 19/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 22.09.2023, से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री सूरजपाल पुत्र खडक सिंह निवासी ग्राम रौनीजा, परगना व तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रौनीजा | 102 107 22 | श्री सूरजपाल पुत्र खडक सिंह निवासी ग्राम रौनीजा, परगना त तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | राजन देवी | पत्नी | 58 वर्ष | विधवा |
| | | | | चन्द्रपाल | पुत्र | 36 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सतीश | पुत्र | 30 वर्ष | विवाहित |
| | | | | लोकेश ठाकुर | पुत्र | 25 वर्ष | विवाहित |
| | | | | अंकित | पुत्र | 21 वर्ष | विवाहित |
| | | | | रचना | पुत्री | 24 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**शुद्धिपत्र**
इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे ने बोलियां प्राप्त करने की **अंतिम तिथि 26.10.2023 (सुबह 1130 बजे) तक बढ़ाने का निर्णय लिया है और प्राप्त बोलियां उसी दिन सुबह 1300 बजे खोली जाएंगी।**
**ई-निविदा सूचना संख्या: 01ExamCBTBid2022Acct दिनांक: 06.09.2023**
3217/23 उप मुख्य लेखा अधिकारी/सामान्य
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम आछेपुर में उपजिलाधिकारी, सदर गौतमबुद्वनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 920/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022, दिनांक 13.07.2022, मृतक स्व0 श्री शिशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री समय सिंह, नि0 ग्राम आछेपुर, परगना-दनकौर तहसील- सदर जनपद गौतमबुद्वनगर की मृत्यु दिनांक 14.09.2019 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आछेपुर | 236 | स्व0 श्री शिशपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री समय सिंह नि0 ग्राम आछेपुर, परगना व जिला गौतमबुद्वनगर | श्रीमती फूलवती | पत्नी | 41 वर्ष | |
| | | | श्री शिवम सिंह | पुत्र | 17 वर्ष | |
| | | | श्री सक्षम सिंह | पुत्र | 14 वर्ष | |
| | | | अभिषेक सिंह | पुत्र | 13 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"यात्रा के दौरान यदि किसी यात्री का कोई समान स्टेशन परिसर या आस पास खो जाता है या रैपिडएक्स ट्रेन में कोई वस्तु या सामान गलती से छूट जाता है तो यह समान जिस किसी यात्री को मिलता है, तो यात्री इस स्थिति में स्टेशन या ट्रेन स्टाफ से संपर्क कर सकते हैं।

**पुनीत वत्स, एनसीआरटीसी प्रवक्ता**

## अमृत पाल को दिया जाए शहीद का दर्जा

**नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल ने अशोक यादव प्रदेश प्रवक्ता के नेतृत्व में राजौरी जम्मू कश्मीर में जम्मू-कश्मीर राइफल्स यूनिट में कार्यरत अग्निवीर अमृतपाल की मृत्यु के उपरान्त सम्मान ने देने के विरोध में एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम नगर मजिस्ट्रेट नोएडा धर्मेंद्र कुमार को सौंपा। अशोक यादव ने कहा कि देश प्रति अपने जान न्योछावर करने को आतुर रहने वाले जवानों को अगर सम्मान नहीं मिलता तो ये बहुत ही निन्दनीय हैं। सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने का जज्बा सिर्फ देश के जवानों में होता है। सरकार ने अग्निवीर योजना निकाल कर वो जज्बा तोड़ने का काम पहले ही कर दिया। बाकी कसर अग्निवीर को सम्मान ने देकर पूरी कर दी। देश सेवा की भावना से युवा अग्निवीर बनकर भी सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अग्निवीर अमृतपाल के साथ जो हुआ वो बर्दास्त के बाहर हैं। कोटली कला जिला मनसा पंजाब के रहने वाले अग्निवीर अमृतपाल अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। पिता किसान हैं, अब इस परिवार का भरण पोषण कैसे होगा ये भी सोचने का विषय है। सरकार ने अपनी सारी जिम्मेदारियों से पीछा छुड़ा लिया है। भारतीय किसान संगठन मांग करता है कि अग्निवीरो को सम्मान मिलना चाहिए। अग्निवीर अमर्तपाल को शहीद का दर्जा देकर अग्नवीरो को सम्मान दे। भारतीय किसान संगठन का एक प्रतिनिधि मण्डल जल्द ही अग्निवीर अमृतपाल के गांव जाकर उनके परिजनों से मुलाकात करेगा।



■ भारतीय किसान संगठन ने उठाई आवाज, बोले घर जाकर परिवार से मिलेंगे

कौन है निठारी कांड का हत्यारा ?

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद ताजा हुए जख्म, 17 सालों से इंसाफ का इंतजार

**नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। निठारी कांड में अपने बच्चों की जान गंवा चुके पीड़ितों का दर्द आज भी ताजा है। 'निठारी कांड का शिकार हुई एक लड़की की मां सुनीता आज भी कपड़ों पर प्रेस करने का काम करती है। लड़की को कपड़े के बहाने बुला लिया ज्योति अंदर के कपड़े ले जा उसके कपड़े आते थे प्रेस के हमारे यहां, तो बेटी को अंदर ही मार दिया। हमी लोगों ने पकड़वाया और जब थाने में हाथ जोड़कर बोला है कि तुम्हारी बेटी हमने गलती से मार दिया। मोदी और योगी सरकार से प्रार्थना है इनको फांसी जरुर दी जाए बरी न किया जाए। सवाल अब भी यही है कि जब इन दोनों ने किसी की हत्या नहीं की तो आखिर हत्यारा कौन है।

ये दर्द सिर्फ सुनीता का नहीं बल्कि इन जैसे परिजनों का कहना है कि उनके बच्चों को 17 साल बाद भी न्याय नहीं मिला, इसलिए वे न्याय हासिल करने के लिए अब आगे की रणनीति तय करेंगे। इस हत्याकांड की शिकार महिलाओं, बच्चों और बच्चियों के ज्यादातर परिजन नोएडा छोड़कर अपने-अपने पैतृक गांव वापस जा चुके हैं और केवल एक दो लोग ही अब नोएडा में रह रहे हैं।

इस कांड में जान गंवाने वाली एक लड़की के पिता झब्बू लाल ने कहा कि वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से काफी आहत हैं। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र कोली ने पुलिस के सामने बच्चियों की हत्या करने और उनसे बलात्कार करने की बात स्वीकार की थी। पीड़ित पप्पू का कहना है कि उच्च न्यायालय के इस फैसले से वह विचलित हैं और उन्होंने कहा कि वह न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे। पप्पू की नाबालिग बेटी की कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। इसी तरह रामकिशन का बेटा भी लापता था। उसकी उम्र महज साढ़े तीन साल ही थी। नाले में बेटे के चप्पल और कपड़े से पिता रामकिशन ने की उसकी शिनाख्त की थी।

**इस केस के बारे में जानने से पहले पढ़े आज हाइकोर्ट में क्या हुआ जिससे आहत हुए पीड़ित**

उप्र नोएडा के बेहद चर्चित निठारी कांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दोषी करार दिए गए सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को सोमवार को तमाम मामलों में बरी कर दिया है। सुरेंद्र कोली को 12 और मनिंदर सिंह पंढेर को दो केस में मिली फांसी की सजा को हाईकोर्ट ने रद्द किया। हाईकोर्ट ने गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई फांसी की सजा की रद्द हुई है। हाईकोर्ट ने दोनों आरोपियों को इन मामलों में बरी किया।

हाईकोर्ट ने दोनों दोषियों की 14 याचिकाओं पर सुनाया फैसला। सुरेंद्र कोली ने 12 मामलों में मिली फांसी की सजा के खिलाफ अपील दाखिल की थी। जबकि मनिंदर सिंह पंढेर ने 2 मामलों में मिली सजा के खिलाफ अर्जी दाखिल की थी। मोनिंदर सिंह पंढेर की वकील मनीषा भंडारी ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मोनिंदर सिंह पंढेर को उसके खिलाफ 2 अपीलों में बरी कर दिया है। उसके खिलाफ कुल 6 मामले थे। कोली को सभी अपीलों में बरी कर दिया गया है। हाईकोर्ट ने सीधे तौर पर कोई सबूत और गवाह नहीं होने के आधार पर दोषियों को बरी किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से सीबीआई को बड़ा झटका लगा। हालांकि रिंपा हलदर मर्डर केस में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने ही सुरेंद्र कोहली की फांसी की सजा को बरकरार रखा था। इन सब सबूतों के आधार पर रिंपा हलदर मर्डर केस में दोनों को फांसी की सजा मिली थी। अर्जियों पर हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 15 सितम्बर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस एस एच ए रिजवी की डिवीजन बेंच ने फैसला सुनाया। साल 2006 में निठारी कांड का खुलासा हुआ था।

हाईकोर्ट में 134 कार्य दिवसों में अपील पर सुनवाई हुई थी। सुरेंद्र कोली की मौजूदा बारह में से पहली याचिका साल 2010 में दाखिल की गई थी। इन याचिकाओं के अलावा भी हाईकोर्ट कोली की कुछ अर्जियों को निस्तारित कर चुका है। एक मामले में फांसी की सजा को बरकरार रखा गया है जबकि एक अन्य मामले में देरी के आधार पर उसे उम्र कैद में तब्दील किया जा चुका है। आरोपियों की तरफ से कोर्ट में दलील दी गई है कि इस घटना का कोई चशमदीद गवाह नहीं है। सिर्फ वैज्ञानिक व परिस्थितिजन्य सबूतों के आधार पर उन्हें दोषी ठहराया गया है और फांसी की सजा दी गई थी। फांसी की सजा को रद्द किए जाने की अपील की गई थी। मनिंदर सिंह पंढेर एक मामले में हाईकोर्ट से पहले बरी हो चुका था।





### अब पढ़े क्या है निठारी कांड और कब-कब क्या हुआ

- 29 दिसम्बर 2006 को नोएडा में मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल मिले।
- 30 दिसम्बर नाले से और बच्चों के कंकाल मिले।
- 31 दिसम्बर दो बीट कांस्टेबल निलंबित किए गए।
- 1 जनवरी हत्याओं को लेकर ग्रामीणों का पुलिस के साथ संघर्ष हुआ। पुलिस ने चंडीगढ़ में पंढेर के परिजनों से पूछताछ की।
- 5 जनवरी यूपी पुलिस अभियुक्तों को व्यापक नार्को परीक्षण के लिए गांधीनगर लेकर गई।
- 10 जनवरी सीबीआई ने मामले की जांच का जिम्मा संभाला।
- 11 जनवरी मामले की जांच शुरू करने के लिए सीबीआई का पहला दल निठारी पहुंचा। मकान के निकट 30 और हड्डियां बरामद।
- 12 जनवरी मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली से सीबीआई ने की पूछताछ।
- 20 जनवरी यूपी सरकार ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में रिपोर्ट दाखिल की।
- 8 फरवरी 2007 को कोली और पंढेर को 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया।
- मई 2007 को सीबीआई ने पंढेर को अपनी चार्जशीट में अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपमुक्त कर दिया था। दो माह बाद अदालत की फटकार के बाद सीबीआई ने उसे मामले में सहअभियुक्त बनाया।
- 13 फरवरी 2009 को विशेष अदालत ने पंढेर और कोली को 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। ये पहला फैसला था।
- 3 सितम्बर 2014 को कोली के खिलाफ कोर्ट ने मौत का वारंट भी जारी किया।
- 4 सितम्बर 2014 को कोली को डासना जेल से मेरठ जेल फांसी के लिए ट्रांसफर किया गया।
- 12 सितम्बर 2014 से पहले सुरेंद्र कोली को फांसी दी जानी थी। वकीलों के समूह डेथ पेनल्टी लिटिगेशन ग्रुप्स ने कोली को मृत्युदंड दिए जाने पर पुनर्विचार याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजा।
- 12 सितम्बर 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने सुरेंद्र कोली की फांसी की सजा पर अक्टूबर 29 तक के लिए रोक लगाई।
- 28 अक्टूबर 2014 को सुरेंद्र कोली की फांसी पर सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका को खारिज किया। 2014 में राष्ट्रपति ने भी दया याचिका रद्द कर दी।

### 305 तारीखों पर सुनवाई के दौरान पेश हुए 38 गवाह

निठारी कांड के अन्य मामलों का खुलासा होने पर इस मामले को भी सीबीआई ने 11 जनवरी को अपने हाथ में ले लिया था। सीबीआई ने 26 जुलाई 2007 को अदालत में चार्जशीट पेश की थी। मामले में सीबीआई कोर्ट में 305 दिन सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 38 गवाह पेश किए।

**सुनाई फांसी की सजा**

13 फरवरी 2009 सुरेंद्र कोली एवं मोनिंदर सिंह पंढेर फांसी की सजा। हाईकोर्ट से पंढेर बरी।

12 मई 2010 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।

28 अक्तूबर 2010 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।

22 दिसम्बर 2010 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।

24 दिसम्बर 2012 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।

7 अक्टूबर 2016 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।

16 दिसम्बर 2016 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा।

24 जुलाई 2017 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा, पंढेर बरी।

8 दिसम्बर 2017 सुरेंद्र कोली एवं मोनिंदर सिंह पंढेर को फांसी की सजा।

2 मार्च 2019 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा। पंढेर बरी।

6 अप्रैल 2019 सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा। पंढेर बरी।

15 जनवरी 2021 सुरेंद्र कोली दोषी करार। मोनिंदर पंढेर बरी।

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिलाधिकारी-एसएसपी ने किया निरीक्षण



**बुलन्दशहर।** जनपद में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र मेरठ, नचिकेता झा, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ ट्रासपोर्ट नगर कार्यक्रम स्थल, हैलीपैड आदि का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था/तैयारियों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने व सुरक्षा सम्बन्धी दिशा-निर्देश दिए गए। बताते चले की मंगलवार 17 अक्टूबर को प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ महिला सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे हैं जिनको लेकर शासन प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### कैकेयी ने मांगा राम के लिए 14 वर्ष का वनवास

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद नगर के रामलीला मैदान मे चल रही रामलीला मे रविवार को कैकेयी द्वारा श्रीराम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांगने की लीला हुई। कोपभवन मे पड़ी हुई रानी कैकेयी ने राजा दशरथ को उनके बचनो का स्मरण कराते हुए अपने पुत्र भरत के लिए राजगद्दी और राम के लिए वनवास मांगा। जिसके बाद राजा दशरथ मूर्छित होकर गिर पड़े और राम राम पुकारते रहे। रविवार को कमेटी के संस्थापक रामहरी गोयल, मुकेश लोधी, विनय शर्मा, गोपाल बंसल, महेंद्र जिंदल, नीतू पाठक आदि ने श्रीराम आरती की।



### आईएमएस में फिएस्टा-2023 का आयोजन



**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज नोएडा में छात्रों के लिए फिएस्टा 2023 का आयोजन हुआ। सोमवार को संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के छात्रों ने अपने-अपने हुनर से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर एवं मिस फिएस्टा का भी चयन किया गया। संस्थान के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित आज के कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी ने कहा कि शिक्षण के साथ-साथ गैर-शिक्षण प्रतियोगिताएं छात्रों के समुचित विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं छात्रों के तनाव को कम करने के साथ-साथ सकारात्मक शैक्षणिक माहौल प्रदान करती है। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के डीन डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा जरूरी है।

# आरटीई के तहत एडमिशन नहीं होने पर महापंचायत

**नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। किसान एकता संघ के सदस्यों ने राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह के नेतृत्व में सेक्टर 21 स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल पर महापंचायत की। दरअसल, स्कूल द्वारा आरटीई के तहत चयनित बच्चों के दाखिला नहीं लिया गया था। इस मौके पर संघ ने नगर मजिस्ट्रेट को 10 मांगो का पत्र सौंपा। नगर मजिस्ट्रेट ने पूरे नोएडा के चयनित बच्चों का 7 दिन में दाखिला करवाने का आश्वासन देकर पंचायत समाप्त करवाई। प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने बताया कि बाल भारती पब्लिक स्कूल के द्वारा इस वर्ष आरटीई के तहत स्कूल में 46 बच्चों का चयन हुआ था। जिसमे केवल 3 बच्चों का ही दाखिला स्कूल ने लिया। इस तरह पूरे जिले में विभाग के साथ मिलकर कुछ स्कूल धांधलेबाजी करते आ रहे हैं। पिछले दो सालों से सिर्फ 20-30 प्रतिशत चयनित बच्चों के दाखिले ही स्कूल ने लिए हैं जबकि बीएसए 80 प्रतिशत का गलत आंकड़ा शासन में भेजकर प्रदेश भर में वाहवाही लूटने का काम करती हैं। यह शर्मनाक है और जिले को कलंकित करने का काम किया है। मीडिया प्रभारी अविनाश सिंह ने बताया कि कितना दुखद है विकलांग, ऑटो ड्राइवर, कुक जैसे अभिभावक पिछले छह माह से इन अधिकारियों और स्कूल के चक्कर काट रहे हैं। एडीएम के द्वारा मान्यता निरस्त की कार्रवाई की चेतावनी से भी स्कूल ने दाखिला लेने से इंकार कर दिया। ऐसे शिक्षा माफियाओं की मान्यता निरस्त होनी चाहिए। अगर एक सप्ताह में कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो स्कूल पर अभिभावकों के साथ अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

■ नगर मजिस्ट्रेट ने दिया आश्वासन 7 दिन में सभी बच्चों का किया जाएगा दाखिला



# बाढ़ के बाद पहली चला फार्म हाउस पर बुलडोजर

**नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना के डूब क्षेत्र में बने अवैध फार्म हाउस पर प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाया है। सोमवार को यहां सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक केवी सिंह की अगुवाई में 50 से ज्यादा फार्म हाउस ध्वस्त किए गए। इनका निर्माण अवैध तरीके से किया गया था। उन्होंने बताया कि ये फार्म कई हजार वर्गमी पर बने थे। इन लोगों ने पक्का कंस्ट्रक्शन किया था साथ ही यहां कामर्शियल एक्टिविटी चल रही थी। उन्होंने कहा जिन फार्म हाउसों पर कोर्ट का स्टे है वहां यथा स्थिति बनी हुई है। बता दे जुलाई महीने में यमुना में आई बाढ़ के बाद इस स्थान पर बने सभी फार्म हाउस डूब गए थे। यहां से लोगों को निकालने के लिए तीन से चार दिनों तक एनडीआरएफ, पुलिस और प्राधिकरण को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना पड़ा था। इसमें कई मवेशियों की जान तक चली गई थी। इसके बाद प्राधिकरण और जिला प्रशासन ने एक हवाई सर्वे कराया था। अवैध फार्म हाउसों को ध्वस्त करने के लिए अभियान चलेगा। फिलहाल सोमवार को यहां बने 50 फार्म हाउसो को ध्वस्त किया गया। साथ ही चेतावनी दी गई यदि दोबारा कंस्ट्रक्शन किया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दे यमुना का करीब 5 हजार हेक्टेयर एरिया डूब क्षेत्र में है। यहां किसी प्रकार का पक्का कंस्ट्रक्शन नहीं किया जा सकता है। इसके बाद भी यहां करीब एक हजार से ज्यादा फार्म हाउस बने है। इससे पहले जो अभियान चलाया गया था उसमें करीब 164 फार्म हाउस ध्वस्त किए गए थे। लेकिन हाईकोर्ट से स्टे के बाद यहां यथा स्थिति बनाए रखने को कहा गया।



■ 50 फार्म हाउस किए गए ध्वस्त, दी गई चेतावनी, किया गया था पक्का कंस्ट्रक्शन

### डूब क्षेत्र में यहां अवैध निर्माण

नोएडा में यमुना सेक्टर-94, 124, 125, 127, 128, 131, 133, 134, 135, 168 के अलावा 150 से होकर निकलती है। इसी तरह हिंडन नदी छिजारसी से प्रवेश करते हुए सेक्टर-63ए, बेहलोलपुर, शहदरा, सुथियाना, गढ़ी चौखंड़ी, सेक्टर-123, 118, 115, 143, 143ए, 148, 150, मोमनाथल के पास यमुना में मिलती है। यह दोनों ही नदियां नोएडा को चारों तरफ से घेरे हुए हैं और नदियों के किनारे की जमीन को ही डूब क्षेत्र कहते हैं, जहां पर खरीद-फरोख्त प्रतिबंध है।

**सर्वे के बाद भूखंड वार रिपोर्ट तैयार करने के थे निर्देश**

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा था कि यमुना और हिंडन के डूब क्षेत्र में बने अवैध फार्म हाउस और अन्य अवैध निर्माणों पर कार्रवाई होगी। इसके लिए अवैध निर्माण को चिन्हित कर भूखंडवार रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए थे।

# रामलीलाओं व अन्य आयोजनों को प्लास्टिक मुक्त

**गाजियाबाद,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक प्लास्टिक मुक्त अभियान पर लगातार कार्रवाई करा रहे हैं, जिसके क्रम में कवि नगर तथा मोहन नगर में विशेष प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया, बाजारों में जाकर प्लास्टिक जब्त भी की गई तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए व्यापारियों से अपील भी की गई, व्यापारियों को कपड़े की थैली इस्तेमाल करने के लिए कहा गया साथ ही शहरवासियों को भी प्लास्टिक मुक्त अभियान के दौरान जागरूक किया गया।

■ प्लास्टिक मुक्त अभियान-

■ कवि नगर में 49000 तथा मोहन नगर में वसूला गया 15000 जुर्माना



कवि नगर जोनल प्रभारी एसके राय ने आरडीसी, राजनगर, राजापुर, के क्षेत्र में जाकर अभियान चलाया गया जिस दौरान 50 किलो पॉलिथीन जब्त की गई तथा 49000 का जुर्माना भी वसूला गया इसी प्रकार मोहन नगर जोन में जोनल प्रभारी आरपी सिंह द्वारा राजेंद्र नगर तथा साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के आसपास प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया, तथा 15000 जुर्माना भी वसूला गया। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में शहर वासियों को प्लास्टिक मुक्त अभियान के विषय में जागरूक भी किया गया।

**नगर आयुक्त की अपील**

गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर वासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधन हेतु अपील की गई है, इसी क्रम में शहर में आयोजित रामलीलाओं व अन्य भव्य आयोजनों को भी प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए कहा गया है साथ ही रामलीलाओं के आयोजकों से शहर को प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए जागरूकता अभियान में सहयोग करने के लिए भी अपील की गई है, व्यापारियों तथा दुकानदारों को भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए कहा गया हैद्य नगर आयुक्त द्वारा जहां संबंधित अधिकारियों से शहर को प्लास्टिक मुक्त अभियान के लिए जागरूक करने के लिए कहा गया है वंही जिनके द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा है उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ने रूट का किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री के 20 अक्टूबर को सम्भावित गाजियाबाद आगमन को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों सहित कार्यक्रम स्थल तथा रूट का जायजा लिया। मौके पर स्वास्थ्य, जलकल, निर्माण, उद्यान तथा प्रकाश विभाग के अधिकारी गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनको नगर आयुक्त महोदय द्वारा बेहतर प्रबंधन के लिए मोटिवेट किया गया। महावीर वाटिका के पास वसुंधरा मे कार्यक्रम स्थल का जायजा शुरू किया गया, इसके बाद आसपास के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया रूट पर भी सभी अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, वसुंधरा साहिबाबाद होते हुए हिंडन एयरपोर्ट तक सफाई व्यवस्था बेहतर करने के साथ-साथ सौंदर्यकरण की भी प्लानिंग की गई, जिसके लिए प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को निर्देशित किया गया।



### 25 अक्टूबर से 11 नवम्बर तक इंदिरापुरम में बाधित रहेगी पेयजल आपूर्ति

**गाजियाबाद।** गंग नहर की सफाई के मध्य नजर 25 अक्टूबर से 11 नवम्बर तक गंगाजल आपूर्ति बाधित रहेगी इस दौरान इंदिरापुरम क्षेत्र में लोगों को केवल 2 घंटे ही पानी मिल सकेगा। जीडीए के अधिशासी अभियंता ने बताया कि प्रतिवर्ष की बातें इस वर्ष भी गंग नहर की सफाई का काम होगा। इसलिए 25 अक्टूबर की शाम से 11 नवम्बर तक गंगाजल की आपूर्ति बाधित रहेगी उन्होंने बताया कि इस दौरान इंदिरापुरम योजना में इस अवधि के दौरान प्रत्येक दिन शाम 7.00 से 9.00 तक पेयजल की आपूर्ति करेगा।

■ जीडीए करेगा शाम 7 से ऑल 9 बजे तक पेयजल की आपूर्ति

# यात्रियों की सुविधा के लिए गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर बनेगा खोया-पाया केंद्र

**गाजियाबाद।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का 17 किलोमीटर लंबा प्राथमिक खंड जल्द ही जनता के लिए परिचालित होने जा रहा है। इन आधुनिक हाई स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी रैपिडएक्स ट्रेनों के संचालन के साथ ही यात्रियों को कई सुविधाएं देने की तैयारी की जा रही है। इसी दिशा में खोई हुई वस्तुओं की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर समर्पित खोया और पाया केंद्र बनाया जाएगा।

यह केंद्र यात्रियों को उनके खोए हुए सामान तक पहुंचाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा, जिससे भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर पर यात्रा अधिक सुरक्षित, निर्बाध और परेशानी मुक्त हो जाएगी। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने सोमवार को बताया कि यात्रा के दौरान यदि किसी यात्री का कोई समान स्टेशन परिसर या आस पास खो जाता है या रैपिडएक्स ट्रेन में कोई वस्तु या सामान गलती से छूट जाता है तो यह समान जिस किसी यात्री को मिलता है, तो यात्री इस स्थिति में स्टेशन या ट्रेन स्टाफ से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही खोई-पाई वस्तु के संबंध में पूछताछ और सहायता हेतु रैपिडएक्स ग्राहक सेवा केंद्र के नंबर 08069651515 पर कॉल करके भी मदद ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अगर स्टेशन परिसर या या ट्रेन में खोया या छूटा सामान रैपिडएक्स स्टाफ को मिलता है या किसी अन्य यात्री द्वारा उनके पास जमा करवाया जाता है तो यात्री को 24 घंटों के भीतर अपने सामान को उसी स्टेशन से प्राप्त कर सकेंगे, जहां वह खोया या छूटा था। वहीं रैपिडएक्स कनेक्ट एप पर यात्री टिकट बुकिंग के साथ ही खोयी-पायी वस्तुओं या सामान की जानकारी भी हासिल कर सकेंगे।



■ रैपिडएक्स ग्राहक सेवा केंद्र के नंबर 08069651515 पर कॉल करके भी ले सकेंगे सहायता

हालांकि 24 घंटे के बाद खोयी-पायी वस्तुओं और सामान को गाजियाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर स्थित समर्पित खोया और पाया केंद्र में पहुंचा दिया जाएगा। रैपिडएक्स में सफर करने वाले यात्रियों को अगर किसी अन्य यात्री का कोई सामान खोयी या छूटी हुई स्थिति में मिलता है तो वे उसे स्टेशन स्टाफ के पास जमा करवा सकते हैं।

गाजियाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर स्थित समर्पित खोया और पाया केंद्र हर दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होगा, जिससे यात्रियों को अपना सामान वापस पाने में आसानी होगी। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि छह महीने के बाद लावारिस वस्तुओं का निपटान प्रतिधारण नीति द्वारा किया जाएगा।

उवाच “

फर्नीचर सेगमेंट में बढ़ते दायरे और विदेशों में अधिक से अधिक बाजारों में भारत से घरेलू और जीवनशैली उत्पादों के विस्तार के साथ, दिल्ली मेला-फर्नीचर में भी भारी रुचि देखी जा रही है, यह रुचि हर दिन के साथ व्यस्तता में बदलती और बढ़ती दिखी। खरीदारों के इस वर्ग की मांग को पूरा करने और प्रदर्शकों को बड़े डिस्प्ले स्थान प्रदान करने के लिए, ईपीसीएच ने इस वर्ष आईएचजीएफदिल्ली फेयर ब्रांडिंग के तहत इस विशेष व्यापार आयोजन की शुरुआत की। **डॉ. राकेश कुमार, आईईएमएल अध्यक्ष**



# यीडा के आवासीय भूखंड योजना में 130537 आवेदकों के किस्मत का फैसला कल

**■ आवासीय भूखंड ड्रॉ को लेकर आवेदकों में कई तरह की आशंकाएं**

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक प्राधिकरण में 1184 आवासीय भूखंड़ों के लिए 130537 आवेदकों के किस्मत का फैसला कल 18 दिसम्बर को होगा। ड्रा को लेकर आवेदकों में कई तरह की आशंकाएं है। प्राधिकरण आवेदकों की आशंकाओं को क्या दूर कर पााएगा। यमुना प्राधिकरण के अब तक आवासीय भूखंड योजना में सबसे ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। प्राधिकरण की तरफ से आवेदकों की संख्या को देखते हुए ड्रा को लेकर उस तरह की तैयार की गई है। अभी तक प्राधिकरण सभी योजनाओं का ड्रा ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी-थ्री सामुदायिक केंद्र में कराता रहा है। इस बार भी प्राधिकरण सामुदायिक केंद्र में करा रहा है। आवेदकों की संख्या को देखते हुए सामुदायिक केंद्र के एक कमरे में क्या जगह पर्याप्त है। अभी तक प्राधिकरण के ज्यादातर भूखंड़ों का ड्रा करोना काल के दौरान हुआ था। इसलिए समिति संख्या में आवेदकों को ड्रा स्थल पर आने की अनुमति थी। इस बाद करोना का कोई डर नहीं है। प्राधिकरण के आवासीय भूखंड़ों को आवेदकों में काफी उत्सुकता है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा आवेदकों के पहुंचने की उम्मीद है। ड्रा के दौरान अगर 50 हजार आवेदक सेक्टर पी-थ्री सामुदायिक केंद्र में पहुंच जाते है, प्राधिकरण के लिए आवेदकों को बैठने और गाड़ी खाड़ी करने की सबसे बड़ी चुनौती होगी। ज्यादा आवेदकों के आने से सेक्टर पी-थ्री आवासीय सेक्टरों में रहने वाले के सामने भी समस्या खड़ी हो सकती है। ऐसे में प्राधिकरण को इस बार आवेदकों की संख्या को देखते हुए ड्रा का स्थल बदलने पर विचार करना चाहिए था। प्राधिकरण ने ऐसा नहीं किया। आवासीय भूखंड का ड्रा पर्ची के माध्यम से कराया जाता है। पिछले ड्रा के अनुभवन को देखते हुए प्राधिकरण ने पर्ची निकालने के लिए जिस ड्रम का इस्तेमाल किया था उस पर भी सवाल खड़ा हुआ था। पिछले ड्रा के दौरान ड्रम काफी छोटा था जिसकी वजह से वह पूरी तरह घूम नहीं पाता था जिसके कारण आवेदकों की पर्ची फंसी रहती थी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में आज तक जितने में भूखंड़ों के ड्रा हुए है हर ड्रा में पिछले बीस साल से एक ही उद्घोषक रहा है। समय के साथ प्राधिकरण एक नया उद्घोषक भी नहीं खोज पाया है। आवासीय भूखंड़ों ड्रा छोटे-छोटे स्कूली बच्चों के माध्यम से कराया जाता है। ड्रम बड़ा होने के कारण बच्चों के हाथ नहीं पहुंच पाते है। मानते है कि प्राधिकरण ड्रा के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के लिए स्कूलों बच्चों के माध्यम से ड्रा निकलवाता है। नाबालिग बच्चों को ऐसे कार्य में प्रयोग करना उचित है। प्राधिकरण की तरफ से ड्रा को दौरान वीडियो ग्राफी, सोशल मीडिया पर सीधा प्रसारण भी कराया जाता है। सोषल मीडिया का लिंक हर आवेदकों के मोबाइल पर प्राधिकरण को भेजना चाहिए था। जिससे आवेदक घर बैठे ड्रा प्रसारण को देख सके, इसके बारे में आवेदकों को जानकारी उपलब्ध न होने पर लाइव ड्रा देखने से काफी लोग वंचित रह जाते है। प्राधिकरण की तरफसे पहले ही आवासीय भूखंड योजना में आवेदन की फाइनल सूची जारी कर दी थी। 1184 आवासीय भूखंडों की योजना में 130537 आवेदन आए हैं। यही आवेदक ड्रा में शामिल होंगे। ड्रॉ 18 अक्टूबर को निकाला जाएगा। योजा में 120 मीटर भूखंड के लिए 31124 आवेदन, 162 के लिए 20953, 200 के लिए 55664, 300 के लिए 17328, 500 के लिए 3705, 1000 के लिए 1144 और 2000 वर्ग मीटर के भूखंड के लिए 639 आवेदन आए हैं।

# आबादी पर एसआईटी की रिपोर्ट पर किसानों का ग्रेनो प्राधिकरण पर फूटा गुस्सा



**■ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में घुसने को लेकर किसानों और पुलिस के बीच धक्का मुक्की**
**■ किसानों के बीच आकर एसीईओ एसआईटी रिपोर्ट के पुर्न परीक्षण का दिया आश्वासन**
**■ किसानों का एक टूक जवाब जब कि पुर्न परीक्षण के लिए रिपोर्ट नहीं जाती धरना जारी रहेगा**

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आबादी की एसआईटी रिपोर्ट के खिलाफ सोमवार किसानों का गुस्सा फूटा। बड़ी संख्या में महिला और किसान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का धेराव करने पहुंचे और गेट पर पुलिस के साथ धक्का मुक्की हुई, जिसके बाद किसान प्राधिकरण का गेट घेर कर बैठ गए और जमकर नारेबाज़ी की । जिसके बाद प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अमनदीप डूली किसानों के बीच पहुंचे जिसमें पीड़ित किसानों ने अपना गुस्सा ज़ाहिर किया और तथ्यों के साथ अपनी बात रखी जिन किसानो की आबादियों को सैटेलाइट में नहीं दिखायी देने का हवाला देकर निरस्त किया ऐसे किसानो ने अपने पूर्व में ही मकान बने होने के दस्तावेज भी दे दिए

जिन किसानो की आबादियों को 2011 के बाद और पहले प्रार्थना पत्र के हिसाब से 300 हजार वर्ग मीटर और एक हजार वर्ग मीटर से अधिक छोड़ने का हवाला देकर निरस्त किया ऐसे किसानो ने 2011 से पहले के प्रार्थना पत्र भी दिखाए और और परिवार का ब्यौरा भी दिया और जिन दो प्रकरणो में ज़िले से बाहरी होने के कारण उनकी आबादियों को निरस्त किया वह दो किसान भी ग्रेटर नोएडा के मूल गांव और मूल किसान ही है इस पर अपर मुख्य कार्यपालक ने किसानों को आश्वासन दिया की रिपोर्ट को शासन को पुर्न परीक्षण के लिए भेज दिया जाएगा जिसके बाद किसानो की और से किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता मनवीर भाटी ने कहा कि जब तक प्राधिकरण द्वारा सभी पीड़ित किसानों को बर्बाद करने की रिपोर्ट को शासन के माध्यम से पुर्न परीक्षण के लिए वापिस एसआईटी को नहीं भेजते जब तक किसान भी घर वापस नहीं जाऐंगे। धरने में बेरोजगार किसान सभा के संयोजक व अधक्ष रजिंदर प्रधान व सूबेदार नेता, सूबेदार रमेश रावल, ओमबीर नेताजी, अजबसिंह प्रधान, पप्पू प्रधान, सत्यवीर प्रधान, भगवंत सिंह अरविंद प्रधान, बिजेंदर प्रधान, रामी प्रधान, रवि प्रधान, भीम सिंह, कंवरलाल भाटी पवन शर्मा आदि किसान मौजूद रहे।

### किसान सभा ने एसीईओ ने मिलकर पुर्न परीक्षण की रखी मांग

ग्रेटर नोएडा आबादियों की एसआईटी जांच को लेकर किसानों गुटों में आंदोलन को लेकर होड़ मची हुई। किसान सभा के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डूली से मिलकर एसआईटी रिपोर्ट का पुर्न परीक्षण के लिए जल्द शासन को भेजने की मांग रखी है।



साथ किसानों ने कहा कि अब 31 अक्टूबर तक संशोधित एसआईटी जांच बोर्ड में नहीं रखा गया तो किसानों को फिर से आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

किसान सभा ने 9 अक्टूबर को शासन स्तर से 533 लंबित एसआईटी जांच रिपोर्ट को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया था। जिसमें प्राधिकरण के अधिकारियों ने 172 प्रकरणों से प्रभावित सभी किसानों के बारे में पुनः रिपोर्ट बनवाकर शासन के अनुमोदन के लिए भेजने पर सैद्धांतिक सहमति दी थी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एक फरमान ने आवंटियों की बढ़ाई परेशानी

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एक आदेश ने आवंटियों की परेशानी बढ़ा दी है। नो ड्यूज सर्टिफिकेट के लिए लोगों को महीने भर तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसके आवेदन के साथ प्राधिकरण को भुगतान किए सभी पैसों के चालान की रंगीन कापी भी लगानी होगी। तभी यह प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में पहले मैनुअल तरीके से आवंटी को तय बैंक शाखा में पैसा जमा करना होता था। पैसा जमा करने के लिए चालान की चार कॉपी मिलती थी। इसमें एक कॉपी बैंक के पास, एक कॉपी आवंटी के पास और दो कॉपी प्राधिकरण में जमा करनी होती है। प्राधिकरण की दो कॉपी में से एक कॉपी संबंधित विभाग और एक कॉपी वित्त विभाग के पास रहती थी। इसके बाद आवंटी के फाइल में अपडेट कर दिया जाता है। नये नियमों के मुताबिक, नोड्यूज सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करने से पहले अब आवेदक को भुगतान किए गए सभी चालान की कलर कॉपी जमा करनी होगी। इन चालान का वित्त विभाग सत्यपान करेगा। इसके बाद फाइल संबंधित विभाग को जाएगी। तब जाकर नो ड्यूज सर्टिफिकेट को जारी करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है। इससे प्रमाण पत्र मिलने में काफी समय लग जाता है। नए नियमों को लेकर आवंटियों का कहना है कि प्राधिकरण के पास चालान की दो कॉपी पहले से हैं। प्राधिकरण अपने यहां इनका सत्यपान करा सकता है। अगर किसी में गड़बड़ी की आशंका हो तो उसमें सभी चालान लेने चाहिए। इसके अलावा अगर कोई चालान मिस हो गया हो तो उसकी कॉपी मांगी जा सकती है। सभी चालान मांगना गलत है। नये नियम से आवंटियों की परेशानी बढ़ गई है।

# पूर्व डीएम ने विस्थापित हुए ग्रामीणों से आरएंडआर कॉलोनी में की मुलाकात

**जेवर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के पूर्व डीएम बीएन सिंह ने जेवर एयरपोर्ट के प्रथम चरण में विस्थापित हुए ग्रामीणों से रविवार को आर एंड आर कॉलोनी में पहुंचकर मुलाक़ात की। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा एयरपोर्ट के लिए दी गई अपनी भूमि के लिए आभार व्यक्त किया। बीएन सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए किसानों ने अपनी जमीन दी ये उनका बहुत बड़ा योगदान है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि से अब नई शहरी सामाजिक व्यवस्था में आने पर किसानों पर पड़ने वाले प्रभाव आदि पर बुजुर्ग, महिला व पुरुषों से वार्ता की। इस मौके पर रोही के पूर्व प्रधान भगवान सिंह, देवेन्द्र सिंह, तेजपाल, मुकेश, भूपेश सिंह व राजेश शास्त्री आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



# पावर लिफ्टिंग में जेवर के मनीष शर्मा ने जीता गोल्ड



**जेवर,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कस्बे के मोहल्ला कानून गोयान के मनीष शर्मा ने पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतकर कस्बे व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिससे लोगों में खुशी की लहर है। जेवर के मोहल्ला कानून गोयान के भूरा लाल शर्मा के पुत्र मनीष शर्मा ने बताया कि दिल्ली के बदरपुर बर्डर पर रविवार की देर शाम पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। जिसमें उन्होंने भाग लिया था। चैंपियनशिप में 84किग्रा भार वर्ग में उन्होंने 220 किग्रा भार उठाकर अपने सभी प्रतिद्वन्दियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। उनके गोल्ड मेडल जीतने पर कस्बे में खुशी की लहर है। सोमवार को घर पहुचने पंर मनीष शर्मा के घर बधाई देने वालो का तांता लग गया। उन्होंने अपने कोच लाल सिंह व स्वजनों का जीत पर आभार व्यक्त किया।

# विश्व खाद्य दिवस पर बिना आग के खाना पकाने की प्रतियोगिता आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंट जोसफ विद्यालय में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर विद्यालय के कुकिंग क्लब ने कक्षा 7 वीं से 11 वीं तक के छात्रों के लिए बिना आग के खाना पकाना प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 22 दलों ने भाग लिया। प्रत्येक दल ने स्वच्छता और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन बनाए और उन्हें अत्यंत आकर्षक रूप में प्रस्तुत कर निर्णायक दल का मन मोह लिया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर ऑल्विन पिंटो, प्राइमरी हेड मिस्ट्रेस सिस्टर सीथा, प्री प्राइमरी हेड मिस्ट्रेस सिस्टर मेबल, राजी तथा प्रियंका जोशी रही। प्रतियोगिता के समापन पर प्रधानाचार्य फादर ऑल्विन पिंटो ने सभी दलों की पाक कला की सराहना की।




**NAME CHANGE**

I Dilashad S/o Ikhlak R/o Moh. sadbhavna Rabupura, Tahshil- Jewar, Gautam Buddh Nagar have changed my name to Dilshad to all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Navneet S/o Vipin Chandra Sharma R/o O-117, Delta-III, Greater Noida G.B. Nagar U.P. have changed my name to Navneet Sharma.

**NAME CHANGE**

I, Vipin Sharma S/o late Ramesh Chandra Sharma R/o O-117, Delta-III, Greater Noida G.B. Nagar U.P. have changed my name to Vipin Chandra Sharma.

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# आईएचजीएफ दिल्ली मेला-ऑटम और फर्नीचर मेले का समापन




**■ खरीदारों ने दिया ऑर्डर को अंतिम रूप, साथ ही अगले सीजन में वापस आने का वादा भी किया**
**■ चौदह श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मिला पुरस्कार व सम्मान**

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आईएचजीएफ-दिल्ली मेला- ऑटम और दिल्ली फेयर फर्नीचर का 56वां संस्करण 12 से 16 अक्टूबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में एक साथ आयोजित किया गया। मेले में तीन हजार से अधिक प्रदर्शकों और 14 प्रदर्शन श्रेणियों वाले इस मेले को पूर्ण वैभव से आयोजित किया गया। विदेशी खरीदारों, घरेलू खरीदारों, खरीद एजेंटों और घरेलू वॉल्यूम खरीदारों ने हिस्सा लिया। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के अध्यक्ष दिलीप बैद ने इस अवसर पर सूचित किया कि इस शो में नए और उभरते बाजारों के साथ ही दुनिया भर के लगभग सभी निर्यात बाजारों से खरीदार आए। कई नए संपर्क बनाए गए और पुराने संपर्कों को सुदृढ़ किया गया, नए आपूर्तिकर्ताओं की उत्पाद श्रृंखलाओं और नियमित विक्रेताओं के नवाचारों पर विचार किया गया। इस आयोजन में जहां कुछ ऑर्डर पूरे हो गए हैं और कुछ को शो के बाद के फॉलो-अप के बीच अंतिम रूप देने के लिए नोट किया गया है। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि फर्नीचर सेगमेंट में बढ़ते दायरे और विदेशों में अधिक से अधिक बाजारों में भारत से घरेलू और जीवनशैली उत्पादों के विस्तार के साथ, दिल्ली मेला-फर्नीचर में भी भारी रुचि देखी जा रही है, यह रुचि हर दिन के साथ व्यस्तता में बदलती और बढ़ती दिखी। खरीदारों के इस वर्ग की मांग को पूरा करने और प्रदर्शकों को बड़े डिस्प्ले स्थान प्रदान करने के लिए, ईपीसीएच ने इस वर्ष आईएचजीएफदिल्ली फेयर ब्रांडिंग के तहत इस विशेष व्यापार आयोजन की शुरुआत की। इस पहल पर अनुकूल प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इस अवसर पर ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद, डॉ. राकेश कुमार, अध्यक्ष, आईईएमएल, डॉ. नीरज खन्ना, उपाध्यक्ष द्वितीय, ईपीसीएच, नरेश बोथरा, अध्यक्ष, आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-ऑटम और दिल्ली फेयर-फर्नीचर, एस के गोयल, उपाध्यक्ष, आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-ऑटम और दिल्ली फेयर-फर्नीचर, प्रशासन समिति के सदस्य, आर के वर्मा, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच, प्रमुख निर्यातक और क्रय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति-4 के तहत नाबालिग बच्चों को जागरूक करने के लिए 'मिशन प्रतिभाग' का शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। मिशन शक्ति-4 अभियान के तहत न फेस-2 क्षेत्र के भंगेल स्थित कन्या इंटर कॉलेज में विभिन्न समूहों की सहभागिता से 'मिशन प्रतिभाग' का शुभारंभ करते हुए स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और वहां के स्टाफको जागरूक किया गया। डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने सभी लोगों को सुरक्षा, साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट से संबंधित अपराध के बारे में जागरूक करते हुए विस्तृत जानकारी दी और बचाव के तरीके भी बताए गए। उनके द्वारा सोशल मीडिया का सतर्कता से प्रयोग करने, अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करने, कोई भी अपराध चुपचाप सहन न करने, गुड टच/बैड टच के बारे में बताते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन की फाउंडर मीनाक्षी त्यागी द्वारा छात्राओं की डोमेस्टिक वायलेंस के बारे में जानकारी देते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। एसीपी महिला सुरक्षा वर्णिका सिंह ने बच्चो व उनके परिजनों को मिशन प्रतिभाग के अंतर्गत जागरूक किया गया व उन्हें महिला सुरक्षा चक्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। 'मिशन प्रतिभाग' में गौतमबुद्धनगर पुलिस 6 समूह बनाकर 16 से 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन साइबर सुरक्षा, अग्निशमन दल, आत्मसुरक्षा दल, यातायात पुलिस टीम, नुक्कड़ नाटक, कला और हस्तशिल्प टीम और मेडिकल सहायता टीम के साथ कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों, छात्र/छात्रों को जागरूक किया जाएगा और नुक्कड़ नाटक, वृत्तचित्र प्रदर्शनी के जरिए आत्मरक्षा, प्राथमिक उपचार, साइबर क्राइम से बचाव, महिला सशक्तिकरण, पॉक्सो अपराध की समझ व उससे बचाव, कानूनी जानकारी व प्राथमिक उपचार आदि के बारे में जागरूक किया जाएगा।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर व अट्टा गुजरान में उपजिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 977/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 11.10.2023, से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्रीमती जयपाली पत्नी स्व0 श्री जयराम निवासी ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औरंगपुर | 576क | श्रीमती जयपाली पत्नी स्व0 श्री जयराम निवासी ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | श्री श्रीचंद नागर | पुत्र | 63 वर्ष | |
| | | | | श्री हरी | पुत्र | 55 वर्ष | |
| 2 | अट्टा गुजरान | 376 | | श्री अजीत सिंह | पुत्र | 51 वर्ष | |
| | | | | श्री बलजीत | पुत्र | 49 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती बिमलेश | पुत्री | 54 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खेरली भाव में उप जिलाधिकारी सदर गौतमबुद्व नगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1059/एस0टी0-एस0डी0एम0/2018, दिनांक 17.11.2018 मृतक श्री रतीराम पुत्र स्व0 श्री लेखराम, नि0 ग्राम चपरगढ मजरा, परगना-दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर हाल नि0 म0न0 5119 हरिजन बस्ती, शिव मन्दिर वजीराबाद नोर्थ दिल्ली, 110054 की मृत्यु दिनांक 01.06.2015 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकर दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खेरली भाव | 4 | श्री रतीराम पुत्र स्व0 श्री लेखराम, नि0 ग्राम चपरगढ मजरा, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर हाल नि0 म0न0 5119 हरिजन बस्ती, शिव मन्दिर वजीराबाद नार्थ दिल्ली 110054 | श्रीमती श्यामवती | पत्नी | 48 वर्ष | |
| | | | श्री नरवीर | पुत्र | 21 वर्ष | |
| | | | कु0 रविता | पुत्री | 25 वर्ष | |
| | | | कु0 सुनीता | पुत्री | 20 वर्ष | |
| | | | कु0 कविवा | पुत्री | 18 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में उपजिलाधिकारी, गौतमबुद्वनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 786/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 19.08.2023, मृतक स्व0 श्री छिद्दी सिंह पुत्र श्री धर्मवीर सिंह नि0 ग्राम पारसौल पर0 व जिला गौतमबुद्वनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| अच्छेजा | 168 | स्व0 छिद्दी सिंह पुत्र श्री धर्मवीर सिंह नि0 ग्राम पारसौल पर0 दनकौर तह0 व जिला गौतमबुद्वनगर | श्रीमती वीरेन्द्री देवी | पत्नी | 53 वर्ष |
| | | | श्री गुड्डू | पुत्र | 26 वर्ष |
| | | | श्री ओमपाल सिंह मलिक | पुत्र | 24 वर्ष |
| पारसौल | 817 | | श्रीमती मुनेश | पुत्री विवाहित | 40 वर्ष |
| | | | श्रीमती ब्रिजेश | पुत्री विवाहित | 35 वर्ष |
| | | | श्रीमती पूजा कुमारी | पुत्री विवाहित | 24 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण


# वोटर चेतना अभियान को लेकर भाजपा ने की बैठक



**■ नए मतदाता जोड़ने व सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाया जाए**

**ग्रेटर नोएडा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा की जिला वोटर चेतना अभियान की बैठक जिला कार्यालय तिलपता चौक पर हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अभियान के पश्चिम क्षेत्र के संयोजक प्रदीप सैनी, संयोजक साहब सिंह पुंडीर शामिल हुए। जिला अध्यक्ष भाजपा गजेंद्र मावी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि मुख्य वक्ता प्रदीप सैनी ने कहा कि पार्टी संगठन के द्वारा पूरे प्रदेश में वोटर चेतना अभियान भाजपा चला रही है, जिसके लिए सभी कार्यकर्ता बूथ पर घर-घर जाकर संपर्क कर नए वोट बनवाने के कार्य में लग जायें और पार्टी के विषय केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताएं और जनता के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने के कार्य करें। जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि पार्टी संगठन के कार्यों में लगे और उन्होंने कहा 2024 लोकसभा चुनाव की जीत ऐतिहासिक होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, वरिष्ठ नेता विजेंद्र प्रमुख, पिछड़ा आयोग सदस्य बिजेंद्र भाटी, नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित, शशांक सिंह, इंद्रजीत टाइगर, जिला वोटर चेतना अभियान संयोजक दीपक भारद्वाज, सह संयोजक गुरुदेव भाटी, सेवानंद शर्मा, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, रवि जिंदल, मनोज गर्ग, सुनील भाटी, सतेंद्र नागर, करतार सिंह जाटव, सुनील भाटी, धर्मेन्द्र कोरी, पवन रावल, अमित पंडित, पवन नागर, राहुल पंडित, योगेश प्रधान, चौधरी विकास राणा, दुष्यंत चौधरी, राज नागर, अर्पित तिवारी, रवि भदौरिया जगदीप नागर संजय भाटी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान के साथ मारपीट कर 50 हजार लूटे

**रबूपुरा,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खेतों में काम रहे मजदूरों को पैसे देने जा रहे किसान के साथ मारपीट कर हजारों की नकदी लूटने का मामला प्रकाश में आया है। घायल किसान को जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। गांव के ही तीन युवकों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई है। उधर पुलिस जांचोपरांत कार्रवाई का दावा कर रही है। जानकारी अनुसार गांव मकसूदपुर निवासी संजय शर्मा के खेत पर धान की गुड़ाई चल रही थी। रविवार शाम वह मजदूरों को पैसे देने के लिए अपने खेत पर पहुंचे। मारपीट में घायल किसान को उपचार के लिए जेवर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसकी गम्भीर हालत के चलते चिकित्सक ने उसे रैफर कर दिया गया। बताया जाता है घायल किसान मेरठ में उपचाराधीन है।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 17 अक्टूबर 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## जलवायु परिवर्तन: बच्चों के छूटते स्कूल

लगभग तीन दशकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस बात पर गहन चिंता प्रकट हो रही है कि जलवायु परिवर्तन का तमाम देशों के लोगों पर बहुत ही विपरीत असर पड़ रहा है। शायद ही ऐसा कोई वर्ग हो जो इससे प्रभावित न हो रहा हो। लोगों के सामने यह साफ है कि जिस तेजी से दुनिया की जलवायु में बदलाव हो रहा है उसके चलते कुछ समय के बाद कई शहरों और इलाकों के सामने उनके अस्तित्व का ही संकट खड़ा हो जायेगा। लोगों के पलायन, विस्थापन और पुनर्वास का मसला बहुत बड़ा रहेगा। पहाड़ी क्षेत्र हों या मैदानी, समुद्र तट के इलाके हों या फिर रेगिस्तानी, जलवायु परिवर्तन के असर से शायद ही कोई अछूता रह सकेगा। स्वाभाविक है कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वालों के सामने कोई अन्य विकल्प नहीं रह जायेगा कि वे प्रभावित क्षेत्रों को छोड़कर अन्यत्र आसरा लें। अपने मूल स्थानों को छोड़ने से किस तरह से अन्य संकट मानव जीवन में आते हैं, यह अब दुनिया भर में देखा जा रहा है। कटते जंगलों या डूबते तटीय इलाकों को छोड़कर जाने वालों के सामने रोजी-रोटी के संकट से लेकर अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने की बड़ी चुनौती होती है। नयी जगह पर खुद को ढालना मुश्किल होता है, यह भी सब जानते हैं।

जलवायु परिवर्तन का जो असर मानव जीवन पर होगा, उसके विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन दुनिया भर के वैज्ञानिक, समाजशास्त्री एवं अन्य विधाओं के लोग कर रहे हैं। विभिन्न शोध एवं विश्वविद्यालयीन अध्ययन अनेक तरह के निष्कर्ष लेकर सामने आए हैं। ऐसे सभी शोध मनुष्य के भविष्य को लेकर भयावह तस्वीरें बयां करते हैं। प्रभावित लोगों के समक्ष आजीविका से लेकर सांस्कृतिक नुकसानों तक की चर्चा होती है। लगभग हर वर्ष अनेक शासकीय व अशासकीय स्तर पर कार्यरत संस्थाओं और संगठन इस विषय पर सभा-सम्मेलन आयोजित करते हुए इस दिशा में अनेक प्रकार के उपाय सुझाते हैं। राष्ट्र संघ की भी चिंताओं में यह विषय शामिल है। फिर भी इसमें बहुत कामयाबी मिलती नहीं दिखाई दे रही है। विभिन्न कारणों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना जलवायु परिवर्तन को रोकने में बहुत सहायक हो सकता है परन्तु ज्यादातर देश इस लक्ष्य को पाने में नाकाम रहे हैं।

इसी क्रम में आई एक नयी रिपोर्ट बतलाती है कि ग्लोबल वार्मिंग का एक बहुत बड़ा असर दुनिया भर के बच्चों पर हो रहा है। यूनिसेफ की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली बाढ़, तूफान, सूखा व जंगलों की आग के कारण हर रोज 20 हजार बच्चे स्कूल छोड़ने के लिये मजबूर हो रहे हैं। 44 देशों में हुए इस अध्ययन के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2021 के बीच 4.31 करोड़ बच्चों को शालाएं छोड़नी पड़ीं। अकेले हो या सपरिवार, विस्थापन के चलते भारत, चीन और फिलीपींस में ही 2.23 करोड़ विद्यार्थियों ने पढ़ाई छोड़ दी। बाढ़ व तूफान प्रमुख कारण रहे हैं। अनुमान व्यक्त किया गया है कि जिस तरह से मौसम का बदलाव जारी है, 30 वर्षों में 10 करोड़ से ज्यादा बच्चे केवल इन्हीं कारणों से शालाएं छोड़ देंगे। डोमिनिका, वानुआतु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में रहने वाले बच्चे तूफान से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। दूसरी तरफ, जहां बाढ़ ने बच्चों का जीवन तहस-नहस किया. उनमें सोमालिया व सूडान सबसे ऊपर हैं। सूखे के कारण 13 लाख और जंगलों में लगने वाली आग से 8 लाख से अधिक बच्चे विस्थापित हुए जिसके कारण उनके स्कूल छूटे हैं। कनाडा, इज़रायल तथा अमेरिका में सबसे ज्यादा ऐसी आगजनी हुई है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि दुनिया भर के बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाने के लिये और भी 4.5 करोड़ शिक्षकों की आवश्यकता है।

बच्चों को लेकर प्रकाशित हुई यह रिपोर्ट केवल जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में है। गरीबी, बेरोजगारी, अकाल, भूकम्प, युद्ध, दंगे, सरकारी उत्पीड़न, पलायन, अलगाववादी या आतंकी संगठनों चलाये जाने वाले अभियानों के तहत होने वाली कार्रवाइयों जैसे और भी अनेक कारण होते हैं जिनसे बच्चों की पढ़ाई छूटती है। इज़रायल-फिलीस्तीन युद्ध को ले लें या फिर भारत के मणिपुर को देखें, तो बच्चों की पढ़ाई पर इसका असर हो रहा है। कुछ राज्यों में माओवादियों द्वारा स्कूल या तो बर्बाद किये जाते रहे हैं या उनकी दहशत के कारण लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजना बन्द कर देते हैं।


ऐसे स्थलों से होने वाले पलायन के कारण बच्चों की शालाएं पीछे रह जाती हैं। ग्रामीण इलाकों में अकाल पड़ने पर परिवारों के सामने आजीविका सम्बन्धी संकट आ खड़ा होता है फलत: वे पलायन कर जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में उन्हें रोजगार तो मिल जाता है लेकिन वे बच्चों की शिक्षा जारी नहीं रख पाते या छूट चुकी पढ़ाई को पुन: प्रारम्भ नहीं कर पाते। वे जगह-जगह काम के लिये घूमते रहते हैं। इसके चलते उनके लिये सम्भव नहीं रह जाता कि बच्चों को कोई स्थायी स्कूल प्रदान करा सकें। ऐसे एक नहीं बहुतेरे कारण होते हैं जिनके चलते बच्चों को उनके स्कूल व अध्ययन को छोड़ना पड़ता है। कारण जो भी हो, जलवायु परिवर्तन का बच्चों की शिक्षा पर होने वाले असर के बहाने से ही सही, सभी देशों की सरकारों के लिये यह इस निश्चय को दोहराने का अवसर है कि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के व्यवधान दूर हों। एक आधुनिक व सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका व योगदान को बतलाये जाने की ज़रूरत नहीं है। इसलिये सारी सरकारें और विश्व मंच इस मुद्दे पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर हल निकाले ताकि किसी भी बच्चे को शाला न छोड़नी पड़े।

# ...अम्मा चलीं मदर ऑफ डैमोक्रेसी कहलाने

नरेंद्र मोदी राज के गरीबों का कल्याण करने के अति-प्रचार पर पानी फेरते हुए, एक बार फिर वैश्विक भूख सूचकांक तैयार करने वाले प्रतिष्ठित संगठनों ने दिखाया है कि मौजूदा निजाम में गरीबों की हालत, वास्तव में बद से बदतर होना जारी है। कहने की जरूरत नहीं है कि भूख का पैमाना, आम जनता की दशा का न्यूनतम से न्यूनतम पैमाना है, जो दिखाता है कि पेट भर जरूरी आहार हासिल करने की न्यूनतम जरूरत पूरी कर पाने से भी गरीब कितनी दूर हैं। और इस न्यूनतम पैमाने पर भारत, जो जीडीपी के लिहाज से दुनिया की पांचवीं बल्कि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दम भरता है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंच जाने की शेखी मारता है, 2023 के लिए की गई गणना में, दुनिया के उल्लेखनीय रूप से भूख से प्रभावित 125 देशों में, 111वें नंबर पर निकला है। पड़ौसी देशों में लंबे पश्चिमी कब्जे तथा उसके खिलाफ युद्ध से तबाह अफगानिस्तान और अफ्रीकी गरीब देशों में सोमालिया समेत, कुछ चौदह देश ही हैं, जहां की जनता भारत से भी ज्यादा भूख की मारी हुई है। याद रखने की बात है कि बांग्लादेश की तो बात छोड़ ही दें, पड़ौसी देशों में उस पाकिस्तान में भी हालात भारत से बेहतर हैं, जहां आटे के ऊंचे दाम और भूख के चलते दंगों की खबरें भारत का गोदी मीडिया बड़े चटखारे लेकर प्रसारित करता है। और उस श्रीलंका से भी, जहां पिछले साल भूख की मारी जनता बगावत पर उतर आई थी और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत सरकार को एक मौके पर तो देश छोड़कर ही भागना पड़ा था!

जहां तक भूख सूचकांक का ही सवाल है, पिछले एक साल में भारत चार अंक नीचे ही खिसका है। 2022 के सूचकांक में भारत, 107वें नंबर पर था। वास्तव में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मोदी राज में भूख सूचकांक पर भारत लगातार और वास्तव में तेजी से नीचे ही खिसकता रहा है। फिर भी, 2006 से शुरू हुए इस सूचकांक में शामिल भूख के मारे देशों की संख्या चूंकि लगातार बढ़ती रही है, देशों की भूख की स्थिति की शुद्ध गणना का पैमाना मानने के बजाय, इसे भूख के पहलू से देशों की तुलनात्मक स्थिति का पैमाना मानना ही ज्यादा सटीक होगा। मिसाल के तौर पर पिछले साल भारत, 121 देशों में से 107वें नंबर पर था, जबकि इस बार इस सूचकांक में शामिल देशों की संख्या, चार देशों के और जुड़ने के साथ, 125 हो गई है और भारत 111वें अंक पर खिसक गया है। ऐसे में मुश्किल होते हुए भी सैद्धांतिक रूप से यह असंभव नहीं है कि सभी चार देश, भारत से कम भूख वाले जुड़े हों और इसलिए, भारत का पिछले साल से चार अंक नीचे खिसक जाना, अपने पीछे उसके जहां के तहां बने रहने की ही सच्चाई छुपाए हो। बहरहाल, भारत किसी भी तरह से पिछले साल की अपनी स्थिति के मुकाबले, दूसरे देशों की तुलना में भी रत्तीभर सुधार का भी दावा नहीं कर सकता है।

इस सिलसिले में यह भी गौरतलब है कि आयरलैंड तथा जर्मनी की दो गैर-सरकारी संस्थाओं—कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्ट हंगरहिल्फ—द्वारा हर साल तैयार की जाने वाली विश्व में भूख की स्थिति पर यह प्रतिष्ठित रिपोर्ट, महज आहार और पोषण की उपलब्धता पर ही आधारित नहीं होती है। इस रिपोर्ट में कुल चार पैमानों को लिया जाता है यानी आहार गत स्थिति के अलावा, पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों की अल्पविकास या वेस्टिंग यानी लंबाई के अनुपात में वजन के कम रहने का दर्जा। तीसरा पैमाना है, बच्चों का ठिग्गापन या स्टंटिंग यानी उम्र के अनुपात में, लंबाई कम रहने का दर्जा।



राजेंद्र शर्मा

जहां तक भूख सूचकांक का ही सवाल है, पिछले एक साल में भारत चार अंक नीचे ही खिसका है। 2022 के सूचकांक में भारत, 107वें नंबर पर था। वास्तव में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मोदी राज में भूख सूचकांक पर भारत लगातार और वास्तव में तेजी से नीचे ही खिसकता रहा है। फिर भी, 2006 से शुरू हुए इस सूचकांक में शामिल भूख के मारे देशों की संख्या चूंकि लगातार बढ़ती रही है।

और आखिरी पैमाना है, पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए मृत्यु दर। भूख की दशा के इस माप में, आहार या पोषण की आम स्थिति के अलावा, बच्चों से संबंधित तीन पैमाने जोड़े जाना, विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह इस माप को बच्चों के विकास पर पड़ रहे प्रभाव का माप करने के जरिए, सिर्फ तात्कालिक भूख से बढ़कर, भूख के टिकाऊ रुझान का माप बना देता है। और यह माप, किसी भी देश के भविष्य के लिए परिप्रेक्ष्य के रूप में भूख को सामने लाता है, यह तो खैर स्वत:स्पष्ट ही है।

यह रिपोर्ट बताती है कि भारत में 18.7 फीसद बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। यह अनुपात, दुनिया भर में सबसे ज्यादा है। इस अनुपात का 15 फीसद से ज्यादा होना ही 'अत्याधिक' चिंताजनक की श्रेणी में आता है और भारत में यह अनुपात इस श्रेणी में भी कहीं ज्यादा है। भारत, भूख के मारे इन 125 देशों भी इकलौता है, जहां चाइल्ड वेस्टिंग को 'अत्याधिक' चिंता की श्रेणी में रखा गया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि इसे ही कुपोषण का सबसे बुरा रूप तथा खराब संकेतक माना जाता है। जहां तक बच्चों की ही स्थिति से जुड़े दूसरे पैमाने, ठिग्गेपन या स्टंटिंग का सवाल है, भारत में 35 फीसद बच्चे अपनी उम्र के अनुपात में कम लंबे हैं। इस मामले में भी भारत की स्थिति को 'अत्यधिक' जोखिम की स्थिति की श्रेणी में रखा गया है, हालांकि इस मामले में भारत की ही स्थिति सबसे बुरी नहीं है। कई अफ्रीकी तथा पूर्वी एशिया के भी कुछ देशों की स्थिति, इस मामले में भारत से भी बदतर है। तीसरे पैमाने पर, जो कि पांच वर्ष तक आयु के बच्चों की मौत का पैमाना है, भारत में करीब 3.1 फीसद बच्चे पांच वर्ष तक नहीं जीते हैं और इस मामले में भारत को 'कम जोखिम' की श्रेणी में रखा गया है। रही बात आबादी के कुपोषण या अल्पपोषण की तो, 16.6 फीसद अल्पपोषित आबादी के साथ, भारत की स्थिति को 'मध्यम' जोखिम की स्थिति की श्रेणी में रखा गया है। और कुल मिलाकर, भारत का ग्लोबल हंगर इंडैक्स स्कोर 28.7 है, जो भूख की 'गंभीर' स्थिति को दिखाता है। इस सूचकांक में शामिल किए गए 125 देशों में से भी सिर्फ 40 देश ही 'गंभीर' भूख की श्रेणी में आते हैं और दुनिया का सबसे तेजी से विकास कर रहा देश होने का दावा करने वाला भारत, इसी श्रेणी में शामिल है।

हैरानी की बात नहीं है कि मोदी राज ने पिछले कई वर्षों की तरह, एक बार फिर विश्व भूख सूचकांक को सिरे से खारिज कर दिया है। वास्तव में मोदी राज का यह तरीका ही बन गया है कि जो भी सूचकांक, उसके शानदार प्रदर्शन की गवाही नहीं देता है, उसे गैर-तथ्यपूर्ण से लेकर, दुर्भावनापूर्ण तक कहकर खारिज ही कर दिया जाता है। मिसाल के तौर पर, प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत, 2023 में दुनिया के 180 देशों में खिसक कर 161वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले साल वह 151वें स्थान पर था। कहने की जरूरत नहीं है कि भूख सूचकांक की ही तरह, प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक पर भी भारत तेजी से रसातल की ही ओर ही बढ़ता जा रहा है और मोदी राज इस सूचकांक को भी उतनी ही हिकारत के साथ खारिज करता आया है। ऐसा ही किस्सा, धार्मिक स्वतंत्रता आदि से संबंधित रिपोर्टों का भी है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों को ही नहीं, देश के स्तर पर भी मोदी राज ने अप्रिय वास्तविकताओं को छुपाने के लिए, आंकड़ों और सूचकांकों को दबाने को ही नियम बना लिया है। लेकिन, इस मामले में तो मोदी सरकार, भूख की सच्चाइयों को झुठलाने के लिए यह दलील देने की हद तक चली गई है कि भारत में बच्चों की स्टंटिंग तथा वेस्टिंग को, भूख के साथ जोड़ना ही गलत है और पांच साल से कम की आयु में मौतों का भी भूख से संबंध नहीं जोड़ा जा सकता है, आदि। यानी मोदी सरकार सच को छुपाने के लिए यह दलील देने तक के लिए तैयार है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर, जिसमें उनका जीवन भी शामिल है, भूख के प्रभाव को, भूख का संकेतक नहीं माना जा सकता है! लेकिन, यह सिर्फ भूख का नहीं, ऐसी भूख का मामला है, जो देश के भविष्य को, अगली पीढ़ी को ही कमजोर कर रही है।

लेकिन, जैसा कि मोदी राज ने नियम ही बना लिया है, वह सौ बार झूठ बोलकर, सच को ही नकारने में लगा है। भूख सूचकांक पर देश के दयनीय प्रदर्शन को झुठलाने की कोशिश में, प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में उत्तराखंड के अपने सरकारी दौरे पर जोर-शोर से इसकी डींग हांकी कि उनके राज में पिछले पांच साल में साढ़े तेरह करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठाया गया है! यह दावा, गरीबी के ऐसे झूठे मापों की तुलना के आधार पर किया जा रहा है, जिनके आधार ही अलग-अलग होने की वजह से, जिनकी तुलना की ही नहीं जा सकती है। सच्चाई यह है कि भारत में स्वतंत्रता के बाद से, गरीबी को ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन 2200 कैलोरी और शहरी क्षेत्र में 2100 कैलोरी आहार तक पहुंच के जिस मानक से परिभाषित किया जाता था, उसे ही पिछले ही अनेक वर्षों में धीरे-धीरे त्याग दिया गया। नतीजा यह हुआ कि वास्तव में आहार की स्थिति दरिद्र से दरिद्रतर होती गई, फिर भी सरकारी आंकड़ों में गरीबी घटती गई। और अब तो मोदी राज ने गरीबी के माप के उस दिखावे को भी त्याग दिया है और मनमाने संकेतकों के बल पर, मनचाहे दावे किए जा रहे हैं। नतीजा यह कि सरकारी दावों में गरीबी जितनी तेजी से घट रही है, जनता के बीच भूख उतनी ही तेजी से फैल रही है। और वह शासन जो अस्सी करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त राशन बांटने का इतना ढोल पीटने के बावजूद, देश को 'गंभीर' भूख के चंगुल तक से निकाल नहीं पा रहा है, खुद ही अपने मुंह से मदर ऑफ डैमोक्रेसी के दावे कर रहा है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# हमास के अमानवीय हमले से नेपथ्य में जाती फ़िलिस्तीन के अधिकारों की लड़ाई

हमास के आतंकी हमले के नृशंस और अमानवीय रूप ने फ़िलिस्तीन का ही सबसे ज़्यादा नुक़सान किया है। हमास के अत्याचार के फ़ोटो -वीडियो आदि देखकर लोग बदले के उन्माद में फ़िलिस्तीन के नागरिकों के मानवाधिकारों की बात ही भूल गए हैं तो फ़िलिस्तीन की आज़ादी की मांग बहुत नेपथ्य में चली गई है। हमास ने इज़राइल पर अप्रत्याशित हमला कर सैकड़ों इज़राइलियों को मौत के घाट उतारकर फ़िलिस्तीन के लिए तो आत्मघाती क़दम उठाया ही, पूरे विश्व की शांति को भी ख़तरे में डाला है।

ज़ाहिर तौर पर हमास के आतंकियों को इस हमले के लिए आवश्यक साधन और ट्रेनिंग उसे समर्थन दे रहे मुट्ठी भर देशों से मिली। इसके बिना हमास की ताक़त नहीं थी कि विश्व की सबसे बेहतरीन इंटेलीजेंस एजेंसी माने जाने वाली मोसाद, इज़राइल के मित्र देशों के इंटेलीजेंस नेटवर्क, इज़राइल के अभेद माने जाने वाले सुरक्षा चक्र और यहां तक कि हवाई हमलों से बचने की इज़राइल की तकनीक को विफल कर दे। यह हमला इतना अनपेक्षित था कि इज़राइल की सेना को स्थिति समझने और सम्भालने में कई घंटे लगे। लेकिन जब इज़राइल की सेना जागी तब दूसरी ओर का नरसंहार तय था। हमास की ग़लती की सज़ा पूरा फ़िलिस्तीन ख़ासकर ग़ाज़ा पट्टी का क्षेत्र भुगत रहा है। यहां हमास के आतंकवादियों के साथ आम नागरिक- बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सभी बड़ी तादाद में मारे जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से फ़िलिस्तीनियों के मानव अधिकारों की बात करने वालों का अकाल सा पड़ गया लगता है। दुनिया के बहुत सारे देशों के नागरिक ग़ाज़ा पट्टी के नेस्तनाबूद होने के इंतज़ार में लग रहे हैं। इस समय इज़राइल की सेना के हर हमले को शांतिप्रिय समझे जाने वाले देशों के नागरिक भी बड़े उत्साह से देख रहे हैं और उसे समर्थन दे रहे हैं। ऐसे माहौल में शांति और आम फ़िलिस्तीनी नागरिक के अधिकार की बात बहुत पीछे छूट गई लगती है, जो कि एक दुखद मंज़र है।



आलोक बाजपेयी

यह समय विश्व के नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, जब वे अपने शांति प्रयासों से मानवता की रक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। नफ़रत बढ़ाना और उन्मादी होकर क़त्लेआम देखना कम से कम हमारी संस्कृति नहीं। याद रखिए कि गांधीजी ने कहा था कि आंख के बदले आंख का रास्ता एक दिन पूरी दुनिया को अंधों के रहने की जगह बना देगा।

यूं देखा जाए तो फ़िलिस्तीन उन दुर्भाग्यशाली देशों में है जिसकी क़िस्मत में शांति अमूमन कम ही रही है। यास्सेर अराफ़ात के करिश्माई व्यक्तित्व और ख़ूबियों के कारण फ़िलिस्तीन के मुक्ति संघर्ष को न सिर्फ़ दुनिया के कई मुल्कों का समर्थन मिला बल्कि भारत में इंदिराजी, अटलजी सहित अनेक नेताओं से अराफ़ात के बहुत ही प्रेमपूर्ण सम्बंध रहे। हिंसक संघर्ष से शुरुआत कर यास्सेर अराफ़ात ने जब शांति का मार्ग अपनाया और अमेरिका की मध्यस्थता में इज़राइल के साथ 1993 में ऐतिहासिक ओस्लो शांति समझौता किया तब फ़िलिस्तीन को शांति के कुछ वर्ष बमुश्किल नसीब हुए। इन वर्षों में फ़िलिस्तीन में लोकतंत्र की बयार भी आई और फिलिस्तीनी लेजिस्लेटिव काउंसिल का गठन भी हुआ। पहला चुनाव अराफ़ात की फ़तह पार्टी जीती भी। वर्ष 2004 में अराफ़ात की रहस्यमय कारणों से मृत्यु के एक-दो वर्ष पूर्व से उनकी राजनैतिक मुश्किलें बढ़ीं, सत्ता अपनी ही पार्टी के दूसरे व्यक्ति को सौंपनी पड़ी और हत्या की साज़िशों का सामना करना पड़ा। लेकिन 2006 अपने दूसरे और आखिरी चुनाव में पूरी दुनिया को चौंकाते हुए फ़िलिस्तीनियों ने आतंक का मूल स्वर रखने वाले संगठन हमास को सत्ता में बैठा दिया। तब से ही फ़िलिस्तीन में न सिर्फ़ नस्लीय कट्टरता बढ़ी, हिंसा लौटी बल्कि विकास के सारे रास्ते भी अवरुद्ध होते गए। आज स्थिति यह है कि फ़िलिस्तीन में हज़ारों घायलों के इलाज में भी मुश्क़िल आ रही है क्योंकि इज़राइल ने बिजली समेत अनेक ज़रूरी चीज़ों की आपूर्ति अवरुद्ध कर दी है। ग़ाज़ा पट्टी पर एक लाख सैनिकों, हथियारों आदि के साथ इज़राइली सेना की तैनाती के बाद भी हमास की ओर से रॉकेट के हमले जारी रहे जिनका ख़ामियाज़ा ज़ाहिर तौर पर फ़िलिस्तीन के निरपराध नागरिक भी भुगतेंगे। आतंकवादी संगठन के हाथ में सत्ता सौंपना ही फ़िलिस्तीनी नागरिकों का वो अपराध है जिसकी सज़ा वे लगातार भुगत रहे हैं और आगे भी भुगतने को अभिशप्त हैं।

हमास को ईरान के अलावा लेबनान के हिज़्बुल्ला, चीन, रूस आदि चंद देशों का समर्थन सदैव हासिल तरह रहा है। सऊदी अरब जैसे देशों ने हमले के बाद फ़िलिस्तीनी अधिकारों की भी बात की है। उधर इज़राइल को अमेरिका और ज़्यादातर यूरोपियन देशों, सहित लगभग 84 देशों का समर्थन प्राप्त हो चुका है। अमेरिका ने अपने सैनिक विमानों से लैस युद्धपोत इज़राइल की मदद के लिए भेज दिए हैं। मोटे तौर पर दुनिया के देशों की प्रतिक्रिया जहां हमले की निंदा के मुद्दे पर एकमत है वहीं फ़िलिस्तीन और शांति की बात पर विभक्त। दु:ख की बात यह है कि ज़्यादातर देशों के नेताओं ने शांति की कोई मांग की ही नहीं है। अन्तरराष्ट्रीय मीडिया में भी इज़राइल के शौर्य को ललकारा जा रहा है और उसके बदले की कार्रवाई को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर गौरवान्वित किया जा रहा है। फ़िलिस्तीन में मारे जा रहे बच्चों - महिलाओं, बुज़ुर्गों की आवाज़ उठाने वाला कोई नहीं। ऐसा लग रहा है कि पूरे फ़िलिस्तीन को ही आतंकवादी संगठन हमास के रूप में देखा जा रहा है। इस भ्रांति को तोड़े जाने की ज़रूरत है। हमास की ग़लतियों की सज़ा पूरे फ़िलिस्तीन के नागरिकों को देना ठीक नहीं। विश्व के बड़े नेताओं को अब शांति की पहल भी करना चाहिए। मुख्य रूप से इस्लामिक देशों का फ़िलिस्तीनियों से जुड़ाव इस सारे मामले को अलग स्वरूप दे रहा है। यद्यपि अभी तक इज़राइल ने किसी दूसरे देश से सैन्य सहायता नहीं मांगी है, लेकिन निकट भविष्य में यदि अंतरराष्ट्रीय ध्रुवीकरण हुआ तो विश्व शांति पर आंच आने की सम्भावना एकदम निर्मूल भी नहीं।

यदि किसी भी विवाद में एक पक्ष मुस्लिम और दूसरा ग़ैर मुस्लिम हो तो उस विषय में भारतीयों के कुछ बड़े तबकों की रुचि बढ़ जाती है। ऐसे मामलों को अक्सर साम्प्रदायिक चश्मे से देखा जाता है। इसीलिए भारत में जहां मुस्लिम संगठन से युद्ध के कारण इज़राइल को हीरो मानने वाला तबक़ा भी है तो बिना हमास के कुकर्मों की निंदा किए फ़िलिस्तीन का समर्थन करने वाला तबक़ा भी। शासन के दबाव में प्रशासन फ़िलिस्तीन के समर्थन में रैली आदि निकालने वालों पर एफ़आईआर जैसे मामले भी सामने आने लगे हैं। कुल मिलाकर भारत में इस विवाद को अपने पसंदीदा चश्मे से देखा जा रहा है। किसी को याद नहीं कि फ़िलिस्तीन किसी समय भारत का मित्र होता था और स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी को यास्सेर अराफ़ात अपनी बहन मानते थे और वे अटलजी के भी बेहद क़रीब रहे। सोशल मीडिया पर भी अपनी पसंद -नापसंद के इज़हार के साथ असली -नक़ली वीडियो भी ख़ूब वायरल हो रहे हैं। जिस तरह से घटनाक्रम चल रहा है उससे यह भी स्पष्ट है कि अभी कुछ दिन और यह मुद्दा भारत में भी अपने अपने नैरेटिव के हिसाब से सोशल मीडिया पर सुर्ख़ियां बनाता रहेगा और बहसों का केंद्र रहेगा। यह समय विश्व के नेताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है, जब वे अपने शांति प्रयासों से मानवता की रक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। नफ़रत बढ़ाना और उन्मादी होकर क़त्लेआम देखना कम से कम हमारी संस्कृति नहीं। याद रखिए कि गांधीजी ने कहा था कि आंख के बदले आंख का रास्ता एक दिन पूरी दुनिया को अंधों के रहने की जगह बना देगा। तो आइये अब लौट चलें शांति और मानवाधिकारों की ओर। हिंसा हमेशा बुरी है और शांति सदैव श्रेष्ठ। आइये शांति की उम्मीद और प्रार्थना करें।

*( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी हैं। )*

## पावन प्रसंग

### शक्ति व साधना का पर्व : नवरात्रि

वर्षभर में नवरात्रि दो बार आती है। नवरात्रि में नौ देवियों की पूजा का विशेष महत्व है। यह पर्व शक्ति साधना का पर्व कहलाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से जिस समय नवरात्रि आती है वह काल संक्रमण काल कहलाता है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जहां शीत ऋतु शुरू होती है। दोनों ही समय वातावरण में विशेष परिवर्तन होता है। जिसमें अनेक प्रकार की बीमारियां होने की संभावना रहती है। उपवास के माध्यम से शरीर के बढ़े हुए या कम हुए तापमान को नियंत्रित कर शुद्ध आचार-विचार, आहार के द्वारा नई ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ऐसा करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है।

वासंतिक नवरात्रि से भारतीय नवरात्रि से भारतीय नववर्ष शुरू होता हैं। विक्रमी संवत् का प्रारम्भ गुप्त वंश के महान सम्राट विक्रमादित्य के विदेशी आक्रमणकारी जो लगभग अजेय थे उन शंकों को परास्त कर विजय स्मृति के रूप में प्रारम्भ किया था। भारत में प्रचलित सभी कला गणनाओं के अनुसार सभी संवतों का प्रथम दिन भी चैत्र शुक्ल प्रथम ही हैं। नवरात्रि के तहत नौ दिन मां भगवती के नौ रूपों की पूजा अर्चना कर उपवास रखा जाता है। वर्ष में दो बार आने वाले इन नवरात्रों के तहत दुर्गा मंदिरों में विशेष उत्सव और समारोह होते ही हैं अधिकांश भारतीय परिवारों में देवी की विशेष पूजा व हवन भी किये जाते हैं। इन दिनों देवी के निमित्त व्रत रखने का विधान हैं। यदि नौ दिन के व्रत रखना संभव न हो तो पहले और अंतिम नवरात्रि का व्रत रखना चाहिए। इसका समापन कन्याओं को भोजन करवाकर उन्हें वस्त्र, पैसे आदि भेंट करने से होता है।

नवरात्रों में मंदिर जाएं या नहीं घर पर एक निश्चित स्थान पर पूजन करने का शास्त्रों में विधान है। पूजा स्थल का यदि फर्श कच्चा है तो गोबर से लीप कर और यदि फर्श पक्का है तो पानी से धोकर वहां लकड़ी का एक पटरा रखा जाता हैं और घड़े या लोटे में जल भर कर कलश की स्थापना की जाती है। सिंहवाहिनी भगवती दुर्गा का चित्र पटरे पर रखा जाता है। कलश पर नारियल को लाल कपड़े से लपेटकर रखा जाता है। इस प्रकार आठ या नौ दिन पूजा के बाद महालक्ष्मी का रामनवमी की पूजा कर कन्या का पूजन भी किया जाता है। कन्याओं को रोली का टीका लगाकर उनके हाथ में मौली बांधी जाती है। कई लोग घर में रखे गये श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का विधान अनुसार पूजा के बाद हवन भी करते हैं। ब्रह्म पुराण के अनुसार आज इसी दिन ब्रह्मा जी की पूजा आराधना का शास्त्रीय विधान भी है।

मां भगवती के नौ रूप इस प्रकार हैं-शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्मांडा, स्कन्द माता, कात्यायनी, कालरात्री, महागौरी एवं सिद्ध दात्री। वैसे तो वर्ष में चार बार नवरात्रों का आगमन होता है। लेकिन शुक्ल पक्ष एवं अश्विन पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक आने वाले नवरात्रों का विशेष महत्व है। नवरात्रों में भक्तगण वैष्णव तरीके से व्रत अथवा उपवास रखकर मां भगवती की विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं।

नवरात्रों मे किये गये देवी पूजन, हवन, धूप-दीप आदि से घर का वातावरण व आत्मा तक को एक अलौकिक शक्ति एवं शुद्धि की प्राप्ति होती है। हमारे धार्मिक ग्रन्थों में देवी पूजा की कई विधियां, व्रत एवं आत्म संयम का वर्णन किया गया है किन्तु आधुनिक युग के परिवेश में वेद पुराणों में लिखित पूजा का विधान से पालन कर पाना प्रत्येक मनुष्य के लिए संभव नही है। दिखावे के लिए किया गया पूजा पाठ, समय-शक्ति एवं धन का अपव्यय होता है। इसलिए समय, साधन और श्रद्धा के अनुसार नवरात्रों से सम्बन्धित जप एवं मंत्र के भावार्थ को अपने जीवन में सार्थक करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। आंतरिक व बाहरी स्वच्छता व शक्ति प्राप्ति का सहज मार्ग मां दुर्गा के नवरात्रों के लिए व्रत पालन का संकल्प बिना किसी दबाव दिखावे अथवा नि:स्वार्थ और श्रद्धा अनुसार किया जाना चाहिए।

**चेतन आचार्य सुमन सागर**

## आपके पत्र

### तेलंगाना में मतदाताओं को रिझाने लगाया घोषणाओं का अंबार

जनता और सरकार के बीच तादात्म्य स्थापित नहीं होने और मतदाता राजनैतिक दलों से मुंह मोड़ लेती है तब जनता को अनेक प्रकार का प्रलोभन देकर वोटबैंक खड़ी की जाती है। यह सत्तारूढ़ और विपक्षी दल इस माहौल से गुजर रहे हैं। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश आदि उदाहरण हमारे सामने है। मतदाता पार्टी से विमुख हो जाते हैं तब मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट देने का आग्रह किया जाता है। दो रुपए किलो गेंहू, पांच सौ रुपए सिलेंडर और सौ यूनिट मुफ्त बिजली का आफर देकर जनता से वोट मांगे जा रहे हैं। लेकिन मतदाता अपने स्वार्थ में उन उम्मीदवारों को वोट देकर जीत दिलाते हैं, जिनके बदौलत पांच साल तक सहन करना पड़ता है। खून के आंसू रोना पड़ता है। मतदाताओं को कम से कम इतने सस्ते में तो नहीं बिकना चाहिए। बिको तो ऐसे बिको कि दुनिया में तुम्हारी कोई कीमत नहीं लगा सके। हमने पुरानी सारी सरकारों को नजदीक से देखा है। देश में न कोई शांति थी और न ही कौमी एकता के दर्शन होते थे। सरहदें जल रही थी। आतंकवाद चरम पर था। देश में अराजकता का माहौल था। कश्मीर जल रहा था। सेना सरकार के इशारों पर काम करती थी। हर दूसरे दिन कर्फ्यू लगाया जाता था। देश में आए दिन हिन्दू-मुसलमान होता था। देश में हर रोज कहीं न कहीं बम ब्लास्ट होते थे। आर्थिक विषमताओं से जनता परेशान थी। देश में अराजकता व्याप्त थी। कश्मीर की समस्या के हल के लिए सयुंक्त राष्ट्र हमेशा भारत पर दबाव बनाते थे। पाकिस्तान भारत पर हावी था। अब भारत की चमक दुनिया में पसर गई है। आज भारत के एक इशारे पर दुनिया हरकत में आ जाती है। इन सभी सुधारवादी अभिगम के बाद देश में मजबूत सरकार की जरूरत है। ईमानदार और नैतिक जिम्मेदारी व्यक्तित्व की आवश्यकता है। मुफ्त की रेवड़ी के लालच में कमजोर सरकार और कमजोर प्रत्याशियों को अपना कीमती मत नहीं देना है। अभी चुनाव की रणभेरी बजी है। कुछ ही समय में लालच और मुफ्त रेवड़ी की भरमार होगी। लेकिन देशहित में काम करने वाले उम्मीदवारों को वोट देकर आगे लाना है। देश बचेगा तो हम सब की सलामती है। हम दुनिया के उपद्रवियों को देख ही रहे हैं। पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर महत्वपूर्ण व्यक्ति को आगे लाना है। पांच विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में सोच समझ कर मतदान करना है। रेवड़ियों के सहारे कीमती मत बर्बाद नहीं करना है जो आपको एक रुपए की सहूलियत देंगे,वे दूसरे हाथ से हजारों रुपए आपके और हमारे जेब से निकाल देंगे। ईमानदार और मजबूत सरकार को वोट देकर सता के गलियारों तक पहुंचाना है जिससे हमारे और हमारे बच्चों के भविष्य को संवारा जा सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## वियतनाम में मंकीपॉक्स के छह नए मामले

**हनोई।** दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में एक सप्ताह में मंकीपॉक्स के छह और मामले सामने आने से इनकी कुल संख्या 19 हो गई है। हो ची मिन्ह सिटी मंकीपॉक्स के 12 मामलों को अलग इलाज कर रहा है, जिनमें से सभी की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। मंकीपॉक्स वियतनाम में एक बी समूह संक्रामक रोग है। हो ची मिन्ह सिटी के स्वास्थ्य विभाग ने सितंबर 2022 में पहला मामला सामने आने के बाद से, रोग नियंत्रण केंद्र और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को समुदायों के बीच रोकथाम और नियंत्रण को मजबूत करने का आदेश दिया है।



# हमास का गाजा में इजरायल के साथ अस्थायी युद्धविराम से इनकार

**गाजा,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया कि वह गाजा पट्टी में इजरायल के साथ अस्थायी युद्धविराम पर सहमत हो गया है। मीडिया रिपोर्टों में कहा

■ **इजरायल व हमास के बीच संघर्ष में अब तक चार हजार लोगों की मौत**

गया है कि मिस्र को तटीय इलाके में मानवीय सहायता भेजने की अनुमति देने के लिए गाजा में पांच घंटे का युद्धविराम होगा। रिपोर्टों के अनुसार युद्धविराम के तहत गाजा और मिस्र के बीच एकमात्र क्रॉसिंग पॉइंट राफा सीमा पार को गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश तथा संघर्ष क्षेत्र से विदेशियों की निकासी की अनुमति देने के लिए फिर से खोला जाएगा।

गाजा में हमास की ओर से संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय के प्रमुख सलामा मारौफ ने एक बयान में कहा, हमें किसी भी पक्ष से सूचित नहीं किया गया कि गाजा में आगामी घंटों में संघर्ष विराम होगा। राफा में एक एजेंसी ने पुष्टि की कि सीमा बिंदु अभी भी बंद है और जल्द ही फिर से खुलने का कोई संकेत नहीं है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने विदेशियों की निकासी के लिए गाजा में युद्धविराम या मानवीय सहायता पर किसी भी समझौते पर पहुंचने से भी इनकार किया। इजरायल ने पिछले घंटों के दौरान गाजा पर अपने हमले बढ़ा दिए जिसमें दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक चार हजार लोग मारे जा चुके हैं। गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 2670 हो गई है जबकि 9600 से अधिक लोग घायल हुए है। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने कहा कि इजरायली हमले पूरी क्रूरता के साथ जारी हैं। हमलों ने आवासीय पड़ोस को निशाना बनाया है और लोगों के घरों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि आवासीय इलाकों और अस्पतालों की ओर जाने वाली सड़कों पर बड़े पैमाने पर विनाश के कारण बचाव कार्यों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गाजा पर शासन करने वाले हमास ने एक सप्ताह पहले गाजा से सटे इजरायली शहरों पर अचानक हमले किए थे।



### इजरायली सेना ने गाजा में सैन्य कमांड केंद्रों को किया नष्ट

गाजा। इजरायली सेना ने पिछले कुछ घंटों में गाजा पट्टी में सैन्य कमांड पोस्ट को नष्ट कर दिया। यह जानकारी इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को दी। आईडीएफ ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, पिछले कुछ घंटों में गाजा पट्टी में दर्जनों सैन्य कमान केंद्रों और मोर्टार शेल चौकियों को नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा, हमास 'नुखबा' कमांडो बलों के कमांडरों में से एक अली कादी के ऑपरेशनल कमांड केंद्र पर भी हमला किया गया, जो कुछ दिन पहले मारा गया था। आईडीएफ ने कहा कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने एक सैन्य परिसर पर हमला करके हमास के कई सदस्यों को भी मार गिराया।

## इजरायल गाजा पर हमले जारी रखेगा तो संघर्ष बढ़ेगा : रायसी



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल गाजा पट्टी पर हमले जारी रखेगा तो संघर्ष और बढ़ेगा। श्री रायसी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत में कहा कि अगर जायोनी शासन इन अपराधों (फिलिस्तीनियों के खिलाफ) को जारी रखकर अपनी हार की कीमत चुकाना चाहता है, तो युद्ध का विस्तार होगा। ईरान के राष्ट्रपति के कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, श्री रायसी ने पिछले कुछ दिनों में फिलिस्तीनियों पर इजरायल के हमलों की कड़ी निंदा की और फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में एक रैली को रोकने के लिए फ्रांसीसी सरकार की आलोचना की। फ्रांस के राष्ट्रपति ने अपनी ओर से गाजा पट्टी में संकट के बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और ईरान से क्षेत्र में स्थिति को नियंत्रित करने में अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाने का आह्वान किया। हालांकि, श्री रायसी ने कहा कि प्रतिरोध समूह स्वयं निर्णय ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गत 07 अक्टूबर को इजरायल पर हजारों रॉकेटों और बड़ी संख्या में आतंकवादियों की घुसपैठ के साथ अचानक हमला किया।

## सुडोकू 6349

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 6 | | | | |
| 1 | 2 | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 2 | | 1 | | | 7 |
| | | | | | 7 | | | 5 |
| 6 | 3 | | | | | | 7 | 1 |
| 9 | | | 4 | | | | | |
| 4 | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | 3 | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 17 अक्टूबर, 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष -आज दिन में स्नेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। नए वस्त्र तथा आभूषणों की खरीदी कर सकेंगे। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप को संयमित व्यवहार करना पड़ेगा।

वृषभ -व्यापार के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुख-शांति का बना रहेगा। विरोधियों पर आप को विजय प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थल पर सहकर्मी विशेष सहायक बनेंगे।

मिथुन -आज का दिन मध्यम फलदायी है। नए काम का आरंभ ना करें। बौद्धिक चर्चाओं के लिए आज का दिन शुभ नहीं है। संतान संबंधी चिंता आपको बनी रहेगी। दोपहर के बाद घर का वातावरण सुख शांतिवाला रहेगा।

कर्क -आप की हताशा मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार से आप को चिंतित करेगी। संभवत: यात्रा को आज टाल दें। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बहुत ध्यान रखने की जरूरत है।

सिंह -आज धार्मिक यात्रा हो सकती है। किसी भी तरह के नए काम की शुरुआत आज कर पाएंगे। विदेश से लाभदायी समाचार मिलने की संभावना है। पूंजी-निवेश करनेवालों के लिए समय अच्छा रहेगा।

कन्या -आज किसी भी तरह के डिसीजन ले पाने की स्थिति में नहीं रहेंगे। आज नए काम का प्रारंभ करना उचित नहीं है।ज्यादातर समय आप मौन ही रहें, अन्यथा किसी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला -आज दिन की शुरुआत अच्छी होगी। मन को दृढ़ रखकर किसी भी तरह का काम शुरू करेंगे, तो सफल होगा। नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में पैसा खर्च होगा। दोपहर के बाद आप मानसिक रूप कमजोर रहेंगे।

वृश्चिक -आध्यात्मिक और ईश्वर की भक्ति से आज मन को शांति प्राप्त होगी। मन में उठ रही नेगेटिव भावनाओं पर संयम रखना आवश्यक होगा। कोर्ट- कचहरी के काम में संभलकर चलें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

धनु -आज आप की आय में वृद्धि और लाभ होगा। सामाजिक कामों में भाग लेने से मन प्रसन्न रहेगा। मान-सम्मान और आय में वृद्धि होगी। व्यापार से लाभ होने की संभावना है। वाहन संभलकर चलाएं।

मकर -स्थायी संपत्ति के काम के लिए आज का दिन श्रेष्ठ है। व्यापार में सफलता मिलेगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। आज पदोन्नति के योग हैं। परिवार का वातावरण आनंदपूर्ण रहेगा।

कुंभ -आज व्यापार करने वालों को संभलकर चलना होगा। नौकरी में अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय बहुत ध्यान रखें। संतान के स्वास्थ्य या पढ़ाई के विषय में चिंता रहेगी। लंबे समय के प्रवास की योजना बनेगी।

मीन -किसी के साथ वाद-विवाद या तकरार न करें। आज गुस्से पर पर संयम रखें। धार्मिक या ज्योतिष संबंधी चीजों में आपकी रुचि बनी रहेगी। गहन चिंतन आप के मन को शांति प्रदान करेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूएन प्रमुख ने गाजा तक मानवीय सहायता पहुंचाने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में त्वरित और निर्बाध मानवीय सहायता पहुंचाने और हमास द्वारा रखे गए बंधकों की रिहाई का आह्वान किया है। उन्होंने रविवार को एक बयान में कहा, मध्य पूर्व में इस संकट के समय संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के रूप में मजबूत मानवीय अपील करना मेरा कर्तव्य है।

उन्होंने कहा, हमास की ओर से बंधक बनाए गए लोगों को बिना किसी शर्त के तुरंत रिहा किया जाना चाहिए; इज़राइल को, गाजा में नागरिकों मानवीय आपूर्ति त्वरित और निर्बाध पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, इन दोनों उद्देश्यों को सौदेबाजी का साधन नहीं बनना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के पास मिस्र, जॉर्डन, वेस्ट बैंक और इज़राइल में भोजन, पानी, गैर-खाद्य पदार्थ, चिकित्सा आपूर्ति और ईंधन का भंडार उपलब्ध है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ये सामान कुछ ही घंटों में भेजा जा सकता है। गुटेरेस ने कहा कि डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए, संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों और जमीनी स्तर पर साझेदारों को इन सामानो को गाजा में सुरक्षित रूप से और बिना किसी बाधा के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए।

## फिलिस्तीन के मुद्दे पर मिश्र का बहुपक्षीय बैठक का प्रस्ताव



'दो-राज्य समाधान के अलावा फिलिस्तीनी मुद्दे का कोई समाधान नहीं'

**काहिरा,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। मिस्र ने नवीनतम स्थिति और फिलिस्तीनी मुद्दे के समाधान के लिए एक बहुपक्षीय बैठक की मेजबानी की पेशकश की है। मिस्र के राष्ट्रपति ने एक बयान में यह कहा। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी ने क्षेत्रीय विकास की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक की, विशेष रूप से गाजा पट्टी में सैन्य वृद्धि के संबंध में। मिस्र गाजा में शांति हासिल करने और शांति प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए कोई भी प्रयास करने के लिए तैयार है। बयान में कहा गया है, दो-राज्य समाधान के अलावा फिलिस्तीनी मुद्दे का कोई समाधान नहीं है, बयान में कहा गया है कि मिस्र ने गाजा के लोगों के विस्थापन को खारिज कर दिया है। इसमें कहा गया है कि बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक लाल रेखा है और इसकी सुरक्षा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बयान के अनुसार, मिस्र तनाव को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय भागीदारों के साथ संपर्क जारी रखेगा। बयान में कहा गया है कि मिस्र से घिरे फिलिस्तीनी इलाके में मानवीय सहायता पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए वह आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय राहत संगठनों के साथ संपर्क और गहरा करेगा। मिस्र के अधिकारियों और रेड क्रिसेंट के अनुसार, गुरुवार से मिस्र के उत्तरी सिनाई में एल अरिश हवाई अड्डे पर जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, ट्यूनीशिया और डब्ल्यूएचओ से गाजा पट्टी के लिए सहायता सामग्री ले जाने वाले विमान उतरे।

## नोबोआ इक्वाडोर के राष्ट्रपति चुने गए

### नोबोबा ने 52.29 प्रतिशत मत प्राप्त किए




**क्विटो,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिजनेस हस्ती डेनियल नोबोआ इक्वाडोर के नये राष्ट्रपति चुने गए है। राष्ट्रपति चुनाव में श्री नोबोबा ने 52.29 प्रतिशत मत प्राप्त किए है जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी लुइसा गोंज़ालेज़ को 47.71 प्रतिशत मत मिले है। नेशनल इलेक्टोरल काउंसिल (सीएनई) ने रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के प्रारंभिक आधिकारिक परिणामों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इक्वाडोर के इतिहास में श्री नोबोआ 35 साल की सबसे कम उम्र के राष्ट्रपति बने हैं।

सीएनई ने 90.78 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के साथ श्री नोबोआ के इक्वाडोर में राष्ट्रपति चुनाव जीत लिए जाने की घोषणा की है। सीएनई अध्यक्ष डायना अटामेंट ने पुष्टि की कि परिणाम अपरिवर्तनीय है। उन्होंने श्री नोबोआ को दक्षिण अमेरिकी देश का राष्ट्रपति घोषित किया। पूर्व राष्ट्रपति राफेल कोरिया के नेतृत्व वाले नागरिक क्रांति आंदोलन की उम्मीदवार लुइसा गोंजालेज ने अपनी हार स्वीकार कर ली और अपने प्रतिद्वंद्वी को बधाई दी है। उन्होंने निर्वाचित राष्ट्रपति को अपने राजनीतिक संगठन का समर्थन व्यक्त किया। नेशनल डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी के उम्मीदवार श्री नोबोआ केला व्यवसायी श्री अलवारो नोबोआ का बेटा हैं, जिन्होंने पांच बार राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा , लेकिन असफल रहे। श्री नोबोआ के पास अगले चुनाव तक केवल 17 महीने का कार्यकाल होगा। वह मई 2025 तक ही इस पद पर रहेंगे।

## युगांडा ने हवाई हमलों के बाद जवाबी हमलों की चेतावनी दी

**कंपाला,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने रविवार को पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में शिविरों पर सैन्य हवाई हमलों के बाद एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) विद्रोहियों को जवाबी हमलों की चेतावनी दी। श्री मुसेवेनी ने अपने बयान में कहा कि सैन्य लड़ाकू-बमवर्षकों ने शनिवार को बुंदीबुग्यो-सेमिलिकी की पश्चिमी सीमा पर चार अलग-अलग बिंदुओं पर एडीएफ विद्रोहियों के ठिकानों पर दूसरा हवाई हमला किया। हमले में कई एडीएफ सदस्य मारे गए। पिछला हवाई हमला इसी महीने की शुरुआत में किया गया था। आतंकवादी (एडीएफ) कांगो से भाग रहे हैं, और युगांडा में फिर से प्रवेश कर रहे हैं और कुछ आतंकवादी आतंकी कृत्यों को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ने कहा, इसलिए, जनता को अपने क्षेत्र में आने वाले अजीब लोगों से सावधान रहने के लिए सतर्क किया जाता है। उनकी सूचना अपने निकटतम पुलिस को दें। यहां तक कि रिश्तेदार भी जो लंबे समय से दूर हैं और अचानक लौट आते हैं।

## वर्ग पहेली 6349



**बायें से दायें:-**

१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, शुमारी, किसी क्षेत्र की आबादी की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. 'पासपोर्ट'
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लेन-देन का हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनियंत्रित, निरंकुशहीन
२. हठात
३. कलेवा, नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्गा
११. आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा (उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान (उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

### वर्ग पहेली-6348



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1870-कलकत्ता बंदरगाह को एक संवैधानिक निकाय प्रबंधन के तहत लाया गया।
1888-वैज्ञानिक थामस अल्वा एडिसन ने ऑप्टिकल फोनोग्राफ के पेटेंट के लिए आवेदन किया।
1892-राजनीतिज्ञ एवं स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री आर. के. शनमुखम चेट्टी का जन्म।
1912-बुल्गारिया, यूनान और सर्बिया ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
1917-प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटेन ने पहली बार जर्मनी पर हवाई हमले किये।
1933-प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन नाजी जर्मनी से अमेरिका चले गये।
1941-द्वितीय विश्व युद्ध में पहली बार जर्मनी की पनडुब्बी ने एक अमेरिकी पोत पर हमला किया।
1955-हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री स्मिता पाटिल का जन्म।
1970-भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी अनिल कुंबले का जन्म।
1979-मदर टेरेसा को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
1998-भारत के पाँच राज्यों के राज्यपाल रहे लल्लन प्रसाद सिंह का निधन।
2000-पश्चिम एशिया शांति वार्ता सम्पन्न, दोनों पक्ष बिल क्लिंटन के तीन सूत्रों पर सहमत।
2003-चीन ने अंतरिक्ष में एशिया के पहले और रूस के बाद तीसरे देश के रूप में अंतरिक्ष में मानव भेजने में सफलता प्राप्त की।
2004-न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री क्लार्क भारत पहुँची।

**राहत** हेरात प्रांत की राजधानी पहुंची सहायता सामग्री

## चीन ने अफगानिस्तान को भूकंप सहायता की पहली खेप भेजी

**काबुल, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन ने अफगानिस्तान को भूकंप सहायता का पहली खेप भेजी है। चीन सरकार की भूकंप-राहत सामग्री की पहली खेप हेरात प्रांत की राजधानी हेरात सिटी पहुंची और रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना की ओर से राहत आपूर्ति भी उसी समय की गई। इस मौके पर अफगानिस्तान में चीनी राजदूत झाओ शिंग ने चीनी सरकार और रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना की ओर से आपूर्ति प्रदान करने वाले प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यवाहक मंत्री, मोहम्मद अबास अखुंद और अफगान रेड क्रीसेंट सोसाइटी के उपाध्यक्ष, अब्दुल लतीफ सबित भी मौजूद रहे।**

श्री झाओ शिंग ने कहा कि अफगानिस्तान के भूकंप पीड़ित लोगों को कठिनाइयों से बाहर निकलने में मदद करने के लिए, चीनी सरकार ने सहायता सामग्री प्रदान करने का निर्णय लिया।

यह अफगान लोगों के प्रति चीनी लोगों की मैत्रीपूर्ण भावनाओं को दर्शाता है। अफगान की अंतरिम सरकार और समाज के सभी क्षेत्रों के संयुक्त प्रयासों से प्रभावित लोग बहुत जल्द कठिनाइयों से बाहर निकलने और अपने घरों का पुनर्निर्माण करने में सक्षम होंगे।

श्री अखुंद ने कहा कि अफगान अधिकारी हेरात प्रांत में आपातकालीन राहत एवं पुनर्निर्माण कार्य कर रहे हैं, प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित कर रहे हैं और अस्थायी आश्रयों का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन ने मानवीय सहायता की आपूर्ति बहुत आवश्यक समय पर की है और अफगानिस्तान इसके लिए तहे दिल से आभारी है और इसे हमेशा याद रखेगा। श्री सबित ने भूकंप के बाद पश्चिमी हेरात प्रांत की स्थिति के साथ-साथ अफगान रेड क्रिसेंट सोसाइटी द्वारा किए जा रहे भूकंप-राहत प्रयासों की जानकारी दी और चीनी सरकार, रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना और चीनी लोगों को अफगानिस्तान के सबसे कठिन समय में निस्वार्थ और मूल्यवान सहायता प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। गत 07 अक्टूबर को पश्चिम अफगानिस्तान में 6.2 तीव्रता वाला दो भूकंप आया था, जिसके बाद कई और झटके भी महसूस किए गए, जिसमें 2,400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और हजारों घर नष्ट हो गए।



■ **7 अक्टूबर को पश्चिम अफगानिस्तान में 6.2 तीव्रता वाले दो भूकंप आए थे**

## दुनिया को जानें

### कम्बोडिया के पर्यटक केंद्र में चीनी एसएआई का परिचालन शुरू

**नोम पेन्ह,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कम्बोडिया के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित पर्यटक केंद्र में चीनी निवेश वाले सिएम रीप अंगकोर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एसएआई) ने सोमवार को परिचालन शुरू कर दिया। बैंकॉक एयरवेज द्वारा संचालित पहली वाणिज्यिक उड़ान सोमवार सुबह हवाई अड्डे पर उतरी, जिसका कंबोडियाई उप प्रधान मंत्री और कैबिनेट मंत्री वोंगसी विसोथ ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर श्री विसोथ ने कहा कि नया हवाई अड्डा कोविड-19 महामारी के बाद के युग में सिएम रीप प्रांत में पर्यटन के विकास को बढ़ावा देगा। यह बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत कंबोडिया और चीन के बीच अच्छे सहयोग का एक प्रमाण है। विसोथ ने कहा कि एसएआई लंबी अवधि में कंबोडिया के पर्यटन, व्यापार और अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देगा और सिएम रीप प्रांत के स्थानीय लोगों को इस हवाई अड्डे से अधिकतम लाभ मिलेगा। एसएआई में अंगकोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट इन्वेस्टमेंट (कंबोडिया) कंपनी लिमिटेड द्वारा निवेश किया गया है, जो चीन की युन्नान इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स लिमिटेड की सहयोगी कंपनी है।

# प्रादेशिकी

## विश्वभर में बढ़ते आतंकवाद के समय में रामायण की ज्यादा महता : गणेशीलाल

**सिरसा,** 16 अक्तूबर (एजेंसियां)। ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल ने कहा है कि आज के समय में रामायण की जरूरत और ज्यादा हो गई है। विश्व में चारों तरफ आतंकवाद फैला हुआ है। आतंकवाद के खात्मे के लिए भगवान राम के आदर्शों को अपनाना जरूरी है। हरियाणा में सिरसा के श्री रामा क्लब चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जनता भवन रोड स्थित रामलीला ग्राउंड में आयोजित 74वें रामलीला महोत्सव का रविवार रात भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री गणेशी लाल बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी मनीष सिंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के मुख्य संरक्षक श्याम बजाज ने की। क्लब के प्रधान अश्वनी बठला, गुलशन गाबा व अन्य ट्रस्टियों ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

## तीन दिवसीय यूएई के दौरे पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार से तीन दिवसीय यूएई के दौरे पर जा रहे हैं। सीएम धामी दिसंबर में होने जा रही उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने और निवेश लाने जा रहे हैं। बता दें कि 17 अक्टूबर को मुख्यमंत्री दिन में दुबई में कई औद्योगिक समूहों के साथ बीजी बैठक करेंगे। शाम को एक रोड शो में हिस्सा लेंगे। 18 अक्टूबर को सीएम धामी की संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में अबू धाबी चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (अबू धाबी चैप्टर) के सेमिनार को भी संबोधित करेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले औपचारिकताएं पूरी करने के लिए निवेशकों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए देहरादून के दून बिजनेस पार्क में हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी का स्थानीय कार्यालय खोल दिया गया है। सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले ही 25,000 करोड़ रुपए के निवेश को पूरा कर लेना चाहती है।



# लंबित मामलों के निपटारे के मकसद से सरकार मयुटेशन अदालत का आयोजन करेगी

**शिमला,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूबे में इंतकाल के लंबित मामलों के निपटारे के मकसद से सरकार मयुटेशन अदालत का आयोजन करेगी। मयुटेशन अदालत का आयोजन आगामी 30 अक्तूबर को प्रदेशभर में किया जाएगा। मंडे मीटिंग में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मयुटेशन अदालत के आयोजन की घोषणा की । उन्होंने कहा कि भूमि मुजारा कानून की धारा 118 के तहत जमीन खरीदने की तमाम प्रक्रिया को ऑन लाइन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इंतकाल के करीब 22 हजार मामले लंबित हैं। इन मामलों के निपटारे के लिए आयोजित होने वाली मुटेशन अदालतों में सभी तहसील व उप.तहसील तथा बंदोबस्त सर्कल स्तर पर केवल लम्बित मयुटेशन सत्यापन के मामलों पर निपटरा किया जाएगा। मुटेशन अदालत से आम आदमी को सुविधा के साथ ही उन्हें मूटेशन के लिए बार.बार सरकारी कार्यालयों में जाने से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मयुटेशन की प्रक्रिया समयबद्ध पूरी न होने के कारण लोगों को अनेक परेशानियों का



सामना करना पड़ता है और इससे विकास कार्यों की प्रगति भी प्रभावित होती है।उन्होंने अधिकारियों को मुटेशन अदालत के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नये पाठ्यक्रम आरम्भ किये जाएंगे। यह पाठ्यक्रम रोजगारपरक और नवीन प्रौद्योगिकी पर आधारित होंगे। इनमें कृत्रिम मेधा(एआई) का समावेश भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को गुणात्मक एवं व्यवहार्य बनाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के 1500 बसों के बेड़े को चरणबद्ध तरीके से विद्युत चालित वाहनों से बदला जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में यूवी फिल्टरेशन यूनिट स्थापित करने के लिए स्थल चयनित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल उपचार के लिए ब्लीचिंग पाउडर का इस्तेमाल चरणबद्ध तरीके से बंद कर दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज पीटरहॉफ शिमला में हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में चीन के हांगझोऊ में सम्पन्न एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने ऊना जिला के पुरूष वर्ग में कबड्डी खिलाड़ी विशाल भारद्वाज, भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान रितु नेगी तथा टीम की सदस्य निधि शर्मा, ज्योति, पुष्पा राणा और सुषमा शर्मा को शाल व टोपी से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है और इस बार के एशियन खेलों के आंकड़े हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शा रहे हैं। भारतीय दल ने कुल 107 पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उनकी सफलता उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरक है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों से युवाओं को समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में शीघ्र ही एक गरिमापूर्ण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सरकार राज्य में आधारभूत खेल ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास कर रही है तथा राज्य की खेल नीति में परिवर्तन लाने पर भी विचार किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष राज कुमार नीटू ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और एसोसिएशन की गतिविधियों बारे अवगत करवाया।

## उपमुख्यमंत्री और अन्य सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 4 नवम्बर को होगी

**शिमला,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाईकोर्ट में उपमुख्यमंत्री और अन्य सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 4 नवम्बर को होगी। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व न्यायाधीश बी सी नेगी की खंडपीठ ने उपमुख्यमंत्री के आवेदन पर फैंसला सुरिक्षत रख लिया जिसमे उन्होंने उनकी नियुक्ति को कानूनी तौर पर सही ठहराते हुए याचिका से उनका नाम हटाने की गुहार लगाई है। गौरतलब है कि भाजपा नेता सतपाल सत्ती सहित 12 भाजपा विधायकों ने उप-मुख्यमंत्री समेत सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती दी है। याचिका में अर्की विधानसभा क्षेत्र से सीपीएस संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहड़ू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। याचिका में उप मुख्यमंत्री को कैबिनेट मीटिंग में हिस्सा लेने से रोकने के आदेशों की मांग के साथ साथ इसकी एवज में मिलने वाले अतिरिक्त वेतन को वसूलने की मांग भी की है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने आवेदन में यह दलील दी है कि यह याचिका पूर्व भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष द्वारा दायर की गई है जिसमें कि उनको उप मुख्यमंत्री होने के नाते प्रतिवादी बनाते हुए उनकी नियुक्ति को चुनौती दी गई है। उनके अनुसार सात राज्यों में हिमाचल प्रदेश की तरह उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं और उन राज्यो में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। सर्वोच्च न्यायालय व हाईकोर्ट के निर्णयों के मुताबिक उनकी नियुक्ति कानून के दायरे में आती है। खंडपीठ ने दोनों पक्षों की ओर से हुई बहस सुनने के पश्चात आवेदन पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जबकि मुख्य याचिका पर सुनवाई 4 नवंबर के लिए निर्धारित की गई है।

### सार संक्षेप

## पिथौरागढ़ में आया 4 तीव्रता का भूकंप, कोई जनहानि नहीं

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज एक बार फिर धरती हिली है। इस बार पिथौरागढ़ जिले से 48 किलोमीटर दूरी पर भूकंप आया है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4 मापी गई है। फिलहाल जन धन के हानि की सूचना नहीं है। पिथौरागढ़ जिले के नजदीक साथ ही इससे सटे पड़ोसी देश नेपाल में भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। नेपाल में भी 4 तीव्रता का भूकंप आया है। नेपाल से भी किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। रविवार शाम को हरियाणा के फरीदाबाद में भी भूकंप आया था। फरीदाबाद में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 थी।

## राज्य चुनाव आयोग द्वारा पांच नगर निगमों की मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए समय-सारणी जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब चुनाव आयोग द्वारा राज्य के पांच नगर निगमों के नवंबर में होने जा रहे चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूची तैयार करने के लिए समय-सारणी जारी की गयी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि स्थानीय निकाय विभाग द्वारा पांच अक्टूबर, 2023 को अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके अनुसार नगर निगम अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला और फगवाड़ा में आम चुनाव करवाये जाने हैं। स्थानीय निकाय विभाग की नवीनतम वार्ड बन्दी के अनुसार आयोग द्वारा मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए समय- सारणी तैयार की गई है, जिसके अनुसार 19 अक्टूबर 2023 तक मतदाता सूचियां तैयार की जाएंगी। मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित करने की तारीख़ 21 अक्टूबर है। दावे और ऐतराज़ दायर करने की आखिरी तिथि 31 अक्टूबर और दावों और ऐतराज़ों का निपटारा आठ नवंबर 2023 किया जा सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 नवंबर 2023 को किया जाएगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल बनाने के लिए हो रहा है तेजी से कार्य : स्वास्थ्य विभाग

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिला सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को डिजीटल बनाने के लिए विभाग तेजी से कार्य कर रहा है ताकि लोगों को आसानी से सभी सेवाओं का लाभ मिल सके। डॉ कुमार ने कहा कि इसी दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट(आभा) खोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि नागरिक अपनी सभी मेडिकल रिपोर्टस को इस अकाउंट पर सुरक्षित रख सके। जिला नोडल अधिकारी डॉ अनीता की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के प्रशिक्षण के लिए पटवारी एवं ग्राम सचिवों की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उनको पूरी जानकारी दी गई कि आप किस प्रकार इस एकाउंट को खोल सकते हैं और चला सकते हैं।

### सुडोकू 6349 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 2 |

## जिला परिषद काडर के कर्मचारियों की हड़ताल को अनधिकृत करार दिया गया

**शिमला,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूबे में जिला परिषद काडर के कर्मचारियों की हड़ताल को अनधिकृत करार दिया गया है। पंचायती राज विभाग ने जिला परिषदों की मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से हड़ताल पर गए कर्मचारियों का ब्योरा तलब किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को 18 अक्तूबर तक हड़ताल पर गए कर्मचारियों का ब्योरा विभाग के निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में करीब 4700 जिला परिषद काडर के कर्मचारी बीते कुछ दिनों से हड़ताल पर हैं। हालांकि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह इन कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दे चुके हैं। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों से हड़ताल समाप्त करने की अपील भी की, बावजूद इसके विभाग में विलय की मांग को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए हैं। कर्मचारियों की हड़ताल से जहां पंचायतों में रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहीं सरकार के समक्ष घोषित आपदा राहत पैकेज को अमलीजामा पहनाने की भी चुनौती है। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पंचायती राज विभाग ने विकास कार्यों को जारी रखने के लिए वैकल्पिक बंदोबस्त किए हैं। पंचायत स्तर पर मनरेगा सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्य व लोगों के प्रमाण.पत्र इत्यादि से संबंधित दैनिक कार्य किए जाते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर लोगों की सुविधा के दृष्टिगत पंचायत सचिवों का कार्यभार ग्राम रोजगार सेवकों, सिलाई अध्यापिकाओं तथा पंचायत चौकीदारों को अस्थाई तौर पर सौंपा गया है। कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए उन्हें वित्तीय शक्तियां भी प्रदान की गई हैं।वैकल्पिक व्यवस्था से प्रमाण.पत्रों सहित पंचायत के अन्य सामान्य कामकाज बहाल करने में सहायता मिली है।

तकनीकी कर्मचारियों के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण मनरेगा के अन्तर्गत श्रमिकों की दिहाड़ी सहित किए गए कार्यों के मूल्यांकन में कठिनाइयां आ रही हैं। प्रदेश में हाल ही में बरसात के कारण हुई भारी तबाही तथा आपदा के कारण ग्रामीण स्तर पर निजी एवं सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विशेष आर्थिक पैकेज जारी किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रभावित परिवारों के घरों एवं गौशालाओं इत्यादि का पुनर्निर्माण, कृषि व बागवानी भूमि के संरक्षण सहित अन्य राहत व पुनर्वास कार्य किए जाने हैं।

# मोदी ने राजस्थान के साथ किया धोखाः गहलोत

**बारां,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजस्थान के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से बनती नहीं है, ऐसे में राजस्थान की जनता के साथ धोखा क्यों किया जा रहा है। श्री गहलोत कांग्रेस के पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) जन जनागरण अभियान के शुरुआत के अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इनकी श्रीमती राजे से बनती नहीं है और यह इनका घरेलू मामला है, हम इसमें कुछ नहीं कहना चाहते हैं लेकिन इनका गुस्सा श्रीमती राजे पर है तो फिर राजस्थान की जनता से धोखा क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित क्यों नहीं कर रही है जबकि इससे हजारों हैक्टेयर में सिंचाई एवं तेरह जिलों के लोगों को पीने का पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना तो श्रीमती राजे के समय बनी है और इसके बाद श्री मोदी



द्वारा इसे राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने का वादा करने के बाद भी इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं की जा रही है। जब देश में 16 परियोजनाएं राष्ट्रीय परियोजना बन चुकी है तो सत्रहवीं क्यों नहीं बन सकती है लेकिन नहीं बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान से 25 सांसद दिए गए लेकिन ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शानदार काम हुआ। कर्जामाफी, स्वास्थ्य के अधिकार का कानून बनाकर दिया गया है। मनरेगा शहर, इंदिरा रसोई योजना सहित कई ऐतिहासिक काम किए गए जिनकी घर घर में चर्चा हैं।

**इनकी श्रीमती राजे से बनती नहीं है और यह इनका घरेलू मामला है, हम इसमें कुछ नहीं कहना चाहते हैं लेकिन इनका गुस्सा श्रीमती राजे पर है तो फिर राजस्थान की जनता से धोखा क्यों किया जा रहा : अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान**

उन्होंने केन्द्र सरकार पर ईडी, इनकम टैक्स जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे लोकतंत्र को खतरा है और न्यायपालिका दबाव में हैं। देश किस दिशा में जा रहा है, सबको सोचने की जरुरत है। श्री गहलोत ने अपील करते हुए आह्वान किया कि यहां बहुत सारे लोग आये हुए हैं और इन्हें इस बार इतिहास बनाया जाना चाहिए। उन्होंने नारा दिया 'काम किया दिल से, कांग्रेस फिर से।' उन्होंने कहा कि प्रदेश में बुजुर्गों को पेंशन, किसानों एवं महिलाओं सहित सभी वर्ग के लिए काम किया गया और कोई कसर नहीं छोड़ी गई है।

### खड़गे के आने से ईआरसीपी पूर्ण करने के संकल्प को मिलेगी नई शक्तिः गहलोत

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन से प्रदेश की महत्वपूर्ण पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को पूर्ण करने के संकल्प को नई शक्ति मिलेगी। श्री गहलोत ने श्री खड़गे के प्रदेश कांग्रेस के ईआरसीपी जन जागरण अभियान का शुभारंभ के अवसर पर राजस्थान पहुंचने से पहले आज सुबह यह बात कही। उन्होंने कहा 'वीरों की धरती राजस्थान में श्री खड़गे का सहृदय स्वागत है। आपके आगमन से हमारे ईआरसीपी पूर्ण करने के संकल्प को नई शक्ति प्राप्त होगी।' उन्होंने कहा 'महत्वाकांक्षी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को पूर्ण करने के संकल्प के साथ आज बारां के डोल मेला मैदान में ईआरसीपी जन जागरण अभियान का शुभारंभ करूंगा।'

# दुष्यंत ने नहरों की रिमॉडलिंग व पुनर्वास के दिए निर्देश

**सिरसा,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकता अनुसार सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की फ़ीडर, नहरों और माइनरों की रिमॉडलिंग तथा रिहैबिलिटेशन की जाए ताकि सिंचाई का पानी टेल तक पहुंच सके और अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके। राजस्थान राज्य की सीमा में पड़ने वाली नोहर फीडर की रिमॉडलिंग तथा रिहैबिलिटेशन करने के लिए राजस्थान सरकार को भी पत्र लिखा गया है। श्री चौटाला सोमवार को अपने चंडीगढ स्थित कार्यालय में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



गौरतलब है कि चार रोज पहले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा हरियाणा-राजस्थान सरहद के गांव फेफाना से राजस्थान विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आरम्भ की 'संकल्प यात्रा' के दौरान किसानों के एक शिष्टमंडल ने उनसे मिलकर नोहर फीडर में टेल तक पर्याप्त सिंचित जल न पहुंचने का रोना रोया था। किसानों से मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सिरसा व साथ लगते राजस्थान की नहरों,फीडरों एवं माइनरों की सफाई तथा टेल पर पानी न पहुँचने के कारणों की समीक्षा के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। बैठक में विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, उपमुख्यमंत्री के ओएसडी कमलेश भादू,भाखड़ा जल सेवाएं के मुख्य अभियंता नितीश जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

श्री चौटाला ने समीक्षा के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिरसा जिला से होकर राजस्थान की तरफ जाने वाली नोहर फीडर की रिमॉडलिंग तथा रिहैबिलिटेशन की जाए ताकि टेल तक पानी पहुंचे। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य की सीमा में पडने वाली इस फीडर की रिमॉडलिंग तथा रिहैबिलिटेशन करने के लिए राजस्थान सरकार को भी पत्र लिखने का कहा।

## पांगी घाटी बहुत ही रमणीक, पर्यटन की अपार संभावनाएंः प्रतिभा

**किलाड़,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने रविवार को फुलयात्रा पांगी उत्सव का विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि पांगी घाटी बहुत ही रमणीक है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं है। श्रीमती सिंह ने फुलयात्रा पांगी उत्सव की बधाई देते हुए कहा, पांगी घाटी बहुत ही रमणीक है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं है। पांगी घाटी के पारंपरिक व्यंजन और उत्पाद को उजागर करने के लिए विशेष कार्य योजना के तहत आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेले व उत्सव लोक संस्कृति के परिचायक होते हैं। मेले और त्योहारों से आपसी भाईचारा बढ़ने के साथ-साथ क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को भी मिलती है। सांसद ने किलाड़ के खेल मैदान को विकसित करने के लिए सांसद निधि से पांच लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

## राजस्थान चुनाव के मद्देनजर पंजाब ने प्रवर्तन गतिविधियां और अराजक तत्वों पर निगरानी बढ़ाई

**चंडीगढ़,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पंजाब में सतर्कता बढ़ाने और अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए पंजाब के वित्त आयुक्त, कर, विकास प्रताप ने आज पंजाब के उत्पाद शुल्क आयुक्त, वरुण रुज़म और उत्पाद शुल्क आयुक्तालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान वित्त आयुक्त कर ने कहा कि राजस्थान राज्य में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष विधानसभा चुनाव कराने के लिए आबकारी आयुक्तालय पूर्ण सहयोग देगा। उन्होंने पंजाब के उत्पाद शुल्क आयुक्त को शराब तस्करी के गंभीर मुद्दे पर जल्द से जल्द सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। वित्तीय आयुक्त, कराधान, पंजाब के निर्देशों के आलोक में, संयुक्त आयुक्त (आबकारी), पंजाब को समग्र निगरानी के लिए पंजाब राज्य से नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस महानिदेशक, पंजाब पुलिस, पुलिस विभाग, पंजाब के समन्वय से फाजिल्का, मुक्तसर, मनसा, संगरूर, बठिंडा, मोहाली और पटियाला के सभी निकास बिंदुओं पर स्थायी चेक पोस्ट तैनात किए गए हैं। सतर्कता व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए जीएसटी मोबाइल विंग/एसआईपीयू के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अतिरिक्त सतर्कता दी गई है। स्थाई चौकियों और मोबाइल चेकिंग के लिए इंस्पेक्टरों की 24 घंटे ड्यूटी का रोस्टर जारी कर दिया गया है।

ट्रैक और ट्रेस स्टिकर, होलोग्राम, क्यूआर कोड और ई-एक्साइज पोर्टल के माध्यम से परमिट और पास को अनिवार्य करने के संबंध में सभी मानदंडों का अनुपालन और कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में सभी डिस्टिलरी और बॉटलिंग संयंत्रों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सभी संदिग्ध स्थानों, बंद स्थानों (कारखानों/गोदामों), जर्जर भवनों, ढाबों और एल-17 की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सेना ने अमृतपाल सिंह को 'गार्ड ऑफ ऑनर' न देकर पहले शहीद अग्निवीर के देश के प्रति योगदान का किया अपमान : मान

**कोटली कलाँ (मानसा),** 16 अक्टूबर (एजेंसियां) पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जम्मू-कश्मीर में देश की सेवा निभाते हुए शहादत प्राप्त करने वाले अग्निवीर अमृतपाल सिंह के परिवार को सम्मान राशि के तौर पर एक करोड़ रुपए के चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृतपाल सिंह के देश के प्रति योगदान के सम्मान में राज्य सरकार उनको शहीद का दर्जा देगी। मानसा के गांव कोटली कलाँ में शहीद के पैतृक घर का दौरा करने के उन्होंने कहा कि इस बहादुर सैनिक ने देश की एकता, अखंडता और प्रभुसत्ता की रक्षा के



लिए अपना कर्तव्य निभाते हुए शहादत प्राप्त की है, और उसके द्वारा दिए गए कीमती योगदान के सम्मान के तौर पर राज्य सरकार का यह विनम्र सा प्रयास है।

मुख्यमंत्री ने देश के पहले शहीद अग्निवीर अमृतपाल सिंह के माता-पिता से मिलकर शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि भेंट की है, जिसने 19 वर्षों की उम्र में देश के ख़ातिर शहादत दी। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ खड़ी है क्योंकि यह देश और ख़ासकर शहीद के परिवार के लिए कभी न पूरा होने वाली क्षति है। उन्होंने कहा कि गाँव में शहीद के नाम की प्रतिमा भी स्थापित की जायेगी। शहीद अमृतपाल सिंह को सेना द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' न देने पर सख़्त ऐतराज़ ज़ाहिर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भेदभाव वाले इस कृत्य से फ़ौजी जवानों के मनोबल को चोट पहुँचेगी। उन्होंने कहा कि शहीद जवान अग्निवीर होने के कारण फ़ौज का उसके प्रति यह व्यवहार बहुत दुखदायक है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल के माता-पिता ने अपना बेटा देश की सेवा करने के लिए भेजा था और ड्यूटी निभाते हुए उसकी मौत को शहीद न मानना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है, जिससे गलत मिसाल पैदा होगी। उन्होंने कहा कि यह पहली बार देखा गया है कि शहीद सैनिक की देह को प्राइवेट एंबुलेंस में लाना पड़ा हो, जो सरासर शहीद का अपमान है।

## पंचायती विभाग में हुए डिजीटलीकरण से ग्रामीण विकास को मिली और अधिक तेजी : डीडीपीओ

**सोनीपत,** 16 अक्तूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सोनीपत में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) राजपाल चहल ने कहा कि राज्य की लगभग 70 प्रतिशत जनता आज भी ग्रांवों में रहती है, इसलिए गांवों में वो सभी मूलभूत सुविधाएं पूरी होनी चाहिए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। श्री चहल ने कहा कि हरियाणा सरकार भी शहरी तर्ज पर गांवों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में विकास करवाने के लिए सरकार द्वारा ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया, जिसके माध्यम से गांव का हर नागरिक विकास कार्यों से संबंधित अपनी मांगों को इस पोर्टल पर डाल सकता है, जिसपर एक्शन लेते हुए सरकार पोर्टल पर आई मांगों पर संज्ञान लेते हुए गांवों में विकास कार्य पूरा करवा रही है। डीडीपीओ चहल की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में पंचायत विभाग से की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पोर्टलों का प्रशिक्षण देने के लिए पटवारी, ग्राम सचिव और अन्य विभाग के कर्मचारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान डीडीपीओ ने कहा कि आज के डिजिटल युग में पोर्टल हर कार्य में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती विभाग की योजनाओं के लिए प्रयोग होने वाले पोर्टलों से ग्रामीण विकास कार्यों में सरलता और पारदर्शिता आई है। उन्होंने कहा कि आज के समय पोर्टल के माध्यम से गांव का कोई भी नागरिक घर बैठे ये देख सकता है कि उसके गांव में किस विकास कार्य पर कितना पैसा खर्च हुआ है और पंचायत के पास कितना पैसा बचा है।

# प्रादेशिकी

## गुरुकुल के भवन पर कब्जा हटाने का किया गया प्रयास

**फर्रुखाबाद,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। अराजक तत्वों द्वारा भोलेपुर स्थित गुरुकुल को बंद कराकर आर्य समाज मंदिर पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। भोलेपुर में चल रहे गुरु विरजानंद आर्य गुरुकुल के विरुद्ध कुछ अराजक तत्वों द्वारा नित्य नए षडयंत्र किए जा रहे हैं। ये अराजक तत्व कोई और नहीं बल्कि वर्षों से आर्य समाज की दुकानों पर कब्जा जमाए किराएदार ही है। जिन्होंने दशकों से किराया नहीं दिया इनकी मंशा सम्पूर्ण भवन पर कब्जा करने की है। गत वर्ष गुरुकुल के संचालन शुरू होने व आर्य समाज भवन में ब्रह्मचारियों के आने से वेदों के पठन पाठन का कार्य प्रारंभ हुआ तथा नित्य प्रात: व सायं काल योग, यज्ञ संध्या से वातावरण पवित्र हो गया। नगर के अनेकों सम्भ्रांत नागरिक गुरुकुल में आने लगे व ब्रह्मचारियों को सहयोग भी देने लगे।

# दशहरा व दीपावली पर उत्तर प्रदेश को मिलेगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

**लखनऊ,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आगामी दशहरा, धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत प्राप्त होगी।

- **मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी क्षेत्रों के लिए मिलेगी 24 घंटे बिजली**
- **उप्र पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष ने सभी डिस्कॉम को सीएम की मंशा से कराया अवगत**



इसके लिए आवश्यक निर्देश विभाग की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों और डिस्कॉम को दे दिए गए हैं। उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ.आशीष कुमार गोयल ने बताया है कि इन प्रमुख त्योहारों के अवसर पर प्रदेश को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति बेहतर रहे और सभी क्षेत्रों को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो इसके लिए कड़े निर्देश दिये गये हैं। वितरण में लगे अधिकारियों को सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये कहा गया है। डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशकों, मुख्य अभियन्ताओं सहित विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकार की मंशा के अनुरूप नवरात्रि के अवसर पर शक्ति पीठो एवं धार्मिक स्थलों को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सावधानी बरतें साथ ही स्थानीय स्तर पर विद्युत आपूर्ति में आने वाले अवरोधो को भी कम से कम समय में ठीक कराएं। अध्यक्ष ने कहा है कि जर्जर, लटकते तारों और केबिलों को सुव्यवस्थित करते हुए सभी सुरक्षात्मक कार्रवाई कर ली जाये। वोल्टेज फ्लक्चुएशन एवं लो वोल्टेज की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। अप्रत्याशित ब्रेकडाउन होने की दशा में जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति को चालू करने के लिए पर्याप्त संख्या में मरम्मत गैंगों की पहले से ही व्यवस्था कर ली जाए। इसके अलावा टोल फ्री नम्बर पर के जरिए मिलने वाली शिकायतों का भी तत्पर्ता से निस्तारण कराया जाए। डिस्काम स्तर पर तथा जनपद स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चत करा ली गई हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि जिन मार्गों पर जुलूस आदि निकने हो या मूर्ति विसर्जन हेतु बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठे होने की सम्भावना हो वहां अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करके पूरी व्यवस्था बेहतर कर लें।

### समय-समय पर शोहदों के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान

**लखनऊ।** यूपी की बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दृढ़ संकल्पित योगी सरकार की एंटी रोमियो स्क्वायड शोहदों पर कहर बनकर टूट रही है। प्रदेश में शोहदों और मनचलों पर नकेल कसने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। 6 माह के अभियान में 1678 एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा एक्शन लिया गया, इसमें 3324 पुरुष और 4090 महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 30,76,246 स्थानों की चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 1,34,33,261 व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

# शोभित विवि में यूथ पार्लियामेंट का हुआ आयोजन

## एक देश एक चुनाव विषय पर छात्रों ने की चर्चा



- **नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम**
- **देश की विविधता और एकता की सराहना करने के लिए किया प्रोत्साहित**
- **शासन की जटिलताओं के बारे में दी गई जानकारी**

**मेरठ,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। शोभित सम विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ.जयानंद द्वारा की गई। यूथ पार्लियामेंट मे एक देश एक चुनाव विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत वर्ष में लोक सभा व सभी विधान सभाओं के चुनाव एक साथ करने के बारे में जागरूक बहस और चर्चा की गई। सत्र का आरंभ नवनिर्वाचित सांसदों को कार्यालय की शपथ दिलाने और नवनियुक्त मंत्रियों के परिचय के साथ हुआ। संपूर्ण सदन में मानवता और देश के लिए लाभकारी राजनीतिक परिवर्तन की आवश्यकता का महत्वपूर्ण और विचारत्तजक बहस के माध्यम से स्वागत किया। मुख्य प्रतिभागियों ने एक देश एक चुनाव अवधारणा से संबंधित विभिन्न आयामों पर सार्थक चर्चा की। जिसने उन्हें भारत के सामाजिक राजनीतिक मंच की गहरी समझ प्राप्त करने और भारत देश की विविधता और एकता की सरहना करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके अतिरिक्त इस आयोजन ने प्रतिभागियों व दर्शकों को भारतीय संसद के वेधियेका की प्रक्रिया और शासन की जटिलताओं के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रभावी संवाद और महत्वपूर्ण विचार के माध्यम से प्रतिभागियों ने समाज सुधार में योगदान करने की प्रबल इच्छा विकसित हुई। युवा पार्लियामेंट ने विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्रों को एक साथ लाने में सफलता प्राप्त की और विभिन्न दृष्टिकोण को मनाने में मदद की। इस आयोजन के दौरान प्राप्त अनुभव भविष्य के राजनीतकियों को राजनीति और सामाजिक प्रयासों के लिए प्रेरणा और देगा। यह उन लोगों के लिए भी मूल्यवान प्रशिक्षण स्थल साबित हुआ जो सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में अपनी करियर बनाने में रुचि रखते हैं। विशेष रूप से युवा पार्लियामेंट के दौरान हुई चर्चा उन्हें एक देश एक चुनाव का सफल क्रियान्वन के लिए आवश्यक संवैधानिक और कानूनी सुधारो के बारे में प्रतिभागियों के विधिक ज्ञान में वृद्धि की। यूथ पार्लियामेंट की समन्विका डॉ.पल्लवी जैन रही। इस अवसर पर विधि विभाग के निदेशक प्रमोद कुमार गोयल, सभी विभागों के डीन एवं निदेशक तथा विधि विभाग के सभी शिक्षक गण एवं छात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**सार** संक्षेप

## समीक्षा बैठक में नए सदस्य बनने पर विचार विमर्श



**मवाना/हस्तिनापुर।** सोमवार को नगर स्थित कृष्ण मंदिर में भारतीय किसान यूनियन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमे समीक्षा अधिकारी जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी एवं एनसीआर महासचिव नरेश की उपस्थिति में संगठन के विस्तार और सदस्यता पर विचार विमर्श किया गया। बैठक का संचालन हर्ष चाहल ने किया। सरंक्षक मदनपाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वार्षिक समीक्षा के साथ संघठन सदस्यता एवम विस्तार अभियान पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि संघठन समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी संघठन के जिम्मेदारों से विस्तृत संघठन सदस्यता विस्तार अभियान पर चर्चा की गई प्रस्ताव पारित किया गया जल्द सभी सदस्यता अभियान को तेजी से चलाकर सदस्यता शुल्क जमा किया जाएगा सभी से एकजुट रहने की अपील की गई पूरा प्रस्ताव बनाकर राष्ट्रीय नेतृत्व को भी भेज दिया गया है। नरेश मवाना ने कहा कि सभी एकजुट होकर कार्य करते रहे किसान संघर्षों के विरुद्ध एकजुट रहे ।

## एएस कॉलेज में जल्द होगा सेमिनार का आयोजन

**मवाना।** आज ए एस इंटर कॉलेज मवाना में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना के कमांडिंग ऑफिसर पहुंचे और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मृदुल मित्तल, सूबेदार मेजर मनोज कुमार व हवलदार राजीव सिंह ने प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह के साथ विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। केयर टेकर दलबीर सिंह ने एनसीसी ऑफिस में स्टोर रूम कनेक्शन कराया। कमांडिंग ऑफिसर व प्रधानाचार्य के बीच एनसीसी कैडेट्स की ट्रेनिंग प्रोग्राम व उनके उचित चयन ट्रैकिंग व फायरिंग आदि पर विचार विमर्श किया गया। कमांडिंग अफसर कर्नल मृदुल मित्तल ने बताया कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन सेना में इस विद्यालय से होने चाहिए।

# मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप के नाम एक और उपलब्धि




- **ग्लोबल बिजनेस एंड एजुकेशन अवॉर्ड्स से सम्मानित एमपीएस**
- **शिक्षा क्षेत्र में त्रुटिहीन योगदान का प्रतीक है पुरस्कार**
- **स्कूल प्रबंधन में खुशी की लहर, बधाई देने वालों का लगा तांता**

**मेरठ,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्कूल श्रृंखला होने के लिए मेरठ पब्लिक स्कूल को प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्लोबल बिजनेस एंड एजुकेशन अवाड्र्स 2023 से सम्मानित किया गया। प्रबंध निदेशिका केतकी सिंह शास्त्री को विशिष्ट क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और उल्लेखनीय उपलब्धियों की मान्यता में नई दिल्ली के द्वारिका स्थित होटल विवांता में आयोजित वैश्विक व्यापार और शिक्षा पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित सम्मान वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्कूल श्रृंखला होने के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्लोबल बिजनेस एंड एजुकेशन अवाड्र्स 2023 से सम्मानित किया गया है।

ग्लोबल एजुकेशन अवाड्र्स 2023 शिक्षा क्षेत्र में उनके त्रुटिहीन योगदान का प्रतीक है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार उन शिक्षकों को मान्यता देते हैं जिन्होंने छात्रों को ज्ञान के पहलुओं का पता लगाने के अवसरों और संसाधनों से लैस करके उनके लक्ष्यों को अपनाने में मदद की है। पूरे वर्ष असाधारण प्रयासों और योगदान के लिए प्रतिष्ठित जूरी पैनल की सावधानीपूर्वक समीक्षा और अनुशंसा के बाद पुरस्कार का चयन सावधानीपूर्वक किया गया है। अध्यक्ष तारा चंद शास्त्री, सह संस्थापक कुसुम शास्त्री, प्रबंध निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री ने इस तरह के प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने के लिए मेरठ पब्लिक स्कूल समूह के सभी कर्मचारियों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण और योगदान के लिए बधाई दी है। मेरठ पब्लिक स्कूल समूह अपने छात्रों, अभिभावकों और सम्मानित शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं, जिनके प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई।

प्रबंधन और शुभचिंतकों का समर्थन और प्रोत्साहन, हमें उच्च ऊंचाइयों को जारी रखने के लिए प्रेरित और केंद्रित रखता है।

# विश्व खाद्य दिवस पर वेंक्टेश्वरा में संगोष्ठी आयोजित




**मेरठ,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में विश्व खाद्य दिवस पर फसलों के सुरक्षित भण्डारण एवं पोषण सुरक्षा विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान एवं शोध परिषद भारत सरकार एवं पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा" पर विस्तार से चर्चा करते हुए उत्पादित फसलों के उचित भण्डारण एवं पोषण सुरक्षा पर मंथन करते हुए किसानो की आय दोगुनी करने के उपायों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समूह चौयरमेन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, सुदृढ़ कृषि नीति से किसानो की आय को दोगुना कर भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के चौधरी चरण सिंह सभागार में विश्व खाद्य दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ समूह चौयरमेन सं स्पीकर प्रो. रामआसरे सिंह, प्रभारी कुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलपति डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने सरस्वती मां के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. तेजपाल सिंह, पंतनगर के डॉ. सीपी सिह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरिधर, सीए विकास भाटिया, डॉ. एसएन साहू, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. श्वेता गुप्ता, डॉ. माता प्रसाद, डॉ. लक्ष्मीकान्त, डॉ. असिया वाहिद, सिद्धार्थ, कौशल कुमार, एसएस बघेल, संजीव राय, प्रीतपाल, परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, डॉ. संजय तिवारी, दीपक कुमार, ब्रजपाल सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# औद्योगिक भ्रमण करने पहुंची विनायक विद्यापीठ की छात्राएं



**मेरठ,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। जिसमें गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने गॉडविन होटल का भ्रमण किया। संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान निदेशक इंजि. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, बीएससी गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष दीपिका शर्मा, सहायक प्रोफेसर आकृति शर्मा, नीतू विहान, मानसी चौधरी, तोफ्दिा सैफी एवं अजय तिवारी मौजूद रहे। इस भ्रमण के दौरान छात्राओं को होटल के संपूर्ण संचालन के संबंध में जानने का अवसर मिला जिसमे उनको फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, खाद्य एवं पेय सेवा, खाद्य उत्पादन, मानव संसाधन, लेखा विभाग और आईटी विभाग मुख्य थे। छात्राओं ने होटल के कर्मचारियों के साथ बातचीत की और होटल की संचालन प्रणाली के बारे में पूछा और भोजन तैयार करना, परोसना, खाना बनाना आदि कार्य भी सीखे। संस्थान के निदेशक इंजि. विकास कुमार ने गॉडविन होटल के जनरल मैनेजर तिलक शर्मा एवं उनकी टीम का धन्यवाद किया। इस भ्रमण का नेतृत्व आई टी के हेड अजय तिवारी द्वारा किया गया।

# सिलेंडर में आग लगने से मची अफरा तफरी



- **खाना बनाते समय हुआ हादसा**
- **मौके पर पहुंचा दमकल विभाग क दल**

**मवाना,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)।। नगर स्थित तहसील मुख्यालय पास घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इसीपुर आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

जानकारी के अनुसार नगर की मोहल्ला हीरालाल निवासी कैलाश पुत्र रामपाल के घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया लिया। पीड़ित ने बताया कि सोमवार सुबह उसकी पुत्री गोदाम से सिलेंडर को लगाकर लेकर आई। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर अचानक सिलेंडर में आग लग गई जिसमें रसोई में रखा समान जलकर नष्ट हो गया आग लगने की सूचना पर मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई।

# चौपाल लगाकर सनी महिलाओं की समस्याएं

**मवाना,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को ग्राम पंचायत बना में मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकार तथा कानून के प्रति जागरूक किया गया। पंचायत घर में चौपाल लगाकर महिलाओं की शिकायत सुनी गई। चौपाल में संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी समस्या के समाधान हेतु मौके पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। साथ ही महिलाओं को जागरूक करने के लिए शारदीय नवरात्र पर मिशन शक्ति दीदी अभियान की शुरुआत की जा रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी शक्ति दीदी बनकर उनके बीच जाएंगी और महिला संबंधित कानून के बारे में जागरूक करेंगी। सोमवार को ग्राम पंचायत बना के पंचायत घर पर चौपाल लगाकर गांव की महिलाओं की समस्या सुनी गई। चौपाल में महिलाओं को सीएचओ रूपा शर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। थाना इंचौली से आयी महिला सिपाही दीदी प्रकृति मौर्य व प्रियंका ने घरेलू हिंसा वह महिलाओं के साथ होने वाले अपराध हेतु जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत सचिव भूपेन्द्र कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा महिलाओं से योजनाओं का लाभ लिए जाने का आह्वान किया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान भगवती देवी एएनएम बृजेश पंचायत सहायक बबली ज्योति राखी बॉबी सीमा, ओमवीरी, गीता, पूनम, शबनम आदि मौजूद रही।



- **महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति किया जागरूक**

**निर्देश** — *मंडलायुक्त ने तहसील अधिकारियों को दिए थे खनन रोकने के निर्देश*

# मवाना क्षेत्र में दिन में होता रहा खनन, मौके पर पहुंची पीआरवी

**मवाना,16 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंडलायुक्त की सख्ती के बावजूद मवाना तहसील क्षेत्र में कई स्थानों पर दिन में अवैध रूप से खनन हो रहा है। जानकारी मिलने पर डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और कुछ देर बाद खनन करने वालों से बातचीत करके लौट आये। सोमवार को मवाना किला परीक्षितगढ़ रोड़ पर अवैध खनन चलता रहा। पुलिस के सामने मिट्टी के खनन से भरी ट्रैक्टर ट्राली दौड़ती रही। अवैध खनन करने वाले कारोबारी दिन रात धरती का सीना छलनी कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर में धड़ल्ले से हो रहे खुलेआम खनन का जिम्मा अब पीआरवी पुलिस ने संभाल लिया है।**



मवाना तहसील क्षेत्र में हो रहे दिन-रात अवैध खनन को लेकर परेशान ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील मवाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले थाना मवाना, फलावदा, हस्तिनापुर, बहसूमा आदि विभिन्न थानों में दिन-रात खनन माफिया धरती का सीना छलनी करने में जुटे हुए हैं। थाना फलावदा के गांव सकौती निवासी संजीव कुमार ने समाधान दिवस में पहुंची मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी से शिकायत करते हुए अवैध खनन रोकने की मांग की थी। थाना मवाना, हस्तिनापुर, फलावदा एवं बहसूमा आदि क्षेत्रों में जगह जगह हो रहे अवैध खनन की शिकायत मिलने पर मंडलायुक्त ने एसडीएम मवाना को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। एक सप्ताह पहले एसडीएम अखिलेश यादव एवं सीओ आशीष शर्मा ने खनन माफियाओं पर शिकंजा कसती हुए जेसीबी एवं आधा दर्जन से अधिक मिट्टी से भरे डंपर को जब्त करने की कार्रवाई की थी।

- **अफसरों को नहीं दी गई अवैध खनन की सूचना**

इसके बावजूद अवैध खनन करने वाले माफिया दिन में खुलेआम खनन कराने में जुटे हुए हैं। सोमवार को दिनभर खनन माफिया धरती का सीना छलनी करते हुए नजर आए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। एसडीएम अखिलेश यादव ने बताया कि अवैध खनन करने की शिकायतें मिल रही है, शिकायतें मिलने पर कार्रवाई भी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

## जेल में लिखें संजय सिंह के संदेश को घर-घर पहुंचाएगी आप

**मेरठ,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी पश्चिम प्रांत प्रदेश अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका व जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा संजय सिंह की गिरफ्तारी गैर-संवैधानिक है बिना समन के साजिशन उन्हें गिरफ्तार किया गया है 2024 में मोदी इंडिया गठबंधन से चुनाव हार रहे हैं इसी बौखलाहट में इंडिया की मजबूत आवाज संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है।



उन्होंने कहा कि भाजपा के दबाव में ईडी काम कर रही है इसलिए सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करने से पहले समन तक नहीं भेजा गया भाजपा की फितरत रही है जहां जनता वोट नहीं दे रही वहां विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार करा लो संजय सिंह लगातार मोदी अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ते रहे।


## सूचना

सर्वसाधारण को अपने मुवक्किल डीसीबी बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, सी0ए0 भवन, आई0 एम0 ए0 बिल्डिंग, मूलचन्द अस्पताल के पास, बच्चा पार्क, मेरठ कि ओर से एतद्द्वारा सूचित करता हूं कि एक हमारे ऋण ग्राहक मो0 नदीम पुत्र मो0 नसीम निवासी मकान न0 127, स्वीमिंग पूल के पास, मजीद नगर, मेरठ ने अपने एक आवासीय मकान दो मंजिला रकबई 70.16 वर्ग गज, मध्य खसरा न0 3144 स्थित उमर गार्डन, मेरठ शहर को क्रय करने हेतू ऋण लेने के लिए आवेदन किया है।

मेरे समक्ष प्रस्तुत प्रपत्रों के प्रकाश में यह स्पष्ट है कि उक्त मकान से सम्बधिंत एक बैनामां जिससे अब्दुल लतीफ ने मो0 असलम के हक में निष्पादित किया जो बही न0 1 जिल्द 4064 के पृष्ट स0 1/24 के क्रमाकं 6099 दिनाकं 14.08.2008 को उप निबन्धक दितीय मेरठ में दर्ज है। जो कादिर पुत्र जुलफेकार से कही खो गया है। अतः उक्त दस्तावेज का दुरुपयोग अवैधानिक होगा।

यदि किसी व्यक्ति/बैंक या वित्तिय संस्था का कोई दावा या आपत्ति उपरा. `क्त दस्तावेजों के आधार पर निष्पादन/उपरोक्त सम्पत्ति को मो0 नदीम पुत्र मो0 नसीम द्वारा डीसीबी बैंक लिमिटेड में बंधक रखने के संबध में हो तो इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के अंदर मुझसे सम्बंधित दस्तावोजो के साथ सम्पर्क कर सकते हैं इसके बाद कोई भी दावा या आपत्ति नहीं मानी जायेगी/ यदि 07 दिनो के अन्दर किसी व्यक्ति/बैंक या वित्तिय संस्था का कोई एतराज नहीं आता है तो डी0 सी0 बी0 बैक लि0, मेरठ यह उपधारणा करेगा कि उक्त सम्पत्ति हर दशा में भार मुक्त है ।

**–देवेश चन्द्रवंशी एडवोकेट, पता– एफ–1, मेरठ कॉलिज काम्प्लेक्स, आबू नाला रोड निकट कचहरी पुल, मेरठ। (मो0 9837347049)**

# दुनिया रंग-बिरंगी

### गणपत के पहले कभी इतने सारे शेड्स वाले किरदार नहीं निभाए : टाइगर श्राफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ का कहना है कि उन्होंने फिल्म गणपत के पहले कभी इतने सारे शेड्स वाले किरदार नहीं निभाये हैं। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म गणपथ में टाइगर श्राफ के साथ कृति सेनन और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिका है। टाइगर श्रॉफ ने कहा कि फिल्म गणपत में किरदार निभाने का उनका अनुभव अलग था। उन्होंने कहा कि यह बहुत अलग है, मैंने पहले कभी इतने सारे शेड्स वाले किरदार नहीं निभाए हैं। मैं हमेशा एक ट्रैक पर सीधा-सादा हीरो रहा हूं, यह एक डार्क साइड है और बिल्कुल बच्चे जैसा है। गुड कंपनी के सहयोग से पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और विकास बहल द्वारा निर्देशित गणपथ का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने गया है।

## मुझे नहीं लगता कि कोई शाहरुख जैसा रोमांस कर सकता है : रानी मुखर्जी

**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस रानी मुखर्जी अपनी आइकोनिक फिल्म 'कुछ कुछ होता है'



के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके को-स्टार शाहरुख खान ने उन्हें रोमांस करना सिखाया है।

रानी निर्देशक करण जौहर और शाहरुख के साथ फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। शाहरुख के बारे में बात करते हुए 'चलते चलते' फेम एक्ट्रेस ने कहा कि शाहरुख ने मुझे रोमांस करना सिखाया। जब शाहरुख कहते हैं कि युवाओं को रोमांस करने दो, तो मुझे नहीं लगता कि कोई उनके जैसा रोमांस कर सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि जब मैं 17 साल की थी तब मैंने फिल्में करना शुरू कर दिया था और यह हैरानी वाली बात है कि मेरी एक बेटी है जो दिसंबर में आठ साल की होने वाली है। तो, यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे मेरी बेटी इस फिल्म में थी। रानी ने सना सईद का जिक्र किया, जिन्होंने रोमांटिक ड्रामा में अंजलि खन्ना का किरदार निभाया था। फिल्म में अंजलि खन्ना टीना और राहुल की बेटी हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार पर प्यार बरसाने के लिए फैंस को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि टीना को प्यार देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक न्यूकमर थी, शाहरुख और काजोल पहले ही 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' (डीडीएलजे) कर चुके थे, ये जोड़ी शानदार है। रानी ने कहा कि मैं बहुत घबरायी हुई थी कि ऑडियंस यह स्वीकार नहीं करेगी कि अंजलि के रहते राहुल को टीना से प्यार हो गया। लेकिन, वह सब करण की राइटिंग थी, जो उन्होंने लिखा और उसे साकार किया। करण द्वारा लिखित और निर्देशित, 'कुछ कुछ होता है' धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है।

# कश्मीर में इस बार बर्फ का नजारा विस्टाडोम के भीतर से निहारेंगें पर्यटक

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। चाहे घोषणा के छह सालों के बाद ही सही, कश्मीर में इस सप्ताह से बडगाम और बनिहाल के बीच स्वदेश निर्मित विस्टाडोम (ग्लास-टाप) ट्रेन चलने की संभावना है। इसके चलने के बाद कश्मीर में आने वाले टूरिस्ट इस बार बर्फीली वादियों के नजारे को विस्टाडोम के कोच के भीतर से ही निहारेंगें।

■ रेलवे ने अगले सप्ताह से इसे चलाने का लिया है फैसला

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजा गया है और उन्हें मंजूरी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ट्रेन का परीक्षण इस साल की शुरुआत में ही किया जा चुका है और वे इसे चलाने के लिए तैयार हैं। कश्मीर घूमने आने वाले पर्यटक अब वादी के प्राकृतिक सौंदर्य का मजा पारदर्शी शीशे की बड़ी-बड़ी खिड़कियों और शीशे की छत वाली कोच जिसे विस्टाडोम कोच कहते हैं, में बैठ कर ले सकेंगे। विस्टाडोम कोच की सुविधा बनिहाल-बारामुल्ला रेलवे सेक्शन पर उपलब्ध होनी है। पहले इसे कई सालों तक पत्थरबाजों के डर से रोका गया था और इस साल 15 अगस्त को चलाने का फैसला भी लिया गया था। प्रदेश पर्यटन विभाग और रेलवे मंत्रालय की ओर से शुरू की जा रही इस सुविधा का एलान 2017 में जून में तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने किया था। कहा तो यही जा रहा है कि कश्मीर की यात्रा करने वाले पर्यटक अब वहां के विस्मयकारी ग्रामीण परिदृश्य का बखूबी नजारा देख पायेंगे। क्योंकि पर्यटन विभाग और रेलवे, यहां की एकमात्र रेल लाइन पर विस्टाडोम कोच शुरु कर रहे हैं। हालांकि पिछले साल हिमाचल प्रदेश में कालका-शिमला के बीच चलने वाली हिमदर्शन एक्सप्रेस और मुंबई-गांधीनगर शताब्दी में विस्टाडोम कोचों को जोड़ दिए जाने के बाद से ही जम्मू कश्मीर के लोग निराश थे। निराशा इसलिए थी क्योंकि कश्मीर में इसे चलाने की घोषणा 6 साल पहले हुई थी। इसका परीक्षण भी किया जा चुका था। पर कभी कोरोना और कभी पत्थरबाजों के डर से टूरिस्टों के लिए इसे आरंभ ही नहीं किया जा सका था। रेलवे



के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सेवा के संबंध में सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। हम बस मंत्रालय के अंतिम निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं। विशेष ट्रेन, जो श्रीनगर, अवंतीपोरा, अनंतनाग, काजीगुंड और बनिहाल सहित प्रमुख स्थानों पर रुकेगी, से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि होने और स्थानीय निवासियों के यात्रा बोझ को कम करने की उम्मीद है। इस नई सेवा की असाधारण विशेषताओं में से एक वातानुकूलित चेयर कार कोच का समावेश है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यात्री आरामदायक और शानदार यात्रा का आनंद ले सकें। बड़ी कांच की खिड़कियों, कांच की छत, अवलोकन लाउंज और घूमने योग्य सीटों के साथ पारदर्शी वातानुकूलित कोच, जम्मू और कश्मीर में इस तरह की पहली सेवा है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को बनिहाल से बडगाम के बीच लुभावने सुंदर स्थानों का अनुभव कराना है। ट्रेन 110 किलोमीटर की दूरी 90 मिनट में तय करेगी। पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए सीटों को खाने के लिए हवाई जहाज की तरह ही ट्रे से जोड़ा गया है और यात्री यात्रा के दौरान हल्का भोजन उपलब्ध कराने का आर्डर दे सकते हैं।

### लिंक पर क्लिक करते ही महिला खाते में बिना मांगे आया कर्ज का पैसा

## दोगुनी राशि वसूलकर साइबरबुलिंग, सेक्सटॉर्शन का बनी शिकार

**लखनऊ,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। आसान ऋण का ऑफर देखकर उसके बारे में और जानने के लिए लिंक पर क्लिक करना इंदिरा नगर की एक महिला को महंगा पड़ा। उसके खाते में बिना मांगे लोन का पैसा जमा कराकर उससे न सिर्फ दोगुनी राशि वसूली गई बल्कि उसे साइबरबुलिंग और सेक्सटॉर्शन का शिकार भी होना पड़ा। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने सोमवार को कहा कि इंदिरा नगर पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है और 13 अक्टूबर को आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, घटना सितम्बर की है। महिला को अपने मोबाइल फोन पर एक आकर्षक लोन का ऑफर मिला। शुरू में उत्सुकतावश उसने उसके बारे में और जानने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक किया। हालांकि, बाद में जब उसे पता चला कि 3,300 रुपए के लोन के बदले सात दिन के भीतर उसे 6,041 रुपए चुकाने होंगे तो उसने प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। इसके बावजूद



मोबाइल फोन में घुसपैठ कर ली सभी व्यक्तिगत डेटा व गैलरी की तस्वीर

आश्चर्यजनक रूप से उसके बैंक खाते में 3,300 रुपए जमा किए गए, जबकि उसने लोन के लिए सहमति नहीं दी थी। हालांकि उसने स्वीकार किया कि एक दिन पहले ऋण आवेदन प्रक्रिया के दौरान उसने अपने बैंक खाते के विवरण का खुलासा कर दिया था। अगले छह दिनों में उसे कर्ज चुकाने की मांग को लेकर लगातार फोन कॉल आते रहे, जिससे वह हतप्रभ रह गई। डर कर उसने अनिच्छा से एक मोबाइल ऐप के माध्यम से भुगतान किया। हालांकि, उसे तब और गहरा झटका लगा जब अगले दिन उसके बैंक खाते में 5,400 रुपये जमा हो गये और एक सप्ताह के भीतर इसके बदले 9,062 रुपए चुकाने की मांग की गई। उसने कहा कि मैंने कभी भी ऋण के लिए आवेदन नहीं किया था, और फिर भी रहस्यमय तरीके से पैसा मेरे बैंक खाते में जमा कर दिया गया। मैंने इस अनधिकृत जमा के लिए जिम्मेदार कंपनी के अधिकारियों तक पहुंचने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन मेरे प्रयास व्यर्थ रहे। दो दिन बाद, मुझे एक फोन आया, और मैंने कॉल करने वाले को अस्वीकृत लेनदेन के बारे में बताया। मैंने स्पष्टीकरण मांगा और अतिरिक्त पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी धमकी और सेक्सटॉर्शन पर उतर आया। महिला ने आरोप लगाया, उन्होंने मेरे मोबाइल फोन में घुसपैठ कर मेरे सभी व्यक्तिगत डेटा और मेरी गैलरी की तस्वीरों तक पहुंच प्राप्त कर ली। उन्होंने मेरे रिश्तेदारों के मोबाइल नंबर भी प्राप्त कर लिए और मेरा उपहास करते हुए उन्हें अपमानजनक संदेश भेजना शुरू कर दिया। उन्होंने मुझे मेरी खुद की छेड़छाड़ की गई फोटो भेजी और धमकी दी कि यदि मैं पैसे नहीं दूंगी तो वे इसे रिलीज कर देंगे।

## भगवान ने महर्षि नारद जी का मोह किया भंग, नारद ने दिया श्राप

**ग्रेटर नोएडा,**16 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वाधान में गोस्वामी सुशील महाराज के दिशा दिशा निर्देशन में रामलीला का मंचन राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। मंचन की शुरूआत गणेश पूजन के साथ हुई। इसके बाद



नारद मोह का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया भगवान ने माया रच एक सुंदर नगरी बनाई। उसमें एक विश्व मोहिनी नाम की कन्या के विवाह तैयारियों की देव ऋषि नारद जब उस नगर के सामने से निकले तो मोहित हो गए। माया में फंस गए नारद के मन में आया कि क्यों इस कन्या से शादी कर ली जाए, जो पूरे ब्रह्मांड का नायक होगा। देव ऋषि नारद भगवान विष्णु के पास गए उनसे अपना स्वरूप मांगा। भगवान विष्णु ने उन्हें बंदर का रूप दे दिया, क्योंकि देव ऋषि नारद का कल्याण चाहते थे। भगवान विष्णु कन्या स्वयंवर में उस कन्या ने किसी अन्य राजा की गले में माला डाल दी तो भगवान के पार्षद जय और विजय इस पर हंसने लगे, देव ऋषि नारद ने जय और विजय को श्राप दे दिया और भगवान विष्णु को भी श्राप दे दिया कि तुमने जो आज मेरा बंदर का मुख बनाया है यही आगे चलकर तुम्हारी रक्षा करेगा। भगवान विष्णु ने अपना असली रूप दिखाया तो देव ऋषि नारद का मोह दूर हुआ। देव ऋषि नारद को दुख भी हुआ कि मैंने भगवान को श्राप दे दिया। परंतु भगवान ने देव ऋषि नारद को समझाया कि यह सब मेरी इच्छा सेवा है। अहंकार जीव का सबसे बड़ा दुश्मन है। किसी बात का भी अहंकार नहीं करना चाहिए। कथा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर गोस्वामी सुशील महाराज, राजकुमार नागर, शेर सिंह भाटी, संरक्षक हरवीर मावी, प्रदीप शर्मा,बालकिशन सफीपुर, सुशील नागर, अध्यक्ष आनन्द भाटी, महासचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय नागर, धीरेंद्र भाटी मीडिया प्रभारी, उमेश गौतम, महेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## रावण अपनी तपस्या से ब्रह्माजी को किया प्रसन्न, मांगा वरदान, रावण के अत्याचार से साधू संत भयभीत

**ग्रेटर नोएडा,**16 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी साइट 4 ग्रेटर नोएडा में रामलीला मंचन गणेश वन्दना से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जलित कर मंचन की शुरुआत की। विधायक ने कहा कि शहर में अनेकों रामलीला हो रही है लेकिन श्री रामलीला कमेटी द्वारा जो व्यवस्था की गई है बहुत सुन्दर स्टेज बनाया है यह सब तारीफ के लायक है।

लीला मंचन में रावण कुंभकरण विभीषण ब्रह्मा जी की तपस्या करते हैं ब्रह्मा जी प्रकट होकर तीनों भाइयों को वरदान देते हैं उसके पश्चात नारद जी गाना गाते हुए आते हैं और नारद जी हिमगिरी पर्वत पर तपस्या में बैठ जाते हैं उनकी तपस्या देखकर इंद्र भयभीत हो जाता है, उधर रावण वरदान पाकर धरती पर अत्याचार करने लगता है ऋषि मुनि राक्षसों के अत्याचार से दुखी होकर भगवान विष्णु को पुकारते हैं और विष्णु भगवान प्रकट होकर उन्हें दर्शन देकर कहते हैं मैं शीघ्र ही धरती पर जन्म लूंगा और तुम्हारे कष्ट हर लूंगा। कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग ने बताया





17 अक्टूबर की सुन्दर लीला में रावण वेदमती संवाद, विष्णु कौशल्या संवाद, श्री राम जन्म, सीता जन्म, ताड़का वध, सुबाहु वध आदि लीलाओ का मंचन होगा।

इस अवसर पर महासचिव बिजेन्द्र सिंह आर्य ओमप्रकाश अग्रवाल विनोद कसाना कुलदीप शर्मा मुकेश शर्मा हरेन्द्र भाटी सुभाष चन्देल श्यामवीर भाटी के के शर्मा कमल सिंह आर्य मुकुल गोयल अमित गोयल मनोज यादव अनिल कसाना गिरीश जिंदल हरीश जिंदल विकास आर्य रिंकू आर्य राहुल नम्बरदार आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म 'तेजस' के लिए बिल्कुल फिट हैं कंगना रनौत

**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। कंगना रनौत का नाम निडरता और बहुमुखी प्रतिभा के पावरहाउस के रूप में सामने आता है। 'तेजस' में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रेस बिल्कुल



परफेक्ट हैं। कंगना को न केवल अभिनय के लिए बल्कि अपनी कला के प्रति अविश्वसनीय समर्पण के लिए भी जाना जाता है। 'क्वीन' में रानी के किरदार से लेकर 'मणिकर्णिका' में झांसी की रानी तक, उन्होंने सभी भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन किया। 'तेजस' में वह फाइटर पायलट की भूमिका निभा रहीं हैं। इस भूमिका को निभाने के लिए फिजिकल और मेंटर तौर पर काफी मजबूत होने की जरुरत होती है। फाइटर पायलट की भावना अद्वितीय साहस में से एक है। यह एक ऐसी दुनिया है जहां व्यक्तियों को सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जहां सफलता अक्सर बिना सोचे-समझे लिए गए निर्णयों का परिणाम है। तेजस बहादुर महिलाओं को सलाम करती है। स्क्रीन पर कंगना की उपस्थिति और ट्रेलर में दिखाए गए डायलॉग्स ने एक दिलचस्प सिनेमाई अनुभव के लिए सेट तैयार किया।

## मां दुर्गा के अनोखे भक्त, नवरात्र में सीने पर 21 कलश रख करते हैं आराधना

**पटना,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। शारदीय नवरात्र के दौरान शहर से लेकर गांव तक लोग मां दुर्गा की आराधना में जुटे हैं। इस दौरान भक्त मां शेरावाली को प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह से आराधना और साधना में जुटे हैं। ऐसे ही पटना में एक भक्त पुजारी नागेश्वर बाबा हैं जो सीने पर 21 पीतल के कलश रखकर मां की आराधना में जुटे हैं। ऐसा नहीं कि नागेश्वर बाबा कोई यह पहली बार कर रहे हैं। यह उनका 27 वां वर्ष है, जब वे मां की आराधना के लिए ऐसी साधना कर रहे हैं। पटना के सचिवालय स्थित नौलखा मंदिर के पुजारी बाबा नागेश्वर ने रविवार को नवरात्र शुरू होने के साथ सीने पर 21 कलश स्थापित कर लिया। वे अगले नौ दिनों तक निर्जला, बिना नित्यक्रिया के सीने पर कलश लिए लेटे रहेंगे। 64 वर्षीय नागेश्वर बाबा का कहना है कि मानव का कल्याण हो और धर्म की रक्षा हो, इसी निमित वे मां की आराधना करते हैं। उन्होंने कहा कि बस माता का आशीर्वाद है जो मैं उनकी आराधना कर पाता हूं। बताया जाता है कि उन्होंने शुरुआत एक कलश रख कर की थी, फिर इसकी संख्या साल दर साल बढ़ती चली गई। मंदिर के व्यवस्थापक विजय यादव कहते हैं कि नागेश्वर बाबा की आस्था ही उन्हें शक्ति प्रदान करती है। नौ दिनों के बाद जब बाबा उठते हैं तब भी अन्य



दिनों की भांति चलते हैं। कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यह सब माता की कृपा है। विजय यादव ने कहा कि बाबा को देखने के लिए दूर दराज से भी लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा नौलखा मंदिर में लोग मां की पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं।

## 75 साल की हुई हेमा मालिनी

**मंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री हेमा मालिनी आज 75 वर्ष की हो गई। 16 अक्टूबर 1948 को तमिलनाडु के आमानकुंडी में जन्मीं हेमा मालिनी की मां जया चक्रवर्ती फिल्म निर्माता थीं। हेमा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चेन्नई से पूरी की। वर्ष 1961 में हेमा मालिनी को एक लघु नाटक पांडव वनवासम में बतौर नर्तकी काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1968 में हेमा मालिनी को सर्वप्रथम राजकपूर के साथ सपनों का सौदागर में काम करने का मौका मिला। फिल्म के प्रचार के दौरान हेमा मालिनी को ड्रीम गर्ल के रूप में प्रचारित किया गया। बदकिस्मती से फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई लेकिन अभिनेत्री के रूप में हेमा मालिनी को दर्शकों ने पसंद किया गया। हेमा मालिनी को पहली सफलता वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म जॉनी मेरा नाम से हासिल हुई। इसमें उनके साथ अभिनेता देवानंद मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में हेमा और देवानंद की जोड़ी को दर्शकों ने सिर आंखों पर लिया और फिल्म सुपरहिट रही। इसके बाद रमेश सिप्पी की वर्ष 1971 में प्रदर्शित फिल्म अंदाज में भी हेमा मालिनी ने अपने अभिनय से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। वर्ष 1972 में हेमा मालिनी को रमेश सिप्पी की ही फिल्म सीता और गीता में काम करने का अवसर मिला जो उनके सिने करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म की सफलता के बाद वह शोहरत की बुंलदियों पर जा पहुंचीं। उन्हें इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।



हेमा मालिनी ने जब फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा ही था तब एक तमिल निर्देशक श्रीधर ने उन्हें अपनी फिल्म में काम देने से यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उनमें स्टार अपील नहीं है। बाद में सत्तर के दशक में इसी निर्माता-निर्देशक ने उनकी लोकप्रियता को भुनाने के लिए उन्हें लेकर 1973 में गहरी चाल फिल्म का निर्माण किया। सिल्वर स्क्रीन पर हेमा मालिनी की जोड़ी धर्मेन्द्र के साथ खूब जमी। यह फिल्मी जोंड़ी सबसे पहले फिल्म शराफत से चर्चा में आई। वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म शोले में धर्मेन्द्र ने वीरू और हेमामालिनी ने बसंती की भूमिका में दर्शकों का भरपूर मनोंरजन किया। हेमा और धमेन्द्र की यह जोड़ी इतनी अधिक पसंद की गई कि धर्मेन्द्र की रील लाइफ की ड्रीम गर्ल, हेमामालिनी उनके रीयल लाइफ की ड्रीम गर्ल बन गईं। बाद में इस जोड़ी ने ड्रीम गर्ल, चरस, आसपास, प्रतिज्ञा, राजा जानी, रजिया सुल्तान, अली बाबा चालीस चोर, बगावत, आतंक, द बर्निंग ट्रेन, दोस्त आदि फिल्मों में एक साथ काम किया। सत्तर के दशक में हेमा मालिनी पर आरोप लगने लगे कि वह केवल ग्लैमर वाले किरदार ही निभा सकती हैं लेकिन उन्होंने खुशबू, किनारा और मीरा जैसी फिल्मों में संजीदा किरदार निभाकर अपने आलोचकों का मुंह हमेशा के लिए बंद कर दिया।

## सम्मान दिलाने के लिए नगरवधुओं के आंगन की माटी से बनती है दुर्गा प्रतिमा

**प्रयागराज,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा पंडालों में प्रतिष्ठित होने वाली महिषासुर मर्दिनी की प्रतिमा में नगरवधू के आंगन की माटी के महत्व के पीछे सामाजिक तिरस्कार को एक प्रकार से सम्मान प्रदान कर समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का तृण प्रयास है। प्रयागराज जीटीवी नगर दुर्गा पूजा समिति (करेली) के अध्यक्ष प्रदीप दत्ता ने बताया कि हिंदू संस्कृति में कसब (वेश्यावृत्ति) को भले ही गलत और समाज में देह व्यापार करने वाली महिला को घृणा एवं तिरस्कार की नजर से देखा जाता हो, लेकिन नवरात्र के इस पवित्र त्योहार में 'कोठे' के आंगन की माटी के बिना मां दुर्गा प्रतिमा अधूरी मानी जाती है। इस के लिए अलग-अलग तमाम मान्यताएं और कहानियां प्रचलित हैं।

■ दुर्गा पूजा के आध्यात्मिक, धार्मिक और सामाजिक और कई महात्म्य



मान्यता अनुसार जब तक नगरवधू के आंगन की माटी नहीं मिलती है तब तक दुर्गा प्रतिमा का आरंभ अधूरी मानी जाती है, इसीलिए मां पूजा भी स्वीकार नहीं करती हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के लिए ऐसे-ऐसे स्थानों के माटी मिलाए जाते हैं, खासकर नगरवधू के आंगन की माटी से देवी की प्रतिमा बनना इस बात का संदेश है कि समस्त नारी, चाहे वह एक वेश्या ही क्यों न हो, मातृत्व शक्ति का उद्बोधन करती है। वह 'सर्वभूतेषु' हैं दत्ता ने बताया कि नगरवधू अपनी पूरी जिंदगी तिरस्कार झेलती हैं। उसके दर्द को मां दुर्गा महसूस करती है, इसी कारण प्रतिमा में कोठे की माटी का उपयोग कर उनको सम्मान प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। वहीं, कई लोग इस परंपरा को समाज में सुधार और बदलाव की दृष्टि से देखते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का एक जरिया भी माना जाता है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के आध्यात्मिक,धार्मिक और सामाजिक और कई महात्म्य हैं। यह पूजा नारी शक्ति, के प्रति समान आदर-सम्मान और प्रेम को दर्शाता है। भारतीय महाकाव्यों और पुराणों के विशेषज्ञों का मानना है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी की प्रतिमा की स्थापना पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है, जो जगत में सामाजिक सुधारों का पताका लिए किसी मिशन के मानिंद नजर आती है। नामचीन पत्रकार अमिताभ भट्टाचार्य ने बताया कि भारतीय संस्कृति के पर्व-त्योहार और परंपराओं में अनेक संदेश छिपे होते हैं। इसी क्रम में निर्मित होने से पहले दुर्गा प्रतिमा में लगनी वाली माटी से तिरस्कृत नगरवधुओं को सम्मान दिलाने के लिए तृण प्रयास भी एक संदेश है। उन्हें भी यह एहसास हो कि उनका भी सम्मान है और उनका अस्तित्व घृणित नहीं अपितु पवित्र है। इसलिए उनके निवास की माटी का सदुपयोग देवी दुर्गा की प्रतिमा निर्माण के योग्य माना गया है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा वास्तव में बंगाल में काली की पूजा है। शारदीय नवरात्र में उनकी प्रतिमा को पंडालों में स्थापित कर आराधना करने का चलन रहा। उसके बाद जहां भी सनातनी है, पूजा का चलन दुनिया के कोने-कोने में पहुंच गया। बंगाल की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नगरवधु के निवास की माटी से दुर्गा प्रतिमा बनाई जाती है।

भट्टाचार्य ने बताया कि नगरवधु के आंगन के अतिरिक्त पवित्र मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने के लिए और नौ स्थानों की मिट्टी उपयोग में आने की बात बतायी जाती है। पौराणिक कहानियों के अनुसार दुर्गा की मूर्ति को बनाने में कोठे की माटी के उपयोग की मान्यता है जब कोई व्यक्ति नगरवधू के निवास पर जाता है वह अपनी पवित्रता वहीं पर छोड़ जाता है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां) इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.71 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.60 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.20 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.13 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.78 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.94 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.29 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.15 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.14 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## कोर आयात, पूंजीगत वस्तुओं के आयात में गिरावट से घरेलू मांग को लेकर चिंताएं बढ़ीं

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि मुख्य आयात और पूंजीगत वस्तुओं के आयात में गिरावट से घरेलू मांग के परिदृश्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गैर-तेल, गैर-स्वर्ण निर्यात और आयात में कमजोरी घरेलू और बाह्य दोनों ही स्तर पर मांग के माहौल पर चिंता पैदा करती है। इज़रायल और ईरान के साथ भारत के द्विपक्षीय व्यापार संबंध सीमांत हैं। इसके बावजूद युद्ध बढ़ने से मुद्रास्फीति के दबाव में पुनरुत्थान का जोखिम बढ़ जाएगा। अंतत: चालू खाता घाटा (सीएडी) जीडीपी के 1.4 प्रतिशत की हमारी उम्मीद से अधिक बढ़ जाएगा।




हाल के दिनों में राजकोषीय उपाय सक्रिय रहे हैं, जिसके परिणाम स्पष्ट हैं। घरेलू स्तर पर उबले और टूटे हुए चावल के निर्यात पर हाल ही में प्रतिबंध, चावल के निर्यात आंकड़ों में परिलक्षित होता है, जो दिसंबर 2020 में 25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58.6 करोड़ डॉलर रह गया जो दिसंबर 2020 के बाद सबसे कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी तरह, पिछले दो वर्षों में दालों का आयात 89 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़कर उच्चतम 31.5 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। यह दर्शाता है कि फसल में मुद्रास्फीति के दबाव (मासिक आधार पर 4.2 प्रतिशत) को संबोधित करने के लिए आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप मौजूद हैं।

निर्यात के मोर्चे पर, पेट्रोलियम उत्पादों में सबसे ज्यादा 10.6 प्रतिशत सालाना की गिरावट रही। गैर-पेट्रोलियम निर्यात में 0.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख निर्यात वस्तुओं में, रत्न और आभूषण चार साल की चक्रवृद्धि वार्षिक गिरावट 2.9 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहेंगी क्योंकि यह बढ़ोतरी मांग के कारण नहीं है बल्कि तेल उत्पादक देशों द्वारा आपूर्ति में कटौती के कारण हुई है। यदि व्यापार घाटा 20 अरब डॉलर को पार कर जाता है तो चालू खाते का घाटा वित्त वर्ष जीडीपी के 1.4 प्रतिशत की हमारी उम्मीद को पार कर सकता है। वर्तमान में चालू खाता घाटा 19.3 अरब डॉलर है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 12 महीने के निचले स्तर पर

**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेल की बढ़ती कीमतों और इजरायल-हमास युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के बीच भारतीय रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 महीने के निचले स्तर 83.28 पर आ गया। ट्रेडर्स के अनुसार, रुपये को भारी गिरावट से बचाने के लिए आरबीआई बाजार में डॉलर बेचने के लिए समय-समय पर हस्तक्षेप करता रहा है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड लगभग 6 प्रतिशत उछलने के बाद 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब मंडरा रहा है। उधर इज़राइल गाजा में अपने जमीनी हमले को अंजाम देने के लिए तैयार है। ऐसी आशंका है कि अमेरिका और ईरान के शामिल होने से तनाव एक व्यापक भू-राजनीतिक संकट में बदल सकता है। इससे मध्य पूर्व क्षेत्र से तेल के प्रवाह में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। अमेरिका पहले ही दो विमानवाहक पोत भूमध्य सागर में भेज चुका है, जबकि ईरान ने इजराइल की आलोचना करते हुए हमास के समर्थन में बयान जारी किया है।

तीन महीनों में तेल की कीमतें लगभग 30 प्रतिशत बढ़ गईं, जो लगभग दो दशकों में तीसरी तिमाही की सबसे बड़ी बढ़त है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 83 के निचले स्तर पर आ गया है। पिछले सप्ताह जारी आरबीआई के नए आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) अप्रैल-जून तिमाही में सात गुना बढ़कर 9.2 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि पिछली तिमाही में यह आंकड़ा 1.3 बिलियन डॉलर था। तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और वैश्विक बाजारों में मांग में गिरावट के साथ साथ निर्यात में कमी से रुपये पर और दबाव बढ़ेगा। 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में चालू घाटा जीडीपी का 1.1 फीसदी था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, तेल की ऊंची कीमतों, आयात और सेवाओं के निर्यात में मंदी के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में चालू घाटा जीडीपी का 2.4 प्रतिशत हो जाएगा।



## ह्यूंडई मोटर ने की ड्राइव4प्रोग्रेस पहल की घोषणा

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की परोपकारी कार्य करने वाली इकाई ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन ने आज ड्राइवर स्किल डेवलपमेंट इनीशिएटिव 'ड्राइव4प्रोग्रेस ' का एलान किया। इसका उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग देना और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। प्रोजेक्ट के तहत हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में अगले 3 साल में महिलाओं समेत 1,500 से ज्यादा युवाओं को कवर किया जाएगा। हरियाणा स्टेट सीएसआर ट्रस्ट के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव सिंह ने लाभार्थी छात्रों को ट्रेनिंग किट उपलब्ध कराते हुए इस प्रोग्राम का उद्घाटन किया। गैर सरकारी संगठन नवज्योति ट्रांसफॉर्मिंग लाइव्स एंड करियर्स सोसायटी इस प्रोग्राम के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालेगी। नवज्योति के साथ एचएमआईएफ के गठजोड़ के तहत इस प्रोग्राम के माध्यम से गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) समुदाय के प्रशिक्षित ड्राइवरों का एक टैलेंट पूल बनाया जाएगा और उन्हें ट्रांसपोर्टेशन इंडस्ट्री में रोजगार पाने के योग्य बनने के लिए अन्य जरूरी साधन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

श्री सिंह ने कहा कि यह प्रोग्राम देश में स्किल गैप को कम करने के सरकार के लक्ष्य का ही हिस्सा है। ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन की सक्रिय सहभागिता दिखा रही है कि कैसे कॉरपोरेट्स सरकार के साथ मिलकर कुशल कार्यबल की जरूरत को पूरा करने में भूमिका निभा सकते हैं। इससे अंतत: देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा और भारत विभिन्न सेक्टर में स्किल्ड टैलेंट का पावरहाउस बनकर सामने आएगा।

## मध्य पूर्व में तनाव के चलते तेल की कीमतों में उछाल

**हांगकांग,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य पूर्व में संकट को दूर करने के लिए राजनयिक प्रयास तेज होने के बावजूद सोमवार को तेल की कीमतें 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, निवेशकों को चिंता है कि इजरायल-हमास युद्ध से इस क्षेत्र में व्यापक संघर्ष हो सकता है और वैश्विक आपूर्ति में और कमी आ सकती है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा सोमवार को 91.2 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गया, जो 13 अक्टूबर के 90.89 डॉलर से ऊपर है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यह फिलहाल 90.99 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

अमेरिकी बेंचमार्क वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट शुक्रवार के 87.68 डॉलर के भाव की तुलना में बढ़कर 87.98 डॉलर हो गया। इससे पहले



पिछली बार यह 87.77 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को दोनों वायदा में उछाल आया, जब इज़राइल की सेना ने 1 मिलियन से अधिक लोगों को उत्तरी गाजा छोड़ने की चेतावनी दी। इससे हमास के आतंकवादी हमलों के प्रतिशोध में इज़राइल के संभावित जमीनी हमले के बारे में चिंताएं पैदा हो गईं हैं।

रविवार को सीबीएस से बात करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि हालांकि ऐसी कोई नई खुफिया जानकारी नहीं है कि ईरान से खतरे का स्तर बदल गया है, लेकिन 'इस संघर्ष के बढ़ने का खतरा है'। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एएनजेड रिसर्च के विश्लेषकों को उम्मीद है कि बढ़ते जोखिम के कारण तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। उन्होंने एक नोट में लिखा, न तो इज़राइल और न ही हमास एक महत्वपूर्ण तेल आपूर्तिकर्ता है, लेकिन अगर 'संघर्ष व्यापक होता है' तो तेल बाजारों के लिए जोखिम बढ़ जाएगा। 'अगर (ईरान) शामिल हो जाता है, तो प्रति दिन 20 मिलियन बैरल तक तेल सीधे तौर पर और बाधित होने का खतरा हो सकता है।' सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एसपीआई एसेट मैनेजमेंट के प्रबंध भागीदार स्टीफन इन्स ने कहा, 'मध्य पूर्व जोखिम' वैश्विक संपत्ति की कीमतों के परिदृश्य पर हावी हो रहा है।

## सार संक्षेप

### होण्डा मोटरसाइकिल ने लॉन्च की 2023 सीबी300आर, बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज ओबीडी2ए कम्प्लायन्ट 2023 सीबी300आर का लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 2.40 लाख रुपए है। कंपनी ने आज यहां कहा कि राइड के अनुभव को रोमांचक बनाने के लिए अल्टीमेट नियो स्पोर्ट्स कैफ़े रोडस्टर के रूप में तैयार की गई यह मोटरसाइकिल चलाने में मज़ेदार है और राइड का आनंददायी अनुभव प्रदान करती है। उपभोक्ता अपने नज़दीकी बिगविंग डीलरशिप्स पर 2023 होण्डा सीबी300आर के लिए बुकिंग कर सकते हैं। आइकोनिक रेट्रो-थीम पर आधारित सीबी1000आर लीटर-क्लास रोडस्टर के डिज़ाइन से प्रेरित 2023 सीबी300आर होण्डा की अल्ट्रा मॉडर्न मिनिमलिस्टिक मशीन है जो टाइमलैस रोडस्टर डिज़ाइन के साथ आती है। इसका मस्कुलर फ्यूल टैंक और बीफी एक्ज़हॉस्ट नियोस्पोर्ट्स कैफे डीएनए पर आधारित है।

### जियो सिनेमा को पहला एंजेल इन्वेस्टमेंट शो

**नई दिल्ली।** डिजिकोर स्टूडियोज ने दुनिया का पहला एंजेल इन्वेस्टमेंट शो 'इंडियन एंजल्स' लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसकी स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर होगी। कंपनी ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि इंडियन एंजल्स न केवल एंजल निवेशकों को उभरते स्टार्टअप का समर्थन करने का अवसर प्रदान करेगा बल्कि दर्शकों को खुद निवेशक बनने का आमंत्रण भी देगा। इस शो में एंजल निवेशकों का एक पैनल है, जिनमें से प्रत्येक ने मामूली शुरुआत करते हुए जबरदस्त सफलता हासिल की है। इसमें इंश्योरेंसदेखो के फाउंडरऔर सीईओ अंकित अग्रवाल; टीएसी - द आर्युवेद कंपनी की सीईओ और सह संस्थापक श्रृद्धा सिंह, वैल्यू 360 के संस्थापक और निदेशक कुणाल किशोर, काइनेटिक इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजिंक्य फिरोदिया, ईज माय ट्रिप के को-फाउंडर श्रीकान्त पिट्टी और शोबिटम की सह-संस्थापक और चीफ प्रॉडक्ट ऑफिसर अपर्णा त्यागराजन शामिल हैं।

### ज़ोमैटो के बाद अब स्विगी ने खाने के ऑर्डर के लिए शुल्क बढ़ाकर 3 रुपए किया


**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलेवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने भी फूड ऑर्डर के लिए प्लेटफॉर्म शुल्क 2 रुपए से बढ़ाकर 3 रुपये कर दिया है। स्विगी के एक प्रवक्ता ने सोमवार को आईएएनएस को बताया, 'प्लेटफ़ॉर्म शुल्क पर कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है। यह उद्योग में एक आम बात है'। प्रवक्ता ने कहा, 'जिन शहरों में हम काम करते हैं उनमें से अधिकांश में प्लेटफ़ॉर्म शुल्क अभी 3 रुपए है। फिलहाल, प्लेटफ़ॉर्म शुल्क केवल स्विगी की फूड डिलेवरी सेवा पर लागू होता है, इंस्टामार्ट ऑर्डर पर नहीं। अप्रैल में, कंपनी ने कार्ट वैल्यू की परवाह किए बिना, प्रति ऑर्डर 2 रुपये का प्लेटफ़ॉर्म शुल्क पेश किया था। अगस्त में, स्विगी प्रतिद्वंद्वी ज़ोमैटो ने भी अपना प्लेटफ़ॉर्म शुल्क शुरुआती 2 रुपए से बढ़ाकर 3 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया। ज़ोमैटो ने ज़ोमैटो गोल्ड यूजर्स से प्लेटफ़ॉर्म शुल्क लेना शुरू कर दिया, जिन्हें पहले छूट दी गई थी।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

**मुंबई,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। इसराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के कारण आर्थिक विकास को लेकर उपजी चिंताओं के दबाव में विश्व बाजार के गिरने से स्थानीय स्तर पर नेस्ले, टीसीएस, रिलायंस, मारुति और एसबीआई समेत 19 कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 115.81 अंक टूटकर 66166.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.30 अंक फिसलकर 19731.75 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.25 प्रतिशत चढ़कर 32,387.42 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत उठकर 38,316.11 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3953 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2033 में लिवाली जबकि 1746 में बिकवाली हुई वहीं 174 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 कंपनियां हरे जबकि 27 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के नौ समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान एफएमसीजी 0.28, वित्तीय सेवाएं 0.04, हेल्थकेयर 0.47, आईटी 0.10, दूरसंचार 0.74, बैंकिंग 0.11, रियल्टी 0.39, टेक 0.32 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.17 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.10, जापान का निक्केई




2.03, हांगकांग का हैंगसेंग 0.97 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत उतर गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 45 अंक उतरकर 66,238.15 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 66,039.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 66,342.75 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एक बार फिर बिकवाली हुई और यह संभल नहीं पाया और अंत में पिछले दिवस के 66,282.74 अंक के मुकाबले 0.17 प्रतिशत गिरकर 66,166.93 अंक रह गया। निफ्टी 14 अंक फिसलकर 19,737.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,691.85 अंक के निचले जबकि 19,781.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,751.05 अंक की तुलना में 0.10 प्रतिशत गिरकर 19,731.75 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की 19 कंपनियों में बिकवाली जबकि अन्य में लिवाली हुई। नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में नेस्ले इंडिया 1.94, टीसीएस 1.29, एशियन पेंट 1.15, इंडसइंड बैंक 1.14, भारती एयरटेल 0.91, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.55, एचडीएफसी बैंक 0.47, रिलायंस 0.33, विप्रो 0.23, मारुति 0.17, टाटा मोटर्स 0.16, एसबीआई 0.08 और आईसीआईसीआई बैंक 0.07 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.71, टाटा स्टील 1.60, एचसीएल टेक 1.20, एक्सिस बैंक 1.13, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.78, पावरग्रिड 0.69, एनटीपीसी 0.56, टाइटन 0.49, एलटी 0.46, इंफोसिस 0.19 और आईटीसी के शेयरों ने 0.09 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## गोदरेज इंटेरियो ने किया अपने पोर्टफोलियो का विस्तार

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। फर्नीचर और इंटीरियर सॉल्यूशंस ब्रांड गोदरेज इंटेरियो दिल्ली-एनसीआर में अपने ग्राहकों के लिए अधिक बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुये उसने चालू वित्तीय वर्ष में उत्तरी बाज़ार में 15 नए स्टोर शुरू किए हैं, जिससे पूरे उत्तरी बाज़ार में स्टोरों की कुल संख्या 35 हो गई है। गोदरेज समूह की कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के इस ब्रांड ने आज यहां कहा कि इसके अतिरिक्त इको फर्नीचर रेंज के लॉन्च के साथ उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2025 तक दिल्ली-एनसीआर में इको रेंज फर्नीचर श्रेणी में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। जैसे-जैसे त्योहारी सीजन से पहले उपभोक्ता मांग बढ़ रही है, गोदरेज इंटेरियो ने भी अपने ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ और निर्बाध खरीदारी अनुभव सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन उपस्थिति के साथ अपनी ताकत मजबूत की है।

गोदरेज इंटेरियो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बी2सी) देव सरकार ने कहा, 'सेंचुरियन ब्रांड, गोदरेज इंटेरियो के पास पूरे देश में एक मजबूत ब्रांड रिकॉल और महत्वपूर्ण ग्राहक आधार है। घरेलू फर्नीचर बाजार के रूप में दिल्ली-एनसीआर में 15 प्रतिशत से अधिक की लगातार वार्षिक वृद्धि हो रही है, बेडरूम फर्नीचर, लिविंग रूम फर्नीचर, मॉड्यूलर किचन, होम स्टोरेज, गद्दे और अंदरूनी स्टैंडअलोन आवासों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, हम इन बदलते रुझानों को भुनाने और हमारी बाजार उपस्थिति का विस्तार करने के लिए तैयार हैं। विशेष घरेलू फर्नीचर और घरेलू भंडारण समाधानों की शुरूआत के साथ, हम इस वित्तीय वर्ष में दिल्ली-एनसीआर में ब्रांड को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान में, दिल्ली-एनसीआर में संगठित फर्नीचर क्षेत्र में हमारी 18 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है और हम अगले तीन वर्षों के भीतर 35 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का इरादा रखते हैं।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 17 रिंगिट की तेजी लेकर 3731 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की गिरावट लेकर 54.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## बायजू 19 महीने बाद इस सप्ताह दाखिल करेगा वित्त वर्ष 2021-22 के परिणाम

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। एडटेक प्रमुख बायजू ने सोमवार को कहा कि 19 महीने बाद उसे इस सप्ताह के अंत तक वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित करने की उम्मीद है। कंपनी ने आईएएनएस को दिए एक बयान में कहा कि समूह की सभी सहायक कंपनियों का ऑडिट पूरा हो चुका है और इसे स्वीकार कर लिया गया है। कंपनी ने कहा, 'बायजू की मूल कंपनी, थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड को कंपनी में कुछ सकारात्मक विकास के लिए इस सप्ताह समेकित परिणामों को अपनाने की उम्मीद है।' कंपनी के लंबे समय से ऑडिटर रहे डेलॉइट ने इस साल जून में वित्त वर्ष 2020-21 में बायजू के खातों के लिए राजस्व पहचान के तरीकों के साथ कुछ चिंताओं को चिह्नित किया था,




और वित्त वर्ष 2021-22 के परिणाम घोषित करने में देरी का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था।

बायजू सितंबर में वित्त वर्ष 2021-22 के वित्तीय परिणाम दाखिल करने की अपनी समय सीमा से पहले चूक गया था। कंपनी ने 'वित्त वर्ष 2021-22 के लिए परणिाम की मंजूरी और उसे स्वीकार करने के लिए' अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में एक बोर्ड बैठक बुलाई थी।

एड-टेक कंपनी ने इस साल की शुरुआत में अपने निवेशकों और ऋणदाताओं से कहा था कि वह सितंबर तक अपने वित्त वर्ष 2021-22 के वित्तीय विवरण दाखिल करेगी। बायजू भी आने वाले सप्ताहों में 'बिजनेस रीस्ट्रक्चरिंग एक्सरसाइज' के तहत चार-पांच हजार कर्मचारियों की छंटनी करने जा रहा है।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा था, 'हम परिचालन संरचनाओं को सरल बनाने, लागत आधार को कम करने और बेहतर नकदी प्रवाह प्रबंधन के लिए व्यवसाय पुनर्गठन अभ्यास के अंतिम चरण में हैं।' कंपनी के अनुसार, बायजू के भारतीय कारोबार के नए सीईओ अर्जुन मोहन अगले कुछ सप्ताह में इस प्रक्रिया को पूरा करेंगे और एक नए तथा टिकाऊ संचालन को आगे बढ़ाएंगे। एडटेक प्रमुख 80 करोड़ डॉलर 100 करोड़ डॉलर के बीच जुटाने के लिए अपनी कम से कम दो सहायक कंपनियों एपिक और ग्रेट लर्निंग को बेचने पर भी विचार कर रही है। ऐसी खबरें हैं कि कंपनी ने अपने बकाया 1.2 अरब डॉलर टर्म लोन बी (टीएलबी) को चुकाने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है।


इससे पहले असंख्य समस्याओं का सामना कर रहे एडटेक यूनिकॉर्न बायजू के लिए सोमवार को कुछ खुशी की बात यह थी कि आकाश चौधरी कथित तौर पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के सीईओ के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं, जिसे बायजू ने अप्रैल 2021 में लगभग एक अरब डॉलर में हासिल किया था।

# खेल जगत

## इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात : राशिद खान

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मैच जीतना टीम के लिए बहुत बड़ी बात है और उम्मीद है कि इस परिणाम से उनके समर्थक भी खुश होंगे। रविवार के मैच की बात करें तो, अफगानिस्तान ने अपने वनडे विश्व कप इतिहास में सिर्फ एक बार 2015 में जीत हासिल की थी। राशिद ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह जीत हमारे लिए एक बड़ा जश्न है।

अफगानिस्तान में उस तरह की स्थिति नहीं है, जहां लोग जश्न मना सकें। मुझे लगता है कि क्रिकेट ही एकमात्र स्रोत है जो उन्हें बहुत सारी खुशियां देता है। हमने बहुत सारे गेम हारे हैं लेकिन फिर भी हमें उनसे जिस तरह का समर्थन मिला वो शानदार है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात थी, घर पर हमारे फैंस को हम पर गर्व होगा।




## जम्पा के जाल में फंसी श्रीलंका 209 रन पर सिमटी




लखनऊ 16 अक्टूबर (वार्ता) पथुम निसंका (61) और कुसल परेरा (78) के बीच 125 रन की ठोस शुरुआत के बावजूद श्रीलंका की पारी आईसीसी विश्व कप के मौसम बाधित मुकाबले में सोमवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ 43.3 ओवर में 209 रन पर सिमट गयी।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने सतर्क शुरुआत करते हुये दो विकेट पर 157 रन बना लिये थे और ऐसा लग रहा था कि आसान खेल रही पिच पर श्रीलंका 300 के आसपास स्कोर खड़ा कर लेगी मगर निसंका और परेरा के आउट होने के बाद एडम जम्पा (47 रन पर चार विकेट) की फिरकी में फंस कर मध्यक्रम के बल्लेबाज अपने विकेट देने की जल्दी में दिखे और पूरी टीम 209 रन बना कर पवेलियन लौट गयी।

श्रीलंका के सात खिलाड़ी दहाई के स्कोर तक भी पहुंचने में नाकाम रहे। पैट कमिंस ने 32 रन देकर दो विकेट झटके जबकि एक दुनिथ वेल्ललागे को रन आउट किया वहीं मिचेल स्टार्क ने 43 रन पर दो विकेट और ग्लेन मैक्सवेल ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

निसंका और परेरा ने पहले विकेट की साझीदारी में करीब छह रन प्रति ओवर की गति से 125 रन जोड़े। कंगारू टीम की पहले विकेट की तलाश 22वें ओवर में पूरी हुयी जब पैट कमिंस की शार्ट पिच गेंद को उड़ाने के प्रयास में निसंका डीप स्कावयर लेग पर खड़े डेविड वार्नर को कैच थमा बैठे। परेरा भी कमिंस की गेंद पर क्लीन बोल्ड आउट होकर चलते बने।सेट बल्लेबाजों के आउट होने के बाद आस्ट्रेलिया की गेंदबाजी में और पैनापन आ गया। एडम जम्पा ने लगातार दो ओवरो में कप्तान कुसल मेंडिस (9) और सदीरा समराविक्रमा (8) का विकेट झटक कर मैच का रूख अपनी टीम की ओर मोड दिया।

इस बीच हल्की बारिश के कारण खेल को रोक दिया गया। करीब 29 मिनट बाद खेल शुरू होते ही मिचेल स्टार्क ने पहली ही गेंद पर धनंजय डिसिल्वा (7) को शिकार बनाया जबकि वेल्ललागे को कमिंस ने शानदार थ्रो के जरिये रन आउट कराया। चमिका करुणारत्ने और महीस थीक्षणा जम्पा की गेंद पर चकमा खाते हुये पगबाधा करार दिये गये। आखिरी बल्लेबाज के तौर पर लाहिरू कुमारा (4) को स्टार्क ने क्लीन बोल्ड आउट किया।

## क्रिकेट सहित पांच खेल लॉस एंजिल्स 2028 में शामिल




**मुंबई** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट (टी20) सहित बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश को शामिल किये जाने की सोमवार को औपचारिक घोषणा की।

आईओसी के 141वें सत्र की बैठक में समिति ने आज महिला पुरुष क्रिकेट (टी20) बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश को लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक खेल में शामिल किये जाने को लेकर आईओसी सदस्यों मतदान किया। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा कि समिति के 99 सदस्यों में से केवल दो सदस्यों ने पांच खेलों को लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में शामिल किये जाने के प्रस्ताव का विरोध किया और एक ने मतदान में भाग नहीं लिया। पांचों खेलों को शामिल किये जाने की घोषणा के साथ ही ये खेल लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेल के कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। इसके पहले 1900 के ओलंपिक में केवल एक बार क्रिकेट खेला गया था। आईओसी ने सीमित ओवरों के क्रिकेट के महिला और पुरुष ट्वेंटी-20 फॉर्मेट को शामिल किये जाने की मंजूरी दी गई है। फ्लैग फुटबॉल अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है, पांच टीमों के लिए अमेरिकी फुटबॉल का एक गैर-संपर्क संस्करण है। बेसबॉल-सॉफ्टबॉल को हाल ही में टोक्यो 2020 के ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया था, जहां मेज़बान जापान ने दोनों स्वर्ण पदक जीते थे। लैक्रोस स्टिक और लैक्रोस बॉल के साथ खेला जाता है । यह कनाडा और उत्तरी अमेरिका में खेला जाता है। यह उत्तरी अमेरिका का सबसे पुराना संगठित खेल है, जिसकी उत्पत्ति उत्तरी अमेरिका के स्वदेशी लोगों के साथ 12वीं शताब्दी में हुई थी। स्क्वैश एक रैकेट खेल है जिसे दो खिलाड़ी (युगल के लिए चार खिलाड़ी) एक छोटी गेंद से चार दीवारों वाले कोर्ट में खेला जाता है।

### क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने से बढ़ेगा खेल का कद : शाह

मुंबई। आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के आईओसी के फैसले का स्वागत करते हुये बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय आयोजन में क्रिकेट की भागीदारी निस्संदेह खेल के वैश्विक कद को बढ़ाएगी। शाह ने सोमवार को जारी बयान में कहा, बीसीसीआई क्रिकेट को ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने के आईसीसी के प्रयासों का कट्टर समर्थक रहा है। हम इस महत्वपूर्ण अवसर को देखकर रोमांचित हैं, जो खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। क्रिकेट को बढ़ावा देने में हमारी सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण रही है। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की पहल भारत के 2036 ओलंपिक की मेजबानी के विचार के अनुरूप है। उन्होने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम के पास अद्वितीय वैश्विक प्रशंसक आधार है और इस प्रतिष्ठित चतुष्कोणीय आयोजन में उनकी भागीदारी निस्संदेह खेल के वैश्विक कद को बढ़ाएगी। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 और चीन के हांगझाउ में एशियाई खेल 2022 में क्रिकेट की उपस्थिति सुनिश्चित करने में हमारा योगदान महत्वपूर्ण था। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से इस खेल के लिए नए मोर्चे खुलेंगे। बीसीसीआई सचिव ने कहा, हमारा अनुमान है कि इस निर्णय से महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ मिलेगा और हमारे खेल के इको-सिस्टम पर गहरा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह ढांचागत विकास को बढ़ावा देगा, प्रतिस्पर्धा को तेज़ करेगा, युवा विकास को बढ़ावा देगा और अधिकारियों एवं पेशेवरों के लिए अवसर पैदा करेगा।

## भारत ने नीदरलैंड को 4-2 से हराया




**नीदरलैंड,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपने पहले अंतरराष्ट्रीय दौरे पर गयी भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम ने रविवार शाम नीदरलैंड अंडर-16 टीम को 4-2 से हराया हालांकि महिलाओं को नीदरलैंड अंडर-16 महिला टीम से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग में उप-कप्तान आशु मौर्य ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को बढ़त दिला दी थी। नीदरलैंड्स ने हाफटाइम से पहले स्कोर बराबर करने के लिए वापसी की और कड़ी मेहनत की बदौलत बढ़त भी ले ली। हालाँकि, दीपक प्रधान ने भारत के लिए स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबले के अंतिम मिनटों में आशु मौर्य और राहुल राजभर ने एक के बाद एक गोल करके भारत को जीत दिला दी।

भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम के कोच सरदार ने कहा, यह टीम के लिए एक बड़ी जीत है। हमे इस जीत पर बहुत गर्व है। महिलाओं के खेल में, भारत हाफ टाइम तक नीदरलैंड्स से 0-1 से पीछे था। काजल आर ने तीसरे क्वार्टर में भारत के लिए बराबरी का स्कोर बनाने के लिए अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, नीदरलैंड ने लगातार चार गोल करके जवाब दिया, इससे पहले कप्तान भाव्या ने अंतिम क्वार्टर में भारत के लिए मैच का दूसरा गोल किया। इसके तुरंत बाद नीदरलैंड ने एक और गोल कर यह सुनिश्चित कर दिया कि भारत मैच 2-6 से हार जाए।

भारत की पूर्व कप्तान और भारतीय सब जूनियर महिला टीम की कोच रानी ने कहा, यह हमारे लिए एक और हार हो सकती है, लेकिन हम लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। विदेशी परिस्थितियों में खेलना एक चुनौतीपूर्ण उपलब्धि है, खासकर हमारी सब जूनियर लड़कियों के लिए।

## सोंग काई चीन फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये



**बीजिंग,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। वरिष्ठ खेल अधिकारी सोंग काई को सोमवार को चीन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएफए) के 12वें सदस्यता सम्मेलन में अध्यक्ष चुना गया। पूर्वोत्तर चीन के लियाओनिंग प्रांत में खेल प्रशासन के प्रमुख सोंग(58) जून से सीएफए चुनाव के लिए तैयारी समूह के उप प्रमुख के रूप में काम कर रहे हैं। सोंग ने कहा, हम भविष्य में अधिक एकजुट, अधिक मेहनती, अधिक खुला, अधिक पारदर्शी और अधिक साहसी सीएफए विकसित करने का पूरा प्रयास करेंगे। सन वेन, युआन योंगकिंग, यांग जू और जू जिरेन को सीएफए के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया, चीनी महिला फुटबॉल की दिग्गज सन एकमात्र उपाध्यक्ष हैं जो 11वें सदस्यता सम्मेलन से अपने पद पर बनी हुई हैं। 50 वर्षीय युआन, जिन्हें सीएफए महासचिव भी नामित किया गया है, को चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन में सेवा करने का पिछला अनुभव है। यांग, चीनी सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं, उन्हें भविष्य में चीन की पेशेवर फुटबॉल लीग की देखरेख का काम सौंपा गया है। जू शिन्हुआ समाचार एजेंसी के वरिष्ठ खेल पत्रकार हैं। अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के अलावा, सम्मेलन में चुनी गई नई 20 सदस्यीय कार्यकारी समिति में महिला स्टार फुटबॉलर वांग शुआंग, पूर्व पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान झेंग झी और चीनी सुपर लीग (सीएसएल) क्लबों, स्कूलों, संघ और फुटबॉल से संबंधित अन्य क्षेत्र, स्थानीय फुटबॉल के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में, चीन के सामान्य खेल प्रशासन के पूर्व उप प्रमुख डु झाओकाई, पूर्व सीएफए अध्यक्ष चेन ज़ुयुआन, साथ ही कई अन्य वरिष्ठ चीनी फुटबॉल अधिकारी रिश्वत लेने के आरोप में जांच के दायरे में थे।

## अफगानिस्तान से मिली शर्मनाक हार का ठीकरा जोस बटलर ने पिच पर फोड़ा!

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हाथों विश्व कप मैच में उलटफेर का शिकार हुए मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम उस स्तर पर नहीं खेल पा रही, जैसे खेलना चाहिए। रविवार को मैच में बटलर ने लक्ष्य का पीछा करने का विकल्प चुना और बांग्लादेश पर जीत से अपनी प्लेइंग-11 को बरकरार रखा।

अफगानिस्तान को 284 रन पर आउट करने के बाद इंग्लैंड की बल्लेबाजी बेहद खराब रही और 215 रन पर उनकी पूरी टीम पवेलियन लौट गई। राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने तीन-तीन विकेट लिए। अफगानिस्तान के खिलाफ इस हार के बाद इंग्लैंड को मौजूदा प्रतियोगिता के तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनके खिताब की रक्षा मुश्किल स्थिति में आ गई। मैच के बाद बटलर ने कहा, यहां पहले कुछ मैच देखने के बाद जाहिर तौर पर भारत अपने लाइनअप में अतिरिक्त सीमर के साथ गया था, हमने सोचा कि विकेट इसी तरह होगा और शायद दूसरे हाफ में ओस आएगी, लेकिन नहीं मुझे लगता है कि हमारे पास जो भी लाइन-अप था, हम उतने अच्छे नहीं थे और हमने अच्छा नहीं खेला और इसका पूरा श्रेय अफगानिस्तान को जाता है, वे जीत के हकदार हैं। उन्होंने अफगानिस्तान से हार को एक बड़ा झटका बताया और अपनी टीम से अपना आत्मविश्वास न खोने की अपील की, क्योंकि इंग्लैंड को अब सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका पाने के लिए अपने शेष छह लीग चरण मैचों में से कम से कम पांच जीत की जरूरत है।

## नीदरलैंड के साथ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के पास अपने रनरेट में सुधार करने का मौका



धर्मशाला 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका अपने रनरेट में सुधार कर तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा।

विश्वकप में नीदरलैंड की टीम ने अब तक दो मुकाबले खेले हैं और दोनों मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अपने दोनों मैच में जीत दर्ज की है। विश्वकप तालिका में दक्षिण अफ्रीका प्लस 2.360 रनरेट के साथ चार अंक है।

दक्षिण अफ्रीका ने अपना आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीता था। अफ्रीकी टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक दो मुकाबलों में दो शतक लगा चुके हैं। गेंदबाजी में कगिसो रबाडा और केशव महाराज अच्छी लय में हैं। ऐसे में नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका कोई बदलाव करना नहीं करना चाहेगा। दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में अब तक सात मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें छह मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। दोनों टीमों के बीच आखिरी एकदिवसीय मुकाबला इस वर्ष दो अप्रैल को खेला गया था। यह मुकाबला दक्षिण अफ्रीका ने 146 रन से जीता था। नीदरलैंड को सुपर चार में पहुंचने के लिए यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। नीदरलैंड की टीम में बास डी लीडे और विक्रमजीत सिंह अच्छे खिलाड़ी हैं जो कि दक्षिण अफ्रीका को परेशानी में डाल सकते हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका अपने रनरेट में सुधार करना चाहेगा। नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज विक्रमजीत सिंह ने 10 मुकाबलों में 390 रन बनाए हैं। बास डी लीडे ने नौ मैच में 46.25 की औसत से 370 रन और एडेन मार्करम ने 10 मुकाबलों में 638 रन बनाए हैं। मार्को येन्सन ने 10 मुकाबलों में 16 विकेट झटके हैं। केशव महाराज के नाम छह मुकाबलों में 12 विकेट है। डी लीडे ने नौ मुकाबलों में 20 विकेट लिये हैं।

## अफगानिस्तान ने चैंपियन इंग्लैंड को हरा किया सबसे बड़ा उलटफेर

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर (देशबन्धु)। सलाामी बल्लेबाज रहमतुल्लाह गुरबाज और इकराम अलीखिल के तूफानी अर्द्धशतकों तथा मैन ऑफ द' मैच ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान (28 रन, 3/51) के हरफनमौला खेल से अफगानिस्तान ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को यहां रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में 69 रन से हरा बड़ा उलटफेर किया। न्यूजीलैंड के हाथों हार से आगाज करने वाली इंग्लैंड की यह तीन मैचों में दूसरी हार थी । वहीं अफगानिस्तान ने अपने शुरू के दो मैच हारने के बाद पहली जीत दर्ज की । अनुभवी लेग स्पिनर आदिल रशीद (3/42) और नौजवान बल्लेबाज हैरी ब्रूक्स (66) का अर्द्धशतक भी इंग्लैंड को चार मैचों में दूसरी हार से नहीं बचा पाया। सच तो यह है कि अपने जज्बे और जीवट से अफगानिस्तान की टीम वाकई जीत की हकदार थी। ऑफ स्पिनर मुजीब रहमान ने पहले तो निचले क्रम में मात्र 16 गेंदों में 28 रन की तूफानी पारी खेली और फिर नई गेंद से गेंदबाजी का आगाज करते हुए अपने चौथे ओवर की पांचवीं गेद पर इंग्लैंड के स्पिन को खेलने में सबसे माहिर बल्लेबाज जो रूट(11), नौवें ओवर में क्रिस वॉक्स (9) और दसवें और आखिरी ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले हैरी ब्रूक्स (66) के विकेट निकाल अफगानिस्तान की इस ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखी। अफगानिस्तान के धमाकेदार आगाज के बाद बीच के ओवरो मे लेग




स्पिनर आदिल राशिद के तीन विकेट चटकाने को छोड़ कर पूरे मैच मे रविवार को पूरे मैच में इंग्लैंड की टीम जूझती नजर आई। अकेले संघर्ष करने वाल हैरी ब्रूक्स ने अपना अर्द्धशतक 45 गेंद सात चौको की मदद पूरा किया।

रहमतुल्ला गुरबाज (80 रन, 57 गेंद, चरी छक्के, आठ चौके) के तूफानी अर्द्धशतक और अपने सलामी जोड़ीदार इब्राहिम जादरान(28 रन, 48 गेंद, तीन चौके) के साथ पहले विकेट के लिए मात्र 16.4 ओवर में 114 रन की भागीदारी के बाद मात्र आठ रन और जोड़ इंग्लैंड के सबसे कामयाब लेग स्पिनर आदिल रशीद (3/42) द्वारा बुने स्पिन के जाल के सामने बीच के ओवर में तीन विकेट गंवाने के बावजूद विकेटकीपर बल्लेबाज इकराम अलीखिल (58 रन,66 गेंद, दो छक्के, तीन चौके) के निचले क्रम में तेज अर्द्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान ने खासे हिचकौले लेते हुए पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 49.5 ओवर में पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 284 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान (3/51), मोहम्मद नबी (2/16)और अनुभवी लेग स्पिन स्पिनर राशिद खान (3/37) की त्रिमूर्ति ने त्रिमूर्ति ने इंग्लैंड को 40.3 ओवर में मात्र 215 रन पर पर ढेर कर यह बड़ी जीत दर्ज की। इंग्लैंड को सस्ते में समेटने में उसकी स्पिन त्रिमूर्ति के साथ उसके तेज गेंदबाज फजल फारुकी (1/50) और नवीन उल हक (1/44) ने उनका खूब साथ निभाया। इंग्लैड के सलामी बल्लेबाज डेविड मलान (32) नौजवान हैरी ब्रुक्स (66) और निचले क्रम में आदिल राशिद(20) ने अफगानिस्तान के खिलाफ कुछ टिकने का जज्बा दिया। एक समय गुरबाज तूफानी शतक और अफगानिस्तान को बड़े स्कोर की ओर ले जाते लगे। लेग स्पिनर आदिल रशीद के स्पिन के जाल से निकलने की कोशिश में इब्राहिम जादरान उनकी गेंद को उड़ाने के फेर में मिडविकेट पर जो रूट को कैच थमा बैठे और इसी के साथ उनकी गुरबाज की खतरनाक होती पहली विकेट की भागीदारी 17 वें ओवर में टूट गई।

## सार संक्षेप

### दर्शक दीर्घा में गिरा बैनर,खेल में पड़ी खलल

**लखनऊ।** श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व कप मुकाबले में सोमवार को कुछ समय के लिये व्यवधान पड़ा जब तेज आंधी के बीच एक फ्लैक्सी बैनर उड़कर दर्शक दीर्घा में जा गिरा। दरअसल,श्रीलंका की पारी का 43वां ओवर चल रहा था कि करीब छह बजे स्टेडियम के ऊपरी सिरे पर लगे फ्रेम से उखड़ कर एक हल्का फ्लेक्सी बैनर उड़ कर दर्शक दीर्घा में गिर गया। इससे दीर्घा में अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया और दर्शक गैलरी से बाहर जाते दिखे। यह नजारा देख कर दोनो टीमों के खिलाड़ी भी हतप्रभ रह गये और इस कारण करीब तीन मिनट तक खेल रुका रहा।स्टेडियम प्रशासन का कहना है कि तेज हवा के कारण एक बैनर फ्रेम से उखड कर दर्शक दीर्घा में गिरा था। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### विजय वॉरियर्स टीम ने श्री अग्रसेन क्रिकेट लीग जीती

**पुणे।** श्री महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सोमवार को विजय वॉरियर्स ने रॉकी इलेवन को छह रनों से हराकर श्री अग्रसेन क्रिकेट लीग ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजय वॉरियर्स टीम ने सात ओवर में 7 विकेट पर 71 रन बनाए। जवाब में रॉकी इलेवन 65 रन पर आउट हो गई। महिला वर्ग में टीम फिटनेस मंत्रा ने ओएसआर स्मैशर्स को हराकर जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में तेजस बंसल मैच ऑफ द प्लेयर्स रहे जबकि महिला वर्ग में सोनिया अग्रवाल मैच ऑफ द प्लेयर्स रहीं। यह टूर्नामेंट 18 समूहों में खेला गया जिसमें 12 पुरुष समूह, 04 महिला समूह और 02 लड़कों के समूह शामिल थे। फाइनल गंगाधाम मार्केट यार्ड के डाउनटाउन मैदान में आयोजित किया गया। फाइनल गंगाधाम मार्केट यार्ड के डाउनटाउन मैदान में आयोजित किया गया।

### विश्व कप क्वालीफायर : ब्राजील के कैसेमिरो का उरुग्वे के खिलाफ खेलने पर सस्पेंस

**रियो डी जनेरियो।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कैसेमिरो टखने में मोच के कारण मंगलवार को उरुग्वे के खिलाफ ब्राजील के फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे। 31 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले गुरुवार को वेनेजुएला के साथ ब्राजील के 1-1 से ड्रा के दौरान चोट लगी थी और कुइआबा में खेल के 79वें मिनट में उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वह तब से सामान्य रूप से प्रशिक्षण लेने में असमर्थ हैं, जिससे मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता पर संदेह पैदा हो गया है। यदि कैसेमिरो समय पर ठीक होने में विफल रहते हैं, तो फ्लूमिनेंसे मिडफील्डर आंद्रे या फ्लेमेंगो के गेर्सन को मंगलवार को शुरुआती बर्थ सौंपी जा सकती है।